
जबलपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025 ■ वैशाख मास कृष्ण पक्ष-13/14 ■ वर्ष : 19, अंक : 349 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 40 न्यून.22 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## पाक को सबक सिखाने की 'पूरी तैयारी'



### यह भी केंद्र के निर्देश

खाद्य पदार्थों की सप्लाई चेन दुरुस्त रहे। प्राइस कंट्रोल कमेटी की बैठक में तय हो कि चीजों की कीमतें न बढ़ें

1 शुक्रवार को सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी श्रीनगर पहुंचे, उन्होंने वहां सीमा पर अग्रिम चौकियों का निरीक्षण किया

2 इस बीच त्राल और बिजबहेड़ा में पहलगाम अटैक में शामिल रहे दो आतंकियों के घर उड़ा व ढहा दिए गए

## गृहमंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात कर दिए निर्देश

# वीजा कैंसिल... पाकिस्तानियों को खोज-खोजकर वापस भेजें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से बात की। शाह ने मुख्यमंत्रियों से कहा है कि वे अपने-अपने राज्यों से पाकिस्तान के लोगों को जल्द से जल्द हटाएं। पहलगाम हमले के बाद गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान से जुड़े सारे वीजा कैंसिल करने के निर्देश दिए हैं। भारत ने अटारी-वाघा बॉर्डर को बंद करने का भी फैसला लिया है। भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को इस रास्ते से लौटने के लिए एक मई तक का वक्त दिया गया है। भारत में पाकिस्तानी हाईकमीशन में तैनात पाकिस्तानी डिफेंस एडवाइजर्स को देश छोड़ने के लिए एक हफ्ते का समय दिया है। साथ ही दोनों हाई कमीशन में तैनात कर्मचारियों की संख्या 50 से घटाकर 30 कर दी थी। इस बीच शुक्रवार को सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी श्रीनगर पहुंचे। उन्होंने वहां सीमा पर अग्रिम चौकियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ सैन्य अधिकारी प्रतीक शर्मा व प्रशांत श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। इधर, दिल्ली में अमित शाह के घर पर दोपहर में फिर एक बड़ी आपात बैठक हुई।

आतंकियों व साजिशकर्ताओं को इस बार भारत पूरी तरह से नेस्तानाबूद करेगा। भारत ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। अमेरिका, रूस, इजराइल, ब्रिटेन व फ्रांस जैसे देशों ने भारत की किसी भी कार्रवाई का समर्थन किया है।



सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी

### उधर, कठुआ में दिखाई दिए चार संदिग्ध

कठुआ के चन्नी इलाके में रेलवे ट्रैक यार्ड के पास शुक्रवार को चार संदिग्ध व्यक्ति देखे गए हैं। इस बात की जानकारी कुछ महिलाओं ने दी। पुलिस और सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है।

### पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने स्वीकारा सच


**कहा- पाकिस्तान 30 साल से कर रहा है गंदा काम**



आखिरकार पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने स्वीकार किया है कि उनका देश आतंकवाद का समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा कि हम करीब तीन दशक से अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं।

### पाक के डिप्टी पीएम का शर्मनाक बयान

**पहलगाम हमले के आतंकियों को बताया स्वतंत्रता सेनानी**



पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने पहलगाम के आतंकियों को स्वतंत्रता सेनानी करार दिया है। इस्लामाबाद में पत्रकारों से डार ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम जिले में हमले करने वाले लोग स्वतंत्रता सेनानी हो सकते हैं।

### चश्मदीद ने पहचाना स्केच वाला आतंकी

**बोली- खच्चर राइड उसी ने कराई थी**

जौनपुर की रहने वाली एकता तिवारी ने दावा किया है कि पहलगाम हमले से पहले 20 अप्रैल को स्केच में दिख रहे दो संदिग्धों ने उन्हें खच्चर की सवारी कराई थी। एकता के मुताबिक बातचीत में उन्होंने हथियार, ब्रेक फेल और प्लान ए-बी का जिक्र किया। एकता ने धर्म संबंधी सवाल और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को देने की बात कही है।

त्राल



बिजबहेड़ा



### पहलगाम हमले के बाद तगड़ा एक्शन

**आतंकी आसिफ का घर ब्लास्ट से उड़ाया, आदिल के घर पर चला बुलडोजर**

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबलों का बड़ा एक्शन सामने आया है। पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों के खिलाफ पीएम नरेंद्र मोदी ने कड़े एक्शन का वादा किया था। इसके बाद से सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा अभियान छेड़ दिया है। इस दौरान त्राल में जम्मू-कश्मीर पुलिस आतंकी आसिफ के घर पहुंची। बताया जा रहा है कि उसके घर में विस्फोटकों का जखीरा था, जिसमें धमाका हुआ।


### पहलगाम हमले के पीड़ितों से राहुल गांधी ने की मुलाकात



**बोले- हमला भाई को भाई से लड़ाने का विचार**

विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के घायलों और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। राहुल गांधी ने कहा कि मैं यहां यह जानने आया हूं कि क्या हो रहा है और मदद करने आया हूं। हम सरकार द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। जो कुछ हुआ है उसके पीछे समाज को बांटने, भाई को भाई से लड़ाने का विचार है। और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हर एक भारतीय एकजुट हो, एक साथ खड़ा हो, ताकि हम आतंकवादियों द्वारा की जा रही कोशिशों को विफल कर सकें।




## खबर संक्षेप

### एनएसई पीड़ितों को देगा आर्थिक मदद



**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस अमानवीय हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों की सहायता के लिए एनएसई ने 1 करोड़ रुपए की मदद देने की घोषणा की है, प्रत्येक परिवार को करीब 4 लाख प्रदान किए जाएंगे।

### इसरो के पूर्व प्रमुख कस्तूरीरंगन का निधन



**बेंगलुरु।** इसरो के पूर्व अध्यक्ष कृष्णस्वामी कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। बेंगलुरु आवास पर उन्होंने 84 साल की आयु में अंतिम सांस ली। सुबह 10 बजे के करीब उनकी मौत हुई। रविवार को अंतिम संस्कार से पहले रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। कस्तूरीरंगन सबसे लंबे समय तक इसरो चीफ के पद पर कार्यरत रहे हैं।

### सावरकर विवाद पर राहुल को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# स्वतंत्रता सेनानियों पर टिप्पणी करने की किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ उत्तर प्रदेश की एक ट्रायल कोर्ट की ओर से जारी समन को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। राहुल को उनके खिलाफ दायर विनायक दामोदर सावरकर मानहानि मामले में समन किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को विनायक दामोदर सावरकर पर उनकी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी के लिए फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। हालांकि, शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश में उनकी टिप्पणी के लिए दर्ज मामले में राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने राहुल गांधी को भविष्य में इस तरह के कोई भी बयान न देने की चेतावनी भी दी, क्योंकि शीर्ष अदालत इस तरह की टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान ले सकती है।



**राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक**

**सिंघवी की दलील पर सुप्रीम कोर्ट का पलटवार**

सिंघवी ने अदालत से कोई टिप्पणी न करने का आग्रह किया और कहा कि राहुल गांधी का समूहों के बीच दुश्मनी पैदा करने का कोई इरादा नहीं था। पीठ ने पलटवार करते हुए कहा कि आप स्वतंत्रता सेनानियों के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं करते। जब आपको भारत के इतिहास के बारे में कुछ भी पता नहीं है, तो आपको ऐसी कोई टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

### श्रीमहाकाल मंदिर में मोबाइल पूरी तरह बैन

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में अब मोबाइल का इस्तेमाल करते पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। मंदिर प्रबंधन ने मंदिर के साथ ही परिसर में भी मोबाइल के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। तीन स्थानों पर स्थित लॉकर में जमा करना होगा। आदेश में कहा गया कि सुरक्षा और धार्मिक माहौल बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। मोबाइल का इस्तेमाल करने पर कार्रवाई होगी।

# 9वीं की छात्रा के साथ आइसक्रीम में नशीला पदार्थ खिलाकर गैंगरेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

■ पेट दर्द होने पर कराया था भर्ती, तब हुआ खुलासा

जिले के मायापुर थाना क्षेत्र में एक हॉस्टल की छात्रा के साथ गैंग रेप की वारदात सामने आई है। इसका खुलासा तब हुआ जब गुरुवार को छात्रा को पेट में दर्द हुआ और उसे ब्लीडिंग के चलते खनियांधाना के स्वास्थ्य केंन्द्र में भर्ती कराया गया। जांच के बाद पता चला की छात्रा दो माह की गर्भवती है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों में से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लया है। वहीं एक व्यक्ति अभी भी फरार है। बताया गया है कि 15 वर्षीय छात्रा अपने गांव से करीब 20 किलोमीटर दूर सरकारी हॉस्टल में रहकर 9वीं कक्षा में पढ़ रही थी। इसी दौरान फोन और मैसेंजर के जरिए उसकी मुलाकात पिपरौदा आलम गांव निवासी विवेक यादव और जितेंद्र चंदेल से हुई। इसके बाद दोनों ने छात्रा के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया।

### शिवपुरी में छत पर गिरा धातुनुमा टुकड़ा

# मकान के अंदर हुआ 10 फीट गहरा गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

■ ग्वालियर एयरफोर्स की टीम मौके पर पहुंची

शुक्रवार को जिले के पिछोर थाना क्षेत्र में ठाकुर बाबा कॉलोनी में एक मकान की छत पर आसमान से धातु का टुकड़ा गिरा, जिससे छत के नीचे मौजूद दो कमरों के परखच्चे उड़ गए। हादसा इतना भयानक था कि तेज आवाज के साथ मकान के अंदर करीब 10 फिट का गड्ढा हो गया। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे की घटना है। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे ।

**फाइटर प्लेन का है टुकड़ा?**

मामले की जानकारी ग्वालियर एयरफोर्स को दे दी है। एयरफोर्स की टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है। वह हादसे की जांच कर रही है। एसपी अमर सिंह राठौर ने कहा कि टीम मौके पर आ चुकी है। अभी जांच कर रही है। टीम ने बताया है कि यह धातु का टुकड़ा फाइटर प्लेन से ही गिरा है। लेकिन बम गिरा है या कुछ और यह अभी क्लियर नहीं हुआ है।


### भारत के ताबड़तोड़ एक्शन का असर

# पाकिस्तान का स्टॉक मार्केट क्रैश पीएसएक्स की वेबसाइट हुई बंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के शेयर मार्केट में तबाही का माहौल है। पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) में शुक्रवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। लगातार दो कारोबारी सेशन में 2500 से अधिक अंक की गिरावट आई है। शुक्रवार को कारोबार शुरू होने के पांच मिनट के भीतर कराची स्टॉक एक्सचेंज का सबसे प्रमुख इंडेक्स, जिसमें पाकिस्तान की टॉप लिस्टेड कंपनियां शामिल होती हैं केएसई-100 में 2.12 परसेंट का शार्प फॉल देखा गया। इसके बाद इंडेक्स 114,740.29 पॉइंट पर आ गया। इसके अलावा पीएसएक्स की वेबसाइट कुछ समय के लिए ऑफलाइन हो गई। वेबसाइट पर 'वी विल बैक सून' का मैसेज दिखने लगा। भले ही यह दावा किया गया कि वेबसाइट की रूटीन मेंटेनेंस का काम जारी है, लेकिन समय-समयपर बाजार में गिरावट के अफवाहों को हवा मिली और निवेशकों में और खौफ पैदा हो गया।






## भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में तेज गर्मी

### खजुराहो और नौगांव सबसे ज्यादा गर्म रहे

# आज से बारिश का अलर्ट

## रतलाम समेत 13 जिलों में चलेगी लू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में 26 अप्रैल से बारिश का दौर शुरू होगा, जो 3 दिन तक चल सकता है। पश्चिमी विक्षोभ और ट्रफ की वजह से मौसम बदलेगा। हालांकि, प्रदेश के बड़े हिस्से में तेज गर्मी रहेगी और लू भी चलेगी। इससे पहले गुरुवार को छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव सबसे ज्यादा गर्म रहे। खजुराहो में 44.6 डिग्री और दमोह में पारा 43.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पचमढ़ी को छोड़ दें तो सभी शहरों में पारा 40 डिग्री से अधिक ही रहा। पचमढ़ी में तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**कहीं हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति**


मौसम विभाग ने शनिवार को प्रदेश के 13 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। इनमें रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी शामिल हैं। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन-जबलपुर समेत अन्य शहरों में तेज गर्मी रहेगी।

**भोपाल, इंदौर ग्वालियर में पारा 40 डिग्री के पार**

प्रदेश में शुक्रवार को तेज गर्मी रही। भोपाल समेत कई शहरों में दिन इतने गर्म रहे कि सड़कों का डामर तक पिघल गया। छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव सबसे ज्यादा गर्मी वाले टॉप-2 शहर रहे।

## खबर संक्षेप

### पाक में बम विस्फोट, 4 सैनिकों की मौत, 3 घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा शहर में सड़क किनारे एक बम धमाके में 4 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ये हमला सुरक्षा कर्मियों को ले जा रहे एक वाहन के पास हुआ। स्थानीय पुलिस प्रमुख नवीद अहमद ने बताया कि हमला बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में हुआ। किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### भारतीय की ऑस्ट्रेलिया में गोली मारकर हत्या



**पटियाला।** पटियाला के 18 साल के युवक की ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान पटियाला के राजपुरा शहर के गुलाब नगर कॉलोनी के रहने वाले एकम सिंह साहनी (18) पुत्र अमरिंदर सिंह साहनी के रूप में हुई है। आस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स शहर में कार पार्किंग में यह घटना हुई।

## शिमला समझौते का निलंबन कर पाकिस्तान ने अपने ही पांव पर मारी कुल्हाड़ी

# अब एलओसी को मानने के लिए बाध्य नहीं भारत 'नियंत्रण रेखा' पार कर कभी भी करेगा कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान की ओर से भारत संग द्विपक्षीय समझौतों को स्थगित करने के अधिकार का उपयोग बिना सोच-विचार के उठाया गया है। इसके निलंबन से पाकिस्तान ने अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। दरअसल, दोनों के बीच 1972 में हुए शिमला समझौते का निलंबन आतंकियों के पनाहगाह पाकिस्तान को भारी पड़ सकता है। शिमला समझौते का मुख्य बिंदु नियंत्रण रेखा (एलओसी) की पवित्रता को बनाए रखना है।

समझौता निलंबित होने का अर्थ है कि कोई भी पक्ष एलओसी को मानने के लिए बाध्य नहीं है और भारत एलओसी को पार कर कोई भी कार्रवाई कर सकता है। दरअसल, पाकिस्तान के पीएम कार्यालय से गुरुवार को जारी बयान का अहम बिंदु है कि पाकिस्तान भारत के साथ सभी द्विपक्षीय समझौतों को स्थगित करने के अधिकार का प्रयोग करेगा। इसमें शिमला समझौता भी शामिल है और यह कार्रवाई केवल इसी तक सीमित नहीं है।

> भारत और पाकिस्तान के बीच 1972 में हुए शिमला समझौते का निलंबन आतंकियों के पनाहगाह पाकिस्तान को भारी पड़ सकता है। शिमला समझौते का मुख्य बिंदु नियंत्रण रेखा (एलओसी) की पवित्रता को बनाए रखना है। समझौता निलंबित होने का अर्थ है कि कोई भी पक्ष एलओसी को मानने के लिए बाध्य नहीं है।

**समझौते का असर**

- भारत पीओके में अधिक आक्रामक रणनीति अपना सकता है
- भारत कश्मीर पर अपनी नीतियों को और मजबूत कर सकेगा



**2 जुलाई 1972 को हुआ था शिमला समझौता**

1971 में भारत-पाक युद्ध के बाद पाकिस्तान के 90 हजार से ज्यादा सैनिकों को युद्ध बंदी बनाया गया था। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में सुधार, पाक युद्ध बंदियों को छुड़ाने की कवायद शुरू हुई। फिर दोनों देशों के बीच बेहतर संबंध के लिए 2 जुलाई 1972 को शिमला में एक समझौता हुआ। दोनों देशों ने 17 सितंबर 1971 को युद्ध विराम के रूप में मान्यता दी।

**अब एलओसी अस्तित्व में नहीं**

बयान का अर्थ समझें तो पाकिस्तान यह कह रहा है कि अब एलओसी अस्तित्व में नहीं है। इसका मतलब है कि भारत एलओसी पार कर सकता है। शिमला समझौते ने एलओसी को स्थायी सीमा के रूप में मान्यता दी थी। इसके तहत दोनों देशों ने बल प्रयोग न करने और नियंत्रण रेखा का सम्मान करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

**हिमाचल राजभवन से हटाया ऐतिहासिक टेबल पर रखा पाकिस्तान का स्मृति झंडा**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राजभवन से शिमला समझौते के ऐतिहासिक टेबल पर रखा पाकिस्तान का स्मृति झंडा हटा दिया गया है। 2 जुलाई 1972 को भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर संबंध बनाने के लिए शिमला में समझौता हुआ था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



## मेलोनी और मैंक्रो ने की पीएम मोदी से बात

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को जताया समर्थन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने गुरुवार रात पीएम नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर बात की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति दुख जताया। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में इटली के पूर्ण समर्थन की बात दोहराई। पीएम मोदी ने उनके इस समर्थन और आतंक के खिलाफ स्पष्ट संदेश की सराहना की। मेलोनी के अलावा ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो ने भी पीएम मोदी से फोन पर बात की। कीर स्टार्मर ने कहा कि इस आतंकी हमले से वे बेहद परेशान हैं। उन्होंने ये भी कहा कि वे पीएम मोदी से लगातार संपर्क में बने रहेंगे।

**जहां भी जरूरत होगी, हम तैयार**

*फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो ने कहा कि भारत के लोग इस तरह के कठिन समय में फ्रांस की एकजुटता और मित्रता पर भरोसा कर सकते हैं। हम हमेशा से आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट रहे हैं और हमेशा एकजुट रहेंगे। मैक्रों ने हमले में मारे गए लोगों के प्रति दुख जताते हुए कहा कि फ्रांस और उसके सहयोगी आतंकवाद के खिलाफ जहां भी जरूरत होगी, लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने पीएम मोदी के साथ हुई बातचीत की जानकारी हिंदी में एक्स पर पोस्ट की।*

**भारत को जो सही लगे, वो करे, हम उसके साथ**

*लंदन। लंदन स्थित इंडिया हाउस में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि ने तो यहां तक कहा है कि भारत इस हमले के जवाब में जो भी कार्रवाई करेगा, उसे हमारा समर्थन रहेगा। उन्होंने कहा कि हम यहां अपना दुख जताने आए हैं।*

## यूएन में उठा पहलगाम आतंकी मामला



# सभी एक सुर में बोले- नागरिकों को निशाना बनाना स्वीकार नहीं

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में भारत की ओर से हुए भविष्य के डिजिटल नागरिक को सशक्त बनाना: एकीकृत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) की ओर विशेष कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के दूतों और नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है और इसे किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

**प्रियजनों के प्रति संवेदनाएं**

अवर महासचिव और डिजिटल क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष दूत अमनदीप सिंह गिल, ब्राजील के उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत नॉरबर्टो मोरेटी और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के मुख्य डिजिटल अधिकारी रॉबर्ट ओप ने भी आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अरुण सुंदरराजन ने कहा कि मैं भारत सरकार और हाल ही में हुए अक्षम्य आतंकी हमले में नुकसान झेलने वाले लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है।

**संयम बरते भारत-पाक: गुटेरस**

यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने भारत और पाकिस्तान की सरकारों से संयम बरतने और हालात को और बिगड़ने से रोकने की अपील की है। गुटेरस के प्रवक्ता स्टेफन दुजारिक ने बताया कि यूएन महासचिव दोनों देशों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। दुजारिक ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुआ आतंकी हमला, जिसमें बड़ी संख्या में आम नागरिक मारे गए, उसकी हम स्पष्ट रूप से निंदा कर चुके हैं।

### बांदीपोरा में मुठभेड़ जारी, एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गुरुवार सुबह से ही मुठभेड़ जारी है। इस बीच जवानों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है। इसके साथ ही आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो सुरक्षाबल के जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने बांदीपोरा जिले के कुलनार बाजीपोरा में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि छिपे हुए आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की गोलीबारी में दो पुलिस कर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में मुठभेड़ में आतंकवादियों का एक ओवरग्राउंड वर्कर मारा गया।

# अटारी-वाघा बॉर्डर पर पाकिस्तान लौटने वालों का लगा भारी तांता

**भारत सरकार के फैसले का असर**




एजेंसी ▶▶ अटारी (पंजाब)

भारत सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द कर अपने मुल्क लौटने के आदेश के बाद से अटारी-वाघा बॉर्डर पर लगातार पाकिस्तानियों की भीड़ बढ़ती जा रही है। इस दौरान पाकिस्तानी नागरिकों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि जिसने भी पहलगाम में लोगों को मारा था वो गलत था और उसकी वजह से मासूम लोगों को भुगतना पड़ता है।

**राजस्थान से वापस जा रहे पाक विस्थापित!**

पाकिस्तान से धार्मिक यात्रा पर आए हिंदू विस्थापितों पर भी पड़ने लगा है। सरकार के फैसले से राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों में बसे हजारों पाक हिंदू विस्थापितों में गहरी चिंता और असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

# एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में होगा टेक निवेशकों के लिए निवेश का सुनहरा अवसर

## ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में कल होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 देश-दुनिया के टेक दिग्गजों के लिए निवेश का स्वर्णिम अवसर होगा। राज्य का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इस कॉन्क्लेव का आयोजन 27 अप्रैल को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में किया जा रहा है।

यह आयोजन जीआईएस-भोपाल में आए निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संजय दुबे ने बताया है कि कॉन्क्लेव राज्य सरकार का दृष्टिकोण समझाने के साथ ही इसके ठोस क्रियान्वयन का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री के निर्देशन में 2 माह में ही कई परियोजनाओं का भूमिपूजन और आईटी इकाइयों के लिए आवंटन पत्र जारी कर दिए हैं।

### देश-दुनिया के टेक-दिग्गज जुटेंगे



### कॉन्क्लेव में यह कंपनियां होंगी शामिल

कॉन्क्लेव में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, सीमेन्स-ईडीए, एएनएसआर, थोलोन्स, योट्टा, सीटीआरएलएस डाटा सेंटर्स, रैकबैंक, नेटलिंक, इफोबीन्स, डेटा इंजीनियस ग्लोबल, केन्स टेक्नोलॉजी, एचएलबीएस टेक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), पंचशील रियल्टी, एंबर एंटरप्राइजेस, केदारा कैपिटल, बॉस्टन इंडिया, प्राइमस पार्टनर्स, वीएलएसआई सोसाइटी ऑफ इंडिया और कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (केडीईएम) समेत अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टेक कंपनियों की भागीदारी होगी। साथ ही मध्यप्रदेश की अग्रणी आईटी एवं स्टार्ट-अप कंपनियां जैसे इंपेटस टेक्नोलॉजीज, अपोइंटी और यश टेक्नोलॉजीज भी इस आयोजन में सम्मिलित होंगी।

### यह संस्थाएं भी कॉन्क्लेव में लेंगी हिस्सा

इस कॉन्क्लेव में एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्टेन्डेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) उद्योग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस आयोजन में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) एवीजी समिति, क्रेजी एनिमेसन्स स्टूडियो, पर्पल टर्टल,एबीएआई, कायरा एनिमेशन्स और सेंटर फॉर एंटरटेनमेंटआर्ट्स जैसी संस्थाएं भी इस कॉन्क्लेव में हिस्सा लेंगी।

### स्किल डेवेलपमेंट सेंटर स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर का होगा शिलान्यास

इंदौर के भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन जैसे शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता से अकादमिक-उद्योग सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में 'नीतिगत घोषणाएं, एमपीएसईडीसी' कॉफी टेबल बुक का विमोचन और ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर्स, सेमीकंडक्टर्स, कॉमिक्स और एक्टेन्डेड रियलिटी और ड्रोन्स से संबंधित नीति-निर्देश जारी किए जाएंगे। कॉन्क्लेव में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, इनक्यूबेशन हब, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर नोड्स, नए आईटी पार्क, स्किल डेवेलपमेंट सेंटर, और स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर का शिलान्यास किया जाएगा।

### राउंड टेबल मीटिंग में रणनीतिक साझेदारी पर होगा संवाद

*सुबह सेक्टोरल राउंड-टेबल्स में जीसीसी, आईटी, आईटीईस, सेमीकंडक्टर्स, ड्रोन्स और एवीजीस-एक्सआर पर चर्चा होगी। इसमें उद्योग जगत और सरकारी अधिकारी रणनीतिक साझेदारी पर संवाद करेंगे। दोपहर बाद मुख्यमंत्री और प्रमुख उद्योगपतियों के बीच वन-ऑन-वन मीटिंग्स होंगी, ताकि निवेश प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति और परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।*

### एकीकृत प्रोत्साहन पोर्टल का होगा शुभारंभ

*राज्य सरकार के एकीकृत प्रोत्साहन पोर्टल का शुभारंभ भी किया जाएगा, जो सभी निवेश परियोजनाओं के लिए रियलटाइम अपडेट और सिंगल विंडो सुविधा प्रदान करेगा। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025, डिजिटल भारत की दिशा में मप्र की अग्रणी भूमिका को सुनिश्चत कर प्रदेश को वैश्विक नवाचार मानचित्र पर प्रदान करेगा।*

### 3 मई को मंदसौर में होगा एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव : मुख्यमंत्री

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि 3 मई को एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव मंदसौर में आयोजित की जा रही है। मालवांचल सहित प्रदेश में कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। उन्नत फसलों और पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। राज्य सरकार किसानों को सोलर पंप प्रदान कर बिजली के बिल से बोझ से उन्हें मुक्त करने के लिए भी कार्य कर रही है। किसान खेती की नई तकनीक की जानकारी प्राप्त करें और नवाचारों से प्रेरणा लें, इस उद्देश्य से कृषि पर केन्द्रित कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश का किसान सम्पन्न होगा तो प्रदेश और देश भी समृद्ध होगा। राज्य सरकार युवा, महिला और किसान के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मीडिया के लिए जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

## खबर संक्षेप



### भागीदारी फर्मों के लिए नए प्रावधान बताए

**भोपाल।** किसी भी भागीदारी फर्म में कम से कम दो एवं अधिक से अधिक 20 भागीदार हो सकते हैं। कोई अवयस्क भी भागीदार बन सकता है, परंतु वह केवल लाभ में भागीदार हो सकता है हानि में नहीं। यह जानकारी टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल के स्टडी सर्किल कार्यक्रम में इंदौर से आए सीए संस्था की केंद्रीय समिति के सदस्य सीए पंकज शाह ने कही। कार्यक्रम के अंत में पहलगाम में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, उपाध्यक्ष बच्चन आचार्य आदि मौजूद रहे।

### एमपी पुलिस की हॉक फोर्स में बढ़ेगा अमला

**भोपाल।** नक्सलियों से निपटने के लिए बनी एमपी पुलिस की हॉकफोर्स के अमले में अब इजाफा होगा। इसके लिए 325 नए पदों को मंजूरी दे गई है। इसकी एक स्पेशल कमांडो यूनिट है। इसमें अभी 1200 जवान है, जो नए पदों के भरने के बाद 1500 से अधिक हो जाएंगे। दरअसल हॉकफोर्स में प्रतिनियुक्ति पर लेकर पद भरने की प्रक्रिया है। जिला पुलिस बल, जीआरपी और एसएएफ से 5 साल की प्रतिनियुक्ति पर जवानों को लिए जाएगा। हॉकफोर्स के जवानों के लिए स्पेशल भत्ता भी निर्धारित है। पुलिस मुख्यालय की नक्सल विरोधी अभियान शाखा ने नए पदों को प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। करीब 2 माह के अंदर उक्त पदों को भर लिया जाएगा।

### मुख्य आयुक्त मोहंती का किया स्वागत



**भोपाल।** टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मृदुल आर्य के नेतृत्व में पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल नवागत सीजीएसटी के मुख्य आयुक्त मानस रंजन मोहंती से मिला और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव मनोज पारख, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य नवनीत गर्ग, संदीप मुखर्जी, केके पांडे, भूपेश खुरपिया उपस्थित थे।

### पदोन्नति आदेश जारी करने आंदोलन 1 मई से

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच द्वारा कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया जारी करने के आदेश प्रसारित करने की मांग को लेकर एक मई मजदूर दिवस से मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड आंदोलन शुरू करेगा। मंच की प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के साढ़े सात लाख कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया नौ साल बाद फिर शुरू करने की मुख्यमंत्री ने घोषणा की है, लेकिन मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद दो मंत्री परिषद की बैठक आयोजित की गई है, लेकिन पदोन्नति प्रक्रिया करने के प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी गई है।

## दो माह के अंतराल से राज्य के अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का होगा आयोजन

# सीएम ने कहा, हर परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराएं

*एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) उद्योगों के माध्यम से प्रत्येक परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार अथवा स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। प्रत्येक जिले की परिस्थिति और उपलब्ध दक्षता के अनुसार गतिविधियों का विस्तार किया जाए। तेल घानी, मसाला-आटा चक्की, कोदो-कुटकी व अन्य मिलेट की प्र-संस्करण इकाई जैसे सूक्ष्म उद्योगों से युवाओं को जोड़ते हुए सम्पूर्ण प्रदेश में समान रूप से उद्यमिता का विस्तार किया जाए।

इसमें खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में विभागी मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि एमएसएमई के लिए उचित वित्त-व्यवस्था और अधोसंरचना, स्वरोजगार योजनाओं और स्टार्ट-अप ईको सिस्टम को सशक्त करते हुए बेहतर विपणन, निर्यात व ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समय-सीमा निर्धारित कर गतिविधियां संचालित की जाए।

**खास बातें**

- प्रदेश के सभी अंचलों में समान रूप से उद्यमिता का हो विस्तार
- परंपरागत उत्पादन गतिविधियों का विशेषज्ञों के सहयोग से उन्नयन किया जाए
- ग्वालियर व्यापार मेला-में 3 हजार 327 करोड़ रुपए का हुआ व्यापार



### 27 जून को इंदौर में एमएसएमई पर केंद्रित भव्य कार्यक्रम आयोजित

*निवेशकों को शासन की नीतियों से अवगत करवाने के लिए जिलेवार कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में विभाग की उपलब्धि लक्ष्य से अधिक रही है। एमएसएमई डे के अवसर पर 27 जून को इंदौर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम पर केन्द्रित भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार सितम्बर माह में भोपाल में स्टार्ट-अप पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित करने की भी योजना है।*

### 55 हजार करोड़ के निवेश से 17 लाख 55 हजार एमएसएमई इकाइयां संचालित

बैठक में जानकारी दी गई कि 55 हजार करोड़ रुपए के निवेश से प्रदेश में 17 लाख 55 हजार पंजीकृत एमएसएमई इकाईयां संचालित हैं। इससे 92 लाख से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में 5 हजार 300 स्टार्ट-अप संचालित हैं, जिसमें से 2500 से अधिक महिलाओं की ओर से संचालित किए जा रहे हैं। अनुपूरक बजट के माध्यम से प्राप्त 1475 करोड़ रुपए की राशि से एमएसएमई इकाईयों के मार्च 2025 तक के लंबित अनुदानों का निराकरण किया जा चुका है। ग्वालियर व्यापार मेला-2025 में 3 हजार 327 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ। निवेशकों को लैण्ड बैंक से अवगत कराने के लिए विभागीय वेबसाइट के माध्यम से जानकारी दी जा रही है, लगभग 1100 से अधिक प्लॉट एक मई से आवंटन के लिए उपलब्ध होंगे।

### कृषि उपज मंडियों में दूध, सब्जी आदि को सुरक्षित रखने की होगी सुविधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि उपज मंडियों को भी आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इसमें दूध, सब्जी आदि को सुरक्षित रखने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, इसकी शुरूआत रतलाम से होगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित मप्र की संकल्पना को साकार करने में एमएसएमई उद्योगों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से सूक्ष्म स्तर पर उद्यमिता को प्रोत्साहित करना जरूरी है। इस क्षेत्र में मप्र वर्तमान में देश में 7 वें स्थान पर है, अगले वर्ष तक हमें प्रदेश को देश के श्रेष्ठतम राज्यों में स्थान दिलाना है।

### अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का आयोजन किया जाए

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2025 को उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। दो माह के अंतराल में राज्य के अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का आयोजन किया जाए। पॉवरलूम सहित अन्य परम्परागत उत्पादन गतिविधियों को निरंतरता प्रदान करना आवश्यक है। इसी लिये विशेषज्ञों का सहयोग लेकर कौशल उन्नयन तथा तकनीकी दक्षता में सुधार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर कैम्प आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। अपनी पहल और नवाचार से सफलतापूर्वक गतिविधियां संचालित करने वाले उद्यमियों को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाए। इससे अन्य लोग भी प्रेरित होंगे।*

## नई सोच के साथ जन सहभागिता के लिए हो प्रयास



लोगों में पर्यावरण संतुलन के प्रति उत्तरदायित्व की भावना समय की जरूरत

# पर्यावरण संतुलन की चिंता के प्रति हर नागरिक संवेदनशील हो: पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जन सहभागिता के लिए नवाचार और नई सोच के साथ प्रयास किए जाने चाहिए। पर्यावरण संतुलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर लम्बे समय से काफी चिंतन हो रहा है। जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग अभी भी चुनौती बनी हुई है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हर व्यक्ति को पर्यावरण संतुलन के प्रति उत्तरदायी बनाने के समन्वित प्रयास किए जाए। पर्यावरण संतुलन की चिंता के प्रति समाज संवेदनशील हो।

राज्यपाल पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को की 13 वीं साधारण सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता भी मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि सामाजिक वातावरण हर व्यक्ति, समुदाय को पर्यावरण संतुलन के लिए सजग और सक्रिय बनाने वाला हो।

### जन चेतना के जुड़ जाने की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण इंदौर

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि सरकार के कार्यक्रमों में जन चेतना के जुड़ जाने की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण इंदौर शहर है। लगातार 7 बार से देश का सबसे स्वच्छतम नगर की उपलब्धि नगर निगम के एकल प्रयासों का परिणाम नहीं है। यह नगर निगम और इंदौर के नागरिकों के सहभागी प्रयासों का प्रतिफल है। नागरिकों का स्वच्छता आग्रह और स्वच्छता के प्रति जन चेतना की सक्रियता का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने गुजरात के कच्छ इलाके के ग्रामीण विद्यालय के शिक्षक दम्पती की छोटी सी पहल से होने वाले बड़े बदलाव का उल्लेख किया।*

### समाज में बच्चों की वित्तीय सुरक्षा के लिए बैंकों में धन राशि जमा करते हैं

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि समाज में बच्चों की वित्तीय सुरक्षा के लिए बैंकों में धन राशि जमा करते हैं। यह नहीं समझते कि यदि पर्यावरण नहीं रहेगा तो जीवन ही नहीं रहेगा। इसलिए ज्यादा जरूरी पर्यावरण संतुलन की चिंता है।*

## बस्तर जिले के तालुर की घटना, वाहन में सवार थे 30-40 लोग

# शादी कार्यक्रम में जा रहा पिकअप वाहन पलटा, एक दर्जन से अधिक लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

जिले के तालुर में शुक्रवार की दोपहर को बारात में शामिल एक पिकअप वाहन पलट गया। इस हादसे में पिकअप में सवार 30 से 40 लोगों में करीब 12 से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें बेहतर उपचार के लिए बस्तर के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से कुछ को मेकाज रेफर किया गया। मामले की जानकारी देते हुए बताया जा रहा है कि शिवनी में रहने वाले एक परिवार में शादी का कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें आज बरात तालुर के लिए जाने को निकली थी।

अलग-अलग वाहनों में बरात निकली थी। वहीं कुछ बारातियों को लेकर एक पिकअप भी निकली थी। जैसे ही पिकअप वाहन तालूर के पास पहुंची थी तभी अचानक से ड्राइवर ने अपना नियंत्रण खो दिया। पिकअप पलट गई। इस दौरान वाहन में करीब 30 से 40 लोगों के बैठे जाने की बात कही जा रही थी। इस घटना



में करीब 12 से अधिक लोग घायल हो गए थे। जिन्हें गांव वाले अपनी सुविधा के अनुसार घायलों को अस्पताल ले जाया गया। वहीं आसपास के लोगों ने इस बात की जानकारी शादी वाले परिवार में भी दी, जहां लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। वहीं तीन घायल जिसमें निरंजन, अभिषेक और डिम्पल को मेकाज में भर्ती किया गया। जबकि अन्य घायलों को भी लाने की बात कही जा रही है।

नक्सलियों ने फिर जारी किया पत्र घेराव-उन्मूलन सैनिक अभियान को तुरंत रोकें

# नक्सलियों ने एक्शन मोड में आई सरकार से की शांतिवार्ता की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देश के सबसे बड़े नक्सली आपरेशन से भयभीत होकर नक्सलियों ने फिर प्रेस नोट जारी किया है। तीसरी बार जारी प्रेस नोट में नक्सलियों ने एक बार फिर से शांति वार्ता के लिये पहल की है। बीजापुर और तेलंगाना की सीमा में चल रहे नक्सली ऑपरेशन को तुरंत रोकने की बात कही है।

नक्सलियों के भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के उत्तर पश्चिम सब जोनल ब्यूरो प्रभारी रूपेश पत्र जारी कहा है कि बीजापुर - तेलंगाना सीमा पर जारी घेराव-उन्मूलन सैनिक अभियान को तुरंत रोकना चाहिए। सरकार को शांतिवार्ता के लिए आगे आना चाहिए। सभी लोग



चाहते हैं कि समस्या का समाधान शांति वार्ता के जरिए किया जाये। शांति वार्ता के लिए हमारी पार्टी हमेशा तैयार है। उसने आगे लिखा है कि हमारी पार्टी के केंद्रीय कमेटी ने भी शांति वार्ता को लेकर पत्र जारी किये थे, विश्वास का कमी को दूर करने के लिए हमारे तरफ से लगातार प्रयास जारी है, लेकिन सरकार का मंशा अलग दिख रहा है। शांति वार्ता के जरिए समस्या हल होने का संभावना रहने के बावजूद सरकार दमन व हिंसा का प्रयोग से समस्या का समाधान के लिए प्रयास कर रहा है। इसी का नतीजा है बीजापुर तेलंगाना सीमा पर एक बड़ा सैन्य अभियान को लॉन्च किया गया है। इस अभियान को तुरंत रोकना चाहिए। बलों को वापस लेना चाहिए। सरकार से अनुरोध कर रहे हैं कि वार्ता के जरिए समस्या का समाधान का रास्ता अपनाये। अनुकूल माहौल बनायें। इस रास्ते से सकारात्मक नतीजा निकलेंगे, बंदूक 'के बल पर समस्या का समाधान के लिए सरकार की ओर से अमल किये जा रहे कगार सैनिक अभियान को एक महीने के लिए स्थगित करें। हमारे यह अपील पर सरकार की सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले भी दो बार नक्सली प्रेस नोट जारी कर सरकार से शांतिवार्ता की अपील कर चुके हैं। ये तीसरी बार प्रेसनोट जारी किया गया है। दोनों बार छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ने विजय शर्मा नक्सलियों को दो टूक जवाब दे चुके हैं।

## एक आरोपी फरार, दूसरा घायल, अस्पताल में भर्ती

# गांजा लेकर जा रही कार खाई में गिरी

**सूचना पर पहुंची पुलिस ने बगीचा अस्पताल में कराया भर्ती**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में ओडिशा से अवैध गांजा लेकर आ रही एक कार असंतुलित होकर गहरी खाई में जा गिरी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार सवार एक युवक को निकालकर बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि उसका साथी युवक फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी कार में ओडिशा से गांजा लेकर आ रहे थे। इस दौरान अनियंत्रित होकर उनकी कार खाई में जा गिरी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार सवार एक युवक को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वहीं साथी फरार हो गया। अस्पताल में भर्ती युवक अभी तक बेहोश है और उसकी पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि, इस कार में बड़ी मात्रा में अवैध गांजा भरा हुआ था।

## विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी देवी के मंदिर की घटना

# रुकने की जगह गिरा रोपवे, भाजपा कार्यकर्ता मामूली घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



सीएम विष्णुदेव साय ने की सभी घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना

जिले के डोंगरगढ़ में विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी देवी का मंदिर है। जहां माता के दर्शन के लिए 1100 सीढ़ी चढ़कर जाना पड़ता है। इसके साथ ही रोपवे की भी व्यवस्था की गई है।

भाजपा के कई नेता जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता रामसेवक पैकरा, भाजपा नेता दया सिंह, मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ट्रॉली में सवार होकर ऊपर पहाड़ों पर स्थित माता के दर्शन के लिए गए थे। वहीं नीचे आने के दौरान अंतिम छोर पर रोपवे रुकने की जगह में रोपवे अचानक गिर गया, जिससे भरत वर्मा के हाथ और अन्य जगहों पर चोट आई है। इसके साथ ही अन्य भाजपा नेता को हल्की चोट आई है। वही इस संबंध में भाजपा के वरिष्ठ नेता रामसेवक पैकरा ने बताया कि हम लोग देवी दर्शन करने आए थे। ऊपर से लौट रहे थे। नीचे एकदम नीचे पर अचानक रोपवे का डिब्बा नीचे गिर गया। जिसमें हम लोग 6 लोग बैठे थे। भरत वर्मा और अन्य लोगों को चोट लगी है। अभी डॉक्टर के पास इलाज के लिए भेजा गया है। सबको हल्की-हल्की चोट लगी है। जिसमें एक को ज्यादा चोट आई है। हादसे के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लिखा कि डोंगरगढ़ में रोपवे हादसे का समाचार मिला है। रोपवे में वरिष्ठ भाजपा नेता रामसेवक पैकरा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा समेत अनेक लोग सवार थे। हादसे में भरत वर्मा आंशिक रूप से घायल हुए हैं। शेष सभी कुशल हैं। भरत वर्मा के भी शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।



## शहपुरा भिटोनी स्टेशन के पास पैट्रोल से लदे दो रेल टेंकरों में लगी भीषण आग

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल शाहपुरा भिटोनी रेलवे स्टेशन के पास खड़ी पैट्रोल से भरे दो रेल टैंकर में शुक्रवार क़रीब 9.00 बजे आग लगने से अफरा तफरी मच गई। जबलपुर में रेलवे ने खतरे के तीन हूटर बजाए। हालांकि तत्काल आग पर क़ाबू पा लिया है। राहत की बात है कि कोई जनहानि की खबर नही है। उक्त रेल टैंकर बीपीसीएल के शाहपुरा बिटोनी पेट्रोलियम डिपो से पैट्रोल भरकर निकले थे।



जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि तत्काल आयुध निर्माणी खमरिया, जीसीएफ व नगर निगम जबलपुर एवं अन्य नगरीय निकायों से फायर फाइटर भेजकर आग पर क़ाबू पा लिया गया है। नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव का कहना है कि उन्हें जैसे ही प्रारंभिक सूचना मिली उन्होंने तत्काल नगर निगम के अग्निशमन दल को निर्देशित कर दिया था कि वे तत्काल घटनास्थल पर रवाना हो एवं जल्द से जल्द आग पर काबू पाकर किसी भी बड़ी अनहोनी की घटना को टाले। अग्निशमन दल जबलपुर की टीम ने बहुत अच्छा कार्य करते हुए समय रहते अन्य शासकीय संस्थाओं से आए फायर ब्रिगेड वाहनों के साथ मिलकर तत्काल आग पर काबू पा लिया जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस घटना का वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है की स्थिति काफी गंभीर थी लेकिन उसे समय रहते काबू पा लिया गया। इस घटना के बाद काफी देर तक रेल यातायात बंद रहा। कटनी और इटारसी की ओर आधा दर्जन ट्रेनों को रोक दिया गया है। देर रात रेल यातायात पुनः चालू कर दिया गया ।

# भीषण गर्मी में झुलस रहे मासूम बच्चे

## स्कूलों में अवकाश घोषित करने की मांग



हरिभूमि, जबलपुर।

इन दिनों भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित कर रखा हैं। इसका असर स्कूल जाने वालें मासूम बच्चों पर साफ नजर आ रहा हैं। तपते वाहन में ओवर लोडिंग में बच्चें पसीनों से तरबतर होकर घर लौट रहे हैं। मप्र अकेला ऐसा राज्य जहां अभी तक स्कूलों की छुट्टी घोषित नहीं की गई है। जबकि पांच दिन ही शैक्षणिक सत्र के ही बचें हुए है उसके बाद भी छुट्टी घोषित नहीं की गई है, जबकि अन्य राज्यों में स्कूलों में अवकाश घोषित किया जा चुका है। लेकिन मप्र में जबलपुर सहित अन्य जिलों में बच्चें धूप में झुलस रहे हैं।

### सोशल मीडिया में तेजी से उठी मांग

पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर स्कूलों में अवकाश की मांग को लेकर पोस्ट और टिप्पणियों की बाढ़ सी आ गई है। कई अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों ने भी मध्य प्रदेश शासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की अपील की है। यहां उल्लेखनीय है कि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों ने भी हाल ही में 25 अप्रैल से स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। मध्य प्रदेश में भी तापमान लगातार बढ़ रहा है, और मासूम बच्चे झुलस रहे हैं। अभिभावकों ने अनुरोध किया है कि बच्चों का स्वास्थ्य देखते हुए मप्र में भी अवकाश घोषित किया जाए।

## कल से फिर बदलेगा मौसम आंधी पानी की संभावना

### फिलहाल पारा 41 डिग्री के पार

जबलपुर। उत्तरी-पश्चिमी हवाओं से तापमान ऊपर चला गया है। अब गर्मी अपना असर दिखा रही है एक बार फिर पारा 41 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। रात का तापमान औसत के नीचे होने के बाद भी गर्मी अपना असर दिखा रही है। वहीं रात में उमस के कारण गर्मी के प्रभाव में कोई कमी नहीं आई। तेज धूप ने लोगों का पसीना निकाला और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने शरीर झुलसाया। हवा में नमीं घटने से मौसम एकदम शुष्क है। कभी पश्चिमी कभी उत्तरी हवायें चलने से तापमान में घट-बढ़ हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि 27 अप्रैल रविवार को एक बार फिर मौसम करवट ले सकता है, जिले में आंधी के साथ हल्की बारिश की संभावना बन रही हैं। आने वाले 5 दिनों में अधिकतम तापमान 39 से 40 डिग्री के बीच और न्यूनतम तापमान 22 से 23 डिग्री के बीच स्थिर रहेगा। लिहाजा फसलों को सुरक्षित स्थानों में रखने की सलाह दी गई है और सब्जियों और वृक्षों में सुबह शाम सिंचाई करने की सलाह दी गई है। मुर्गियों के शेड को ठंडा रखने की सलाह दी है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 41.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 22.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 33 प्रतिशत और सायंकाल 13 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तरी पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 5.41 बजे और सूर्यास्त शाम 6.36 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 40.04 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। प्रदेश में सबसे अधिक 44.4 डिग्री तापमान खजुराहो जिले में दर्ज किया गया।

# नर्सिंग परीक्षाओं की तिथियों में अब नहीं होंगे बदलावः हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एमपी नर्सिंग काउंसिल और मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी को निर्देश दिये हैं कि किन्ही भी परिस्थितियों में नर्सिंग पाठ्यक्रमों की प्रस्तावित परीक्षाओं में परिवर्तन नहीं किया जावे। जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस अचल कुमार पालीवाल की स्पेशल बेंच ने कहा कि परीक्षाओं का आयोजन घोषित समय सारिणी अर्थात 28 एवं 29 अप्रैल से कराना सुनिश्चित किया जाए। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की जाँच के चलते छात्रों की परीक्षाएँ कई वर्ष देरी से हो रही हैं। 3-4 बार परीक्षाओं की तिथियाँ घोषित कर उन्हें निरस्त या संशोधित किया जा चुका है जिसके चलते छात्रों को भारी दिक़्क़तों का सामना करना पड़ रहा था

**28 और 29 अप्रैल से करानी होंगी परीक्षाएँ**

शुक्रवार को नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता में हुए फ़र्ज़ीवाडे मामले में लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की जनहित याचिका के साथ अन्य मामलों की सुनवाई हुई । सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिये कि नर्सिंग मामलों हेतु हाईकोर्ट के द्वारा गठित उच्च स्तरीय कमेटी की भूमिका अब समाप्त हो चुकी है । इस कारण से अब किसी भी कॉलेज के प्रकरण कमेटी को रेफ़र नहीं किए जाएँगे। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने सीबीआइ जांच में डेफ़िशियेंट पाये गये कॉलेजों के लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक हाईलेवल कमेटी का गठन किया था। जिन्हें डेफ़िशियेंट कॉलेजों में सीबीआई जाँच के दौरान पाई गई कमियों की कमीपूर्ति के संबंध में सुनवाई कर संबंधित कॉलेजों को सूटेबल अथवा अनसुटेबल की श्रेणी में सूचीबद्ध करने का कार्य सौंपा गया था। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि मध्यप्रदेश में नियमों एवं मापदंडों की अनदेखी कर अनेकों नर्सिंग कॉलेज खोल दिये गये हैं जिनके पास आवश्यक इंस्फ़्रास्ट्रक्चर, लैब, लायब्रेरी, टेकिंग फ़ैकल्टी एवं अस्पताल नहीं हैं फिर भी उन्हें मान्यता दे दी गई है । शुरुआती सुनवाइयों के बाद हुए अहम खुलासों के चलते मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने पूरे फर्जीवाड़े की जांच सीबीआइ को सौंप दी थी।। हाई कोर्ट की मॉनीटरिंग में हुई सीबीआइ जांच में खुलासा हुआ कि मध्य प्रदेश में खोले गए 700 कालेजो में से मात्र 200 कॉलेज नियमों की एवं मापदंडों की पूर्ति करते हैं। शेष कॉलेजों को फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट बनाकर मापदंडों की पूर्ति ना करने के बावजूद भी मान्यता दे दी गई । शासन की ओर से उपमहाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी एवं याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आलोक वागरेचा सहित याचिकाकर्ता विशाल बघेल ने पक्ष रखा।





# भारी नीम का पेड़ गिरने से जेल क्वार्टर में मचा हड़कंप

जबलपुर।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस केंद्रीय कारागार से लगे क्वार्टरों में गत देर रात करीब 3:30 बजे बड़ा हादसा हो गया। कारागार की दीवार से सटे क्वार्टरों पर एक विशाल पुराना नीम का पेड़ अचानक भरभराकर गिर पड़ा। पेड़ की चपेट में आकर तीन क्वार्टर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं वहां रह रहे परिवारों के लोग भी घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पेड़ गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के समय सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे, जिससे किसी को भी संभलने का मौका नहीं मिला। घटना में कुसुम दास सहित कुछ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मकानों की छतें पूरी तरह टूट गईं और घरों में रखा घरेलू सामान भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।सूचना मिलते ही जेल प्रशासन मौके पर पहुंचा और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया और शेष लोगों को क्वार्टर से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

**कई घायल, लाखों का नुकसान**

### खुले आसमान के नीचे गुजारी रात

घटना के बाद जिन घरों को नुकसान पहुंचा है, उनकी स्थिति इतनी खराब है कि अब वहां बैठने तक की जगह नहीं बची है। परिवार खुले आसमान के नीचे दिन गुजारने को मजबूर हैं। कई लोगों के घरों का राशन और जरूरी सामान या तो टूट गया है या पूरी तरह बिखर गया है, जिस कारण वे भोजन भी नहीं बना पा रहे हैं।

### प्रशासन कर रहा वैकल्पिक व्यवस्था

जेल प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों के लिए वैकल्पिक आवास और भोजन की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही, नुकसान का आकलन कर मुआवजा प्रक्रिया शुरू करने की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों की मांग है कि जेल परिसर में मौजूद पुराने और जर्जर पेड़ों की समय-समय पर जांच की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## 1585 वाहनों का चालान कर जुर्माना वसूला

# बिना हेलमेट, सीट बेल्ट के वाहन चालकों पर कार्रवाई

जबलपुर।



शहर में बिना हैल्मेट, बिना नम्बर, अमानक नम्बर वाले 1585 वाहन चालकों के विरूद्ध पुलिस ने गुरुवार को चालानी कार्रवाई करते हुए सभी से समन शुल्क भी वसूला। जिला पुलिस के अनुसार प्रायः देखा गया है कि, अपराधियों द्वारा बिना नम्बर के वाहन का उपयोग कर वारदात की जाती है। इसके साथ ही कई लोग वाहनों में जानबूझ कर, शौकिया तौर पर नम्बर नहीं डलवाते हैं। जिसे दृष्टिगत रखते हुये तथा जिले में सड़क दुर्घटनाओं एवं सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु/घायल की संख्या को कम करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा समस्त थाना प्रभारी एवं राजपत्रित अधिकारियों को विशेष अभियान के तहत ऐसे दुपहिया वाहन चालक जो हेलमेट धारण कर वाहन चालन नही करते हैं, तथा बिना नम्बर/आड़े तिरछे अमानक नम्बर वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु आदेशित किया गया। आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात/अपराध) श्रीमति सोनाली दुबे के मार्ग निर्देशन में समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी शहर/देहात के द्वारा गुरुवार को चैकिंग प्वाइंट लगाते हुए चैकिंग कराई गई। चैकिंग के दौरान बिना हेलमेट, बिना नम्बर, अमानक नम्बर वाले 1585 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुये समन शुल्क वसूल किया गया है।

## आतंकवाद पीड़ित लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा

**जबलपुर।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस अमानवीय हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों की सहायता के लिए एनएसई ने 1 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है, जिसके तहत प्रत्येक परिवार को लगभग 4 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा, यह हमारे देश के लिए सामूहिक शोक का क्षण है। हमारी प्रार्थनाएं और भावनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं।

# जिला सलाहकार समिति स्कूलों का निरीक्षण करें: कलेक्टर

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में स्कूलों के सामने यातायात प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, अपर कलेक्टर सुमिशा सिंह, एडीशनल एसपी ट्राफिक श्रीमती सोनाली दुबे सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कहा गया कि अधिकांश स्कूलों में स्कूल लगने व छूटने के समय सड़कों पर जाम की स्थिति से सुगम यातायात बाधित होता है। अतः सभी स्कूल प्रबंधक स्कूल वाहनों की पार्किंग अपने कैंपस में ही करायें, जहां से विद्यार्थियों को वाहन में बैठायें व नियत जगह पर ही उतारें। सड़क में विद्यार्थियों को वाहन में बैठाने व उतारने की प्रक्रिया न करें। स्कूल प्रबंधक यातायात नियमों का पालन करें। अधिकांश वाहन विद्यार्थियों को संबंधित स्कूलों में लाते हैं और सड़क



पर ही उन्हें उतारने व बैठाने का कार्य करते हैं, यह बिल्कुल न करें। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि इसके लिए जिला सलाहकार समिति का गठन करें और स्कूलों का निरीक्षण करें। स्कूल प्रबंधक को इस विषय पर समझायें यदि वे हठधर्मिता करते हैं, तो उन पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके साथ ही यातायात प्रबंधन को लेकर अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। जिसमें कहा गया कि सड़कों के किनारे लगे अस्थाई अतिक्रमण को हटाया जाये। गरूण दल सक्रियता से भ्रमण करे और कार्यवाही करे। भारी वाहनों के प्रवेश के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिये, ताकि सुगम यातायात में किसी प्रकार का कोई व्यवधान न हो।



## कलेक्टर, एसपी ने किया राजस्व रिकार्ड रूम का निरीक्षण

**जबलपुर।** कलेक्टर कलेक्टर, एसपी ने किया राजस्व रिकार्ड रूम का निरीक्षणदीपक सक्सेना के साथ पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने आज राजस्व अभिलेखागार का निरीक्षण किया। इस दौरान राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक श्री उपाध्याय ने राजस्व अभिलेख के नवीनतम स्वरूप की सराहना की और कहा कि सभी जगह इसी प्रकार के रिकार्डों का संधारण होना चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें आसानी से निकाला जा सके। राजस्व रिकार्ड रूम के अपडेशन के लिए उन्होंने कलेक्टर श्री सक्सेना को बधाई भी दी।

## हरिभूमि की खबर पर पुलिस का सख्त एक्शन

## भेड़ाघाट वैभव होटल में धांय-धांय का वीडियो हुआ था वायरल

# पुष्पराज, राजू शूटर, विमलेश महाराज पर दर्ज हुई एफआईआर

हरिभूमि खबर का असर

हरिभूमि, जबलपुर।

भेड़ाघाट थाना अतंर्गत गत 16 फरवरी की रात 12 बजे वैभव होटल में रेत माफिया ग्राम कूड़न निवासी पुष्पराज सिंह राजपूत को अपने बर्थडे पार्टी में हर्ष फायरिंग करना भारी पड़ गया। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो और 23 अप्रैल को हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित खबर पर पुलिस ने संज्ञान लेकर पुष्पराज समेत उसके साथी रेत माफिया विमलेश राजोरिया उर्फ महाराज निवासी करेली हाल मुकाम जसूजा सिटी, राजेश राजपूत उर्फ राजू शूटर निवासी गोटेगांव नरसिंहपुर के खिलाफ धारा 125, 3(5), बीएनएस व 30 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल तीनों रेत माफिया प्रकरण दर्ज होने के बाद फरार हो गए हैं, जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही हैं।

### निरस्त कराए जाएंगे लायसेंस

वीडियो में रेत माफिया लायसेंसी 12 बोर, पिस्टल द्वारा चलाए जा रहे तमंचे को अवैध बताया जा रहा है। पुलिस वीडियो की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है। इतना ही नहीं पुलिस आरोपी रेत माफियाओं के लायसेंस को निरस्त करने के लिए कलेक्टर को प्रतिवेदन भी भेजा जा रहा हैं।


भेड़ाघाट स्थित वैभव होटल में धांय-धांय, वीडियो वायरल

रेत कारोबारी के बर्थडे पार्टी में हर्ष फायरिंग!

जबलपुर।

भेड़ाघाट स्थित वैभव होटल में जन्मदिन का जश्न मनाने के दौरान हर्ष फायरिंग हुई जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें रेत कारोबारी पुष्पराज सिंह लोधी के गुर्गे गोलियां चला रहे है। रेत कारोबारी एक विधायक का करीबी बताया जा रहा है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हो गया। घटना 16 फरवरी की रात 12 बजे की बताई जा रही है।

क्या है मामला

सूत्रों के मुताबिक पुष्पराज सिंह लोधी निवासी ग्राम कूरन का 16 फरवरी को जन्मदिन था। जिसे मनाने के लिए 16 फरवरी की रात को उसके गुर्गो ने वैभव होटल में जुटे थे। जहां पर रात को केक काटने के बाद हर्ष फायरिंग की घटना हुई। हर्ष फायरिंग का वीडियो इंस्ट्राग्राम समेत सोशल मीडिया में अब वायरल हुआ है। वीडियो में गुर्गे लायसेंसी 12 बोर, पिस्टल बदमाश द्वारा चलाए जा रहे तमंचे को अवैध बताया जा रहा है। पुलिस वीडियो की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

वायरल वीडियो में साफ दिख रहे चेहरे

सूत्रों के मुताबिक बताया जाता हैं कि पुष्पराज रेत खनन के काम से जुड़ा है। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में गोटेगांव निवासी रेत माफिया राजेश राजपूत उर्फ शूटर, विमलेश महाराज, अवधेश राजपूत भी गुर्गो द्वारा की जा रही हवाई फायरिंग में साफ देखे जा रहे है।

खुद को बताता है भाजयुमो नेता

पुष्पराज सिंह खुद को भाजयुमो नेता और एक विधायक का करीबी बताता है। अंधमूक बायपास स्थित एक यार्ड में अवैध भंडारण से लेकर गोटेगांव तक रेत सप्लाई में कई बार सुर्खियों में आ चुका है।

इनका कहना है

वायरल वीडियो संज्ञान में आ चुका है मामले की जांच चल रही है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

-समर वर्मा, एएसपी

### वायरल वीडियो में साफ दिख रहे चेहरे

सूत्रों के मुताबिक बताया जाता हैं कि पुष्पराज रेत खनन के काम से जुड़ा है। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में गोटेगांव निवासी रेत माफिया राजेश राजपूत उर्फ राजू शूटर, विमलेश राजोरिया उर्फ महाराज, अवधेश राजपूत भी हवाई फायरिंग करते साफ देखे जा रहे है।

### एफआईआर में हरिभूमि का उल्लेख

गौरतलब हैं कि उक्त वीडियो की खबर को हरिभूमि ने अपने 23 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने उपरोक्त वीडियो की जांच करायी जिसमें वह सही पाया गया। जिसका उल्लेख पुलिस ने अपनी एफआईआर में भी किया हैं।

### क्या है मामला-

सूत्रों के मुताबिक पुष्पराज सिंह राजपूत निवासी ग्राम कूड़न का 16 फरवरी को जन्मदिन था। जिसे मनाने के लिए 16 फरवरी की रात को उसके गुर्गे वैभव होटल में जुटे थे। जहां पर रात को केक काटने के बाद हर्ष फायरिंग की घटना हुई। हर्ष फायरिंग का वीडियो इंस्ट्राग्राम समेत सोशल मीडिया में वायरल हुआ था।

### आरोपियों की गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी



वायरल वीडियो संज्ञान में आने के बाद जांच दल ने निहाल सिंह धवन के कथन लेकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी।

**-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान**

## विहिप-बजरंग दल का सिहोरा बस स्टैंड में प्रदर्शन

# इस्लामिक आतंकवाद मुर्दाबाद के लगाए नारे, पाकिस्तान का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले का विरोध करते हुए विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग सिहोरा प्रखंड कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सिहोरा बस स्टैंड में जमकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं के साथ सामाजिक संगठनों ने इस्लामिक आतंकवाद के विरोध में नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका।




### आतंकवाद के विरोध में तख्तियों में लिखे थे नारे

बीडी हाईस्कूल से विरोध प्रदर्शन करते हुए विहिप बजरंग दल के साथ सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सिहोरा बस स्टैंड पहुंचे। हाथों में आतंकवाद के विरोध में लिखे नारों की तख्तियां लिए लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा था। बस स्टैंड में पाकिस्तान का पुतला फूंक इस्लामिक आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए।विहिप बजरंग दल के जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा, उपाध्यक्ष अजय कनकने, जिला संयोजक कान्हा पांडे, जिला मंत्री शिव पटेल ने भीषण आतंकी घटना की निंदा करते हुए कहा है कि अब समय आ गया है कि इस्लामिक जिहादी पाकिस्तान व उसके कश्मीरी स्लीपर सेल के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कर घाटी में सिर उठाने का दुस्साहस करने वाले मजहबी आतंकवाद का समूल नाश हो। इस अमानवीय घटना पर पूरा देश स्तब्ध व आक्रोशित है। साफ दिखाई दे रहा है कि 1990 के आतंकवाद के दिनों की वापसी का दुस्साहस हो रहा है। यह कोई सामान्य आतंकवादी घटना नहीं बल्कि पाकिस्तान का भारत के विरुद्ध खुले युद्ध की घोषणा है।

### इनकी रही उपस्थिति

विरोध प्रदर्शन में विधायक संतोष बरकडे, राजेश दाहिया, सतीश पटेल, शिशिर पांडे,अरूण जैन, अंकित तिवारी,नीरज पांडे,अनुपम सराफ,सुग्रीव सेन,जितेंद्र पटेल के साथ बडी संख्या में विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल थे।



## पहलगाम हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**मझौली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की जान गई जो अत्यंत दुखद एवं निंदनीय है यह हमला न केवल देश के हिंदुओं पर था बल्कि देश की अखंडता शांति और एकता पर भी सीधा आघात था। इस दर्दनाक घटना के विरुद्ध और शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु पश्चिम मण्डल मझोली में कैंडल मार्च का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर युवा मोर्चा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल पूर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल जिला पंचायत सदस्य राजेश ठाकुर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया मंडल अध्यक्ष मुकेश सेन युवा मोर्चा प्रदेश का समिति सदस्य अभिषेक दहिया युवा मोर्चा जिला मंत्री आंचल साहू रोहित साहू युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल पार्षद मनोरंजन राय सुनील सोनकर बबलू जैन उर्मिला दहिया जितेंद्र ताम्रकार डॉक्टर सुभाष सराफ महेंद्र कोष्टा अंकित तिवारी के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# जल गंगा संवर्द्धन अभियान में जन समुदाय की भागीदार बढ़ाने की बैठक

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जबलपुर द्वारा आज नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष जबलपुर में किया गया। बैठक में जन अभियान परिषद के सलाहकार श्री शिवनारायण, शासी निकाय के सदस्य श्री अजित सिंह सीटू, संभाग समन्वयक श्री रवि प्रसाद बर्मन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा मां भारती को पुष्पांजलि एवं दीपांजलि के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया, इसके उपरान्त विगत 22 अप्रैल को पुलवामा में आतंकी हमले की निंदा करते हुए मृत नागरिकों को श्रद्धांजलि देकर दो मिनट का मौन रखा गया।

इस दौरान नवांकुर संस्थाओं को संबोधित करते हुए श्री शिवनारायण ने कहा कि संस्थाएं अपने समिति का विस्तार करें और संगठन मजबूत करें तभी शासन की कल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने में सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार आगामी 30 जून तक जल गंगा संवर्द्धन अभियान में अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी से अभियान का लोक व्यापीकरण करने के लिए कार्य करें। परिषद की शासी निकाय के सदस्य श्री अजित सिंह सीटू ने कहा कि हम सभी को मिलकर कर कार्य करना है और जल गंगा संवर्द्धन अभियान को जनता का अभियान बनाना है। इस अवसर पर संभाग समन्वयक श्री रवि प्रसाद बर्मन ने कहा कि नवांकुर संस्थाएं, प्रस्फुटन समितियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जल गंगा संवर्द्धन अभियान को सफ़ल एवं प्रभावी बनाने के लिए कार्य करें। इसके साथ ही कार्यों का दस्तावेजीकरण और प्रतिवेदन भी तैयार करें। जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी नवांकुर संस्थाओं द्वारा जल गंगा संवर्द्धन अभियान में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और अब तक की प्रगति के बारे मे जानकारी प्रस्तुत की गई।

बैठक में नवांकुर संस्थाओं के साथ ही विकास खण्ड समन्वयक विनायक राव वडनेरकर, विवेक मिश्रा, श्रीमति नूपुर खरे, श्रीमति तृप्ति मिश्रा श्रीमति सोनिया सिंह, भारत महरोलिया आशीष जैन एवं मेंटर्स उपस्थित रहे।

## प्रचार रथ को किया रवाना, रैली भी निकाली गई

# विश्व मलेरिया दिवस पर जिला अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर।** विश्व मलेरिया दिवस पर जिला चिकित्सालय में मलेरिया एंड्स विथ अस : रिइनवेस्ट, रिइमेजिन, रिइग्नाईट की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा मलेरिया की रोकथाम एवं बचाव के उपायों के प्रति आम लोगों को जागरूक करने जिला चिकित्सालय से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ नवीन कोठारी और जिला मलेरिया अधिकारी अजय कुरील मौजूद थे। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व मलेरिया दिवस प्रचार रथ के साथ-साथ स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, नगर निगम एवं एम्बेड संस्था के कर्मचारियों द्वारा जिला चिकित्सालय से मालवीय चौक तक रैली निकाली गई तथा नारे लगाकर एवं पंपलेट वितरण कर जनमानस को जागरूक किया गया। नगर निगम की टीम द्वारा कीटनाशी दवा का छिडकाव एवं फागिंग मशीन से फागिंग की गई। रैली के बाद अंर्तविभागीय कार्यशाला आयोजित की गई ।

कार्यशाला में जिला मलेरिया अधिकारी अजय कुरील एवं जिला सलाहकार योगेंद्र सिंह, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम अनिल बारी द्वारा मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया से बचाव की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिला मलेरिया अधिकारी अजय कुरील डीएमओ के द्वारा सभी अंर्तविभागीय एवं विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने परिवार, क्षेत्र, जिला, प्रदेश एवं देश को मलेरिया से मुक्त करने की शपथ दिलाई गई।

जिले के सभी 8 ब्लाक एवं 4 सिविल अस्पताल में विश्व मलेरिया दिवस का अयोजन किया गया जिसमें रैली तथा अंर्तविभागीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में श्रीमती सुमन कोल सहायक मलेरिया अधिकारी श्रीमती सुमन कोल, जिला कोर्डिनेटर एम्बेड श्रीमती पिंकी नेमा, अनिल उसरेठे, इंद्रजीत मिश्रा, योगेश कपूर, नवीन यादव, सुशील गर्ग, राम बिहारी पटेल, ब्रजेश मिश्रा, मदन विश्वकर्मा, सतीश देशमुख, रमेश काम्बले, पंकज जायसवाल एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# पत्रकारों के लिए लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर

**जबलपुर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर मे शैल्वी हॉस्पिटल परिसर में पत्रकार और अन्य लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। श्रमजीवी पत्रकार परिषद और शैल्वी अस्पताल के सयुंक्त तत्वाधान मे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के बारे में राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेई एवं प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य पत्रकारों को स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराना था। इस शिविर में रक्तचाप, रक्त शर्करा और अन्य स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध रही। जांच उपरांत शिविर में डॉक्टरों द्वारा लोगों को उनके स्वास्थ्य के बारे में परामर्श दिया गया। खासकर कार्डियोलॉजिस्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर आशीष तिवारी के द्वारा सभी पत्रकारों को जांच के उपरांत उनके विभिन्न इश्यूज पर विस्तार से चर्चा की और उन्होंने उचित समाधान और सलाह उपलब्ध कराई। शिविर में प्राथमिक उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई गयी। इस शिविर में डॉक्टर आशीष तिवारी, डॉ श्रीवास्तव, डॉ संजय सहित फिजियोथेरेपिस्ट और पीएचसी स्टाफ ने अपना सहयोग दिया।

## चुनाव रणनीति और संगठनात्मक मजबूती पर मंथन

**जबलपुर।** नगर कांग्रेस की जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को दोपहर होटल अरिहंत पैलेस, रसल चौक आयोजित की गई। बैठक में शहर कांग्रेस कमेटी के प्रभारी विधायक आर. के. डोंगने, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के प्रभारी विधायक रजनीश सिंह एवं सह प्रभारी लक्ष्म सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने की। बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन, प्रभारी विधायक आर के दोगने, प्रभारी विधायक रजनीश सिंह, पूर्व मंत्री व विधायक लखन घनघोरिया सह प्रभारी लक्ष्मण सिंह, पूर्व विधायक संजय यादव, दिनेश यादव विनय सक्सेना, कौशल्या गोटिया, सम्मति सैनी, अभिषेक चौकसे, आलोक मिश्रा, राजेश पटेल, अंजू बघेल, नित्यंजन खंपरिया, श्रीमती कमलेश यादव, श्रीमती विनीता यादव, सतीश तिवारी, विजय रजक, चमन राय, सचिन रजक, विवेक अवस्थी, अमरीश मिश्रा, अतुल बाजपेई, अयोध्या तिवारी, राजेश यादव, रितेश गुप्ता बंटी, आरिफ बेग लखन पटेल, राजेश यादव, अभिषेक यादव, राजेश चौबे, डिक्की जॉन, रविन्द्र कुशवाहा, समर जीत सैनी, रिंकू तिवारी, सतेंद्र गर्ग, मनोज पटेल, संजय श्रीवास्तव, दिलीप राजपूत, विवेक पटेल, संतोष चौकसे, बिहारी पटेल, विनोद पटेल , राज किशोर पटेल, विनोद पटेल, रविन्द्र गौतम ने भाग लिया।

# सेनजी महाराज की जयंती पर किया वरिष्ठों का सम्मान



**सिहोरा।** सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 725 वीं जयंती नगर उपनगर में वाहन रैली निकालकर उत्साह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन वार्ड क्रमांक 11 स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। जहां सेन जी महाराज का पूजन अर्चन महाआरती के साथ समाज के लगभग एक दर्जन से अधिक वरिष्ठों का सम्मान किया गया। वाहन रैली बस स्टेंड,ग़ौरी तिराहा,झंडा बाजार,कालभैरव चौक,मैना कुआं,बाबाताल,खितौला होकर निकली जिसका समापन आयोजन स्थल पर किया गया। प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी,रत्नेश दुबे, सुप्पी बर्मन, जितेंद्र पटेल, अशोक चौधरी, वर्षा ठाकुर, सोनू मिश्रा, दीपक तिवारी, सेन समाज अध्यक्ष सुग्रीव सेन, भारत श्रीवास, रूपेश श्रीवास, किशन श्रीवास, संतोष श्रीवास, बिट्टू सेन, आकाश सेन, वरिष्ठ लालजी, लखन, विनोद, शिव महाजन, किशन श्रीवास, लल्लू श्रीवास, अनिल श्रीवास, सोनू सेन, अरुण सेन, संजय, आजाद, विनय,सोनू, मोनू, रतीराम, सहित अनेक स्वाजातिय बंधू उपस्थित थे।

## बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने दिए दिशा निर्देश



**सिहोरा।** सीएम राइज पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के रीवा, कटनी, जबलपुर, लखनदौन हाईवे प्रोजेक्ट के मोहतरा टोल प्लाजा की टीम नेशनल हाइवे इंफ्रा द्वारा बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने हेतु दिशा निर्देश दिए तथा इसके लिए ब्राइट फ्यूचर नाम की संस्था को अनुबंधित किया गया जिसमे संस्था द्वारा बच्चों को भविष्य मे कैसे आगे बढ़ने के लिए क्या जरुरी कदम उठाने है और अपनी पढ़ाई को मद्देनजर रखते हुए किस तरफ अपना रुझान रखना है की अच्छी गाइडेंस दी गयी जिसका निकट भविष्य मे बच्चों को लाभ होगा तथा आगे भी इस प्रकार के शैक्षिक कार्यक्रम विभिन्न स्कूलो मे चलाये जायेंगे जिससे नयी पीढ़ी का भविष्य सुखद होगा स्कूल प्रशासन ने इस कार्यक्रम मे आये नेशनल हाइवे के प्रोजेक्ट हेड जी क्रांति कुमार,प्लाजा मैनेजर पृथ्वी राठी,एच आर मैनेजर संजय मिश्रा के साथ ब्राइट फ्यूचर संस्था को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जैन समाज ने दी मौन श्रृद्धांजलि

**जबलपुर।** आचार्य समय सागर महाराज एवं संपूर्ण संघ ने पहलगाम हमले में मारे गए बेकसूर नागरिकों को मौन श्रृद्धांजलि दी इस श्रृद्धांजलि के दौरान आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने कार्योत्सर्ग कर ईश्वर से प्रार्थना की सभी मुनि, एलक महाराज ने भी मौन रहकर श्रृद्धांजलि दी एवं विश्व में शांति की कामना की, धर्म सभा के संचालन कर रहे अमित पडरिया ने कहा कि इस समय पूरे विश्व में जैन धर्म के मुख्य आधार अहिंसा की आवश्यकता है तभी विश्व शांति हो सकती है। आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में विराजमान आचार्य श्री समयसागर महाराज ने अपने मांगलिक प्रवचन में कहा कि जो दूसरों की निंदा करता है और अपनी प्रशंसा करता है उसको नीच गोत्र कर्म का बंध होता है। बिना प्रयोजन हम किसी की भी निंदा करते है उससे हमारा कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं हो सकता, बल्कि हमारा ही अहित होता है और स्वयं के परिणाम बिगड़ते हैं। हमें तो अपने अवगुणों की निंदा और अन्य के गुणों की प्रशंसा करना चाहिए ।

## एमपी पावर की कबड्डी टीम घोषित

**जबलपुर।** 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कबड्डी प्रतियोगिता के लिए एमपी पावर की 12 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 29 अप्रैल तक शमिला में किया गया है। टीम में जबलपुर के अमरचंद कुशवाहा, शभम भलावी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर लाल बहादुर सिंह, सोनू कुशराम, अरविंद यादव, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया के आशीष कुनवदे, नीलेश यादव, रवीन्द्र मंडलोई, तोताराम जाधव, ग्वालियर के आशीष शुक्ला, बैढ़न के ब्रजेश कुशवाहा व गरोठ के रवि बडोदिया। टीम के कोच अजय तिवारी व मैनेजर आलोक श्रीवास्तव होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमपी पावर की टीम शुक्रवार को शिमला रवाना हो गई। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी है।


## पुरानी रंजिश पर बेसबाल के डंडे से पीटा, हवाई फायर कर भागे

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत बरेला थाना के पीछे पुरानी रंजिश पर कल शाम कुछ आरोपियों ने एक युवक के साथ मारपीट की और हवाई फायर किए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। बेसबाल के डंडे से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 8 थाना के पीछे बरेला निवासी 20 वर्षीय सरफराज खान गत शाम लगभग 6.45 बजे अपनी दुकान में था, तभी सुजल जैन अपने साथियों के साथ मुंह बांधकर कार से उतरा और उसे डराने के लिए पिस्टल से दो हवाई फायर किया और पुरानी रंजिश पर सुजल जैन ने मारपीट कर बेसबाल के डंडे से हमला कर फिर से पिस्टल से फायर किया तो गोली शटर में लगी। अरसद खान, छोटा श्रीपाल तथा सक्षम बैरागी ने बीच बचाव किया तो सुजल जैन फायर कर ग्रे कलर की बलेनो कार में अपने साथियों के साथ भाग गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 308(6), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## कंचनविहार में वृद्ध और रांझी में युवक ने लगाई फांसी

विजयनगर और रांझी थाना क्षेत्र में फांसी लगाने के दो मामलें प्रकाश में आए हैं। विजयनगर कंचन विहार में एक वृद्ध ने और रांझी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कंचन विहार रोड विजयनगर निवासी 85 वर्षीय छलकन प्रसाद कश्यप ने शुक्रवार की सुबह कमरे में गमछा पंखे की हुक में बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसी तरह रांझी कांचपुरा कालोनी निवासी 40 वर्षीय विष्णु ठाकुर ने गत रात लगभग 11 बजे कमरे में लगे पंखे के हुक में प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## रंगदारी वसूलने की मारपीट



पनागर थाना अतंर्गत रेलवे फाटक पटनऊ में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर एक बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट व गालीगलौज कर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आजाद वार्ड गोटिया मंदिर रेलवे फाटक के पहले पनागर निवासी 35 वर्षीय शेखर गोटिया गत शाम बिसैंदी से भूसा का काम कर अपने घर आ रहा था रात लगभग 8-45 बजे जैसे ही रेलवे फाटक पटनऊ के पास पहुँचा तभी ग्राम पटनऊ निवासी नीरज कोरी उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, पैसे देने से मना करने पर नीरज कोरी गाली गलौज करते हुये डंडा से उसके पैर पर हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

**श्रीमती लक्ष्मी देवी राठौर-** ग्राम निपनिया झुरझुर पनागर निवासी श्री लाल बहादुर राठौर की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी देवी राठौर (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गेश रैकवार-** बेलबाग छुई मोहल्ला निवासी श्री कमलेश रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गेश रैकवार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुधा केवट-** बजरंग रेलवे कॉलोनी सिविल लाइन निवासी श्री महेश प्रसाद केवट की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा केवट (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इंद्र कुमार सोंधिया-** शुक्ला होटल लालमाटी निवासी श्री जगदीश प्रसाद सोंधिया के पुत्र श्री इंद्र कुमार सोंधिया (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई यादव-** बापू नगर रांझी निवासी श्री दद्दी प्रसाद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई यादव (75) का निधन




हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोतीराम चांदवानी-** ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री मोतीराम चांदवानी (80) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विपिन तिवारी-** दुर्गा नगर गौरीघाट रेलवे स्टेशन के पास निवासी श्री घनश्याम तिवारी के पुत्र श्री विपिन तिवारी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा देवी ठाकुर-** गायत्री नगर कटनी निवासी श्री वीरेंद्र सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती उषा देवी ठाकुर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**अंजनी विश्वकर्मा-** गंगा मैया व्हीकल निवासी अंजनी विश्वकर्मा (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# एमजी मोटर ने लांच की ई20 फ्यूल पर चलने वाली हेक्टर एसयूवी

## कार 20 प्रतिशत तक इथेनॉल मिले पेट्रोल पर चल सकती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी सबसे खास एसयूवी हेक्टर का 2025 मॉडल भारत में लांच किया है, जिसकी सबसे बड़ी खासियत इसका ई20 कंप्लायंट इंजन है।

- इसकी शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 13.99 लाख रुपए

इसका मतलब है कि यह कार 20 प्रतिशत तक इथेनॉल मिले पेट्रोल पर चल सकती है। पर्यावरण को बेहतर बनाने के वास्ते कंपनी की यह कोशिश काबिलेतारीफ है। हेक्टर का नया मॉडल 1.5 लीटर पेट्रोल मैनुअल और सीवीटी ट्रांसमिशन विकल्प के साथ होगा और इसकी शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 13.99 लाख रुपए है। दरअसल, भारत सरकार चाहती है कि एक अप्रैल 2025 के बाद बनने वाली सभी गाड़ियां ई20 के अनुकूल हों, इसलिए एमजी मोटर ने हेक्टर को ई20 कंप्लायंट बनाया है। एमजी मोटर अब हेक्टर के सभी पेट्रोल मॉडल को ई20 के नियमों के अनुसार बनाएगी। यह नियम 31 मार्च 2025 के बाद बनने वाली गाड़ियों पर लागू होगा। एमजी एस्टर पहले से ही ई20 कंप्लायंट है।

### क्या होता है ई20 फ्यूल?

सबसे पहले बात कर लेते हैं ई20 फ्यूल की तो ई20 वह फ्यूल होता है, जिसमें 20 प्रतिशत इथेनॉल होता है और बाकी 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है। ई20 फ्यूल से पर्यावरण को नुकसान नहीं होता है। भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2025 से यह नियम भी लागू कर दिया है कि आने वाली सभी गाड़िया ई20 कंप्लायंट होनी चाहिए।




### एमजी हेक्टर पर खास ऑफर

एमजी हेक्टर भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी है। यह साल 2019 में आई थी और तब से यह बहुत पॉपुलर है। इसमें कई अच्छे फीचर्स हैं। इसमें बड़ा सनरूफ और 14 इंच का एचडी इन्फोटेनमेंट सिस्टम है, जिसमें 70 से ज्यादा कनेक्टेड कार फीचर्स और एडास जैसे सेफ्टी फीचर्स भी हैं। एमजी मोटर ने हेक्टर खरीदने वालों के लिए एक खास ऑफर निकाला है, जिसका नाम मिडनाइट कार्निवल है। इस ऑफर में ग्राहक हर वीकेंड आधी रात तक एमजी मोटर के शोरूम में जा सकते हैं। इस ऑफर में 20 लकी ग्राहकों को लंदन जाने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही उन्हें 4 लाख रुपए तक के फायदे भी मिलेंगे।

### 'पर्यावरण को भी सुरक्षित रखने पर जोर'

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के हेड ऑफ सेल्स राकेश सेन का कहना है कि हेक्टर का ई20 मॉडल लाकर हमने दिखा दिया है कि हम हमेशा कुछ नया करने और पर्यावरण को बचाने के लिए तैयार रहते हैं। हम ऐसी गाड़ियां बनाना चाहते हैं जो लोगों की जरूरतों को पूरा करें और पर्यावरण को भी सुरक्षित रखें।

## खबर संक्षेप

### एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ 7,118 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में मामूली गिरावट के साथ 7,117.5 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 7,129.67 करोड़ रुपये रहा था। उसकी कुल आय बढ़कर 38,022 करोड़ रुपये हो गई।

### श्रीराम फाइनेंस ने एफडी पर ब्याज दरें कीं संशोधित

**नई दिल्ली।** श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने विभिन्न परिपक्वता अवधि वाली एफडी पर ब्याज दरों में संशोधन कर दिया है। नई दरें दो मई, 2025 से प्रभावी होंगी। जमा/नवीनीकरण के समय 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों को प्रति वर्ष अतिरिक्त 0.50 प्रतिशत ब्याज मिलेगा जबकि महिला निवेशकों को सालाना 0.10 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज मिलेगा।

### एलआईसी हाउसिंग ने ऋण दर घटाई

**नई दिल्ली।** आवास ऋण देने वाली कंपनी एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने अपनी ऋण दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की शुक्रवार को घोषणा की। भारतीय रिजर्व बैंक के हाल में नीतिगत दर में कटौती के बाद यह कदम उठाया गया है। एलआईसी हाउसिंग प्राइम लेंडिंग रेट में इस कटौती से मौजूदा और नए उधारकर्ताओं दोनों को लाभ होगा ।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र के लाभ में 23 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 23 प्रतिशत बढ़कर 1,493 करोड़ रुपये हो गया। पुणे स्थित बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 1,218 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 7,711 करोड़ रुपये हो गई।

### कोका-कोला की किनले को मिला 1500 करोड़ का राजस्व



**नई दिल्ली।** पेय पदार्थ क्षेत्र की प्रमुख कंपनी कोका-कोला इंडिया के किनले सोडा ब्रांड ने भारतीय बाजार में 1,500 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व हासिल किया है। आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती और 'रिफ्रेशमेंट' खंड में उपभोक्ताओं की मांग पर विशेष ध्यान के साथ नवाचार को लेकर कोका-कोला इंडिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### डॉलर के मुकाबले रुपए में सात पैसे की गिरावट



**मुंबई।** बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और घरेलू बाजारों में नकारात्मक रुख के बीच अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपनी शुरुआती बढ़त गंवा बैठा और सात पैसे की गिरावट के साथ 85.40 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले के बाद बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया।

### केंद्रीय इस्पात मंत्री गोयल ने स्टील इंडिया 2025 कार्यक्रम में कहा

# सरकार स्थानीय इस्पात कंपनियों को डंपिंग कम कीमतों से संरक्षण देने में रही सफल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

केंद्रीय इस्पात मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत वैश्विक इस्पात मांग में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है। उन्होंने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि सरकार घरेलू इस्पात उद्योग को अनुचित डंपिंग और तर्कहीन रूप से कम कीमत से संरक्षण देने में सक्षम रही है।

इस्पात मंत्रालय और उद्योग मंडल फिक्की की तरफ से आयोजित 'स्टील इंडिया 2025' कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि निर्यातकों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर इस्पात मिलना जारी रहेगा।

### हम दुनिया के लिए दरवाजे बंद नहीं कर रहे

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'भारत लगातार आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। जब हम आत्मनिर्भरता की बात करते हैं, तो हम दुनिया के लिए दरवाजे बंद नहीं कर रहे हैं। हम वास्तव में और अधिक दरवाजे खोल रहे हैं क्योंकि हर देश के पास अलग-अलग उत्पादों के लिए अपने प्रतिस्पर्धी लाभ होंगे।'





- भारत वैश्विक इस्पात मांग में योगदान देने तैयार
- एमएसएमई को अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर इस्पात मिलता रहेगा
- भारतीय इस्पात, लागत प्रभावी व उच्च गुणवत्ता वाला उत्पाद है

*इस्पात आयात पर 12 फीसदी सुरक्षा शुल्क : गोयल ने कहा, "भारत वैश्विक इस्पात मांग में महत्वपूर्ण योगदान देने और इस्पात उद्योग को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। हाल ही में इस्पात आयात पर 12 प्रतिशत सुरक्षा शुल्क लगाए जाने के सरकार के फैसले पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ भारतीय उद्योग को समर्थन देने के लिए सदैव सतर्क और सक्रिय है।*

### हम दुनिया की जरूरतों को पूरा करेंगे

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि भारतीय इस्पात उद्योग एक बहुत ही कुशल और लागत प्रभावी, उच्च गुणवत्ता वाला उत्पादक है। मंत्री ने कहा, "हमारा मानना है कि यह ऐसा क्षेत्र है, जहां हम न केवल भारत की बढ़ती जरूरतों को पूरा करेंगे, बल्कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भी हम बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल में दुनिया की जरूरतों को पूरा करेंगे।

### इस्पात निर्माता उत्पादन लक्ष्य का पैमाना बढ़ाए

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि 50 करोड़ टन इस्पात उत्पादन हासिल करने का लक्ष्य काफी कम है और देश में इस धातु की प्रति व्यक्ति खपत बढ़ने के साथ उद्योग को अधिक उत्पादन का लक्ष्य रखना चाहिए। गोयल ने उद्योग से कहा, स्पष्ट रूप से 50 करोड़ टन (इस्पात उत्पादन) का लक्ष्य कम है। मुझे लगता है कि हमें कम-से-कम अपने निकटतम प्रतिस्पर्धी के स्तर तक जाने की आकांक्षा रखनी चाहिए।

### 2047 तक होंगे सबसे बड़े इस्पात निर्माता

हम वर्ष 2047 तक दुनिया के सबसे बड़े इस्पात निर्माता बनने की आकांक्षा क्यों नहीं रख सकते। इस्पात उद्योग को देश की अर्थव्यवस्था की 'रीढ़' बताते हुए मंत्री ने देश के विकसित और समृद्ध देश बनने की यात्रा में इस्पात की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

### मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा

गोयल ने कहा, "इस्पात जीवन के लगभग हर क्षेत्र का एक आवश्यक घटक है, चाहे वह जहाजरानी, जहाज-निर्माण, रेलवे, रक्षा, वाहन क्षेत्र हो, देश भर में बुनियादी ढांचा हो, यह जीवन के हर क्षेत्र में मौजूद है।" केंद्रीय मंत्री ने 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने पर सरकार के विशेष ध्यान पर प्रकाश डाला।

### वर्तमान में इस्पात खपत 100 किलोग्राम

भारत की वर्तमान प्रति व्यक्ति इस्पात खपत 100 किलोग्राम है जो बहुत कम है, और इसे बढ़ाकर 700 किलोग्राम करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

# मारुति सुजुकी को 3911 करोड़ का प्रॉफिट, शेयर धारकों में बांटेगी मुनाफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में खर्च बढ़ने के कारण एक प्रतिशत घटकर 3,911 करोड़ रुपये रह गया।

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 3,952 करोड़ रुपये रहा था। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बीती तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 40,920 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 38,471 करोड़ रुपये रही थी। समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ 7.5 प्रतिशत बढ़कर 14,500 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 13,488 करोड़ रुपये था।




- कंपनी के शुद्ध लाभ में एक फीसदी की गिरावट दर्ज
- चौथी तिमाही में खर्च बढ़ने के कारण गिरावट आई

### एकल आधार पर शुद्ध लाभ में गिरावट


कंपनी ने कहा कि मार्च तिमाही में एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ घटकर 3,711 करोड़ रुपये रह गया, जबकि एक साल पहले समान तिमाही में यह 3,878 करोड़ रुपये था। एमएसआई ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी शुद्ध बिक्री बढ़कर 38,849 करोड़ रुपये हो गई, जबकि 2023-24 की इसी अवधि में यह 36,697 करोड़ रुपये थी।

### 135 रुपए डिविडेंड देने का ऐलान

मारुति सुजुकी ने घाटे के बावजूद शेयरधारकों को 135 रुपए का रिकॉर्ड डिविडेंड देने का ऐलान किया है। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसकी कुल आमदनी समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 40,920 करोड़ रुपए रहा है, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 38,471 करोड़ रुपए रहा था।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- समाप्त सप्ताह में 686 .14 अरब डॉलर पर पहुंचा
- लगातार सातवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि लगातार सातवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। इसके पहले 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.52 अरब डॉलर बढ़कर 578.49 अरब डॉलर हो गईं।

डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.57 अरब डॉलर बढ़कर 84.57 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 21.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.57 अरब डॉलर हो गया।

## एस्कॉर्ट्स कुबोटा मई से ट्रैक्टर की कीमतें बढ़ाएगी




**नई दिल्ली।** कृषि एवं निर्माण उपकरण कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले महीने से ट्रैक्टर की कीमतों में बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका कृषि मशीनरी व्यवसाय प्रभाग एक मई, 2025 से कुबोटा ब्रांड के अलावा अपने अन्य ट्रैक्टरों की कीमतों में भी बढ़ोतरी करेगा। इसमें कहा गया कि कीमतों में बढ़ोतरी मॉडल/संस्करण और भौगोलिक क्षेत्रों के हिसाब से अलग-अलग होगी। हालांकि, कंपनी ने इसके बारे में अधिक ब्योरा नहीं दिया है कि कीमतों में कितनी बढ़ोतरी होने जा रही है।

# ईएसआई के तहत फरवरी में 15.43 लाख पंजीकरण

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) योजना के तहत फरवरी में कुल 15.43 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, फरवरी 2025 के दौरान ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में 23,526 नए प्रतिष्ठान लाए गए हैं, जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। ईएसआईसीके अस्थायी पेरोल आंकड़ों से पता चला है कि फरवरी 2025 में 15.43 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं। नए पंजीकरण में 25 वर्ष की आयु तक के 47.7 प्रतिशत या 7.36 लाख कर्मचारी हैं। बयान में कहा गया कि फरवरी 2025 में 3.35 लाख महिला कर्मचारियों ने ईएसआई योजना में नामांकन कराया है। इसके अलावा 74 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने पंजीकरण कराया, जो समाज के हर वर्ग को इसका लाभ पहुंचाने के लिए ईएसआईसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# भारत-पाक तनाव से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 589 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- दो दिनों में निवेशकों को 8 .88 लाख करोड़ रुपए चपत
- एक्सिस बैंक की बिकवाली से बाजार में रही गिरावट

एक्सिस बैंक में बिकवाली और भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में खासी गिरावट दर्ज की गई। दो दिनों में निवेशकों को 8.88 लाख करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए 588.90 अंक यानी 0.74 प्रतिशत टूटकर 79,212.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,195.62 अंक टूटकर 78,605.81 अंक पर आ गया था। निफ्टी में दूसरे दिन भी गिरावट जारी रही और यह 207.35 अंक गिरकर 24,039.35 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव की चिंताओं ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया। आईटी सूचकांक को छोड़कर सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। मुनाफावसूली के कारण मिडकैप सूचकांक और स्मॉलकैप सूचकांक में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच निवेशकों ने सतर्क धारणा बना ली है। ऊंचे मूल्यांकन और तिमाही नतीजों की सुस्त शुरुआत के चलते मिडकैप एवं स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली देखी गई।"

### निवेशकों की संपत्ति घटी

भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव और मुनाफावसूली होने के कारण शेयर बाजारों में दो दिनों में आई गिरावट के दौरान निवेशकों की संपत्ति 8.88 लाख करोड़ रुपये घट गई। इस वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इन दो दिनों में 8,88,975.14 करोड़ रुपये घटकर 4,21,58,900.91 करोड़ रुपये (4.93 लाख करोड़ डॉलर) रह गया।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़


सेंसेक्स के शेयरों में अडाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, इटरनल (जोमैटो), बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, मारुति, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और एनटीपीसी में सबसे अधिक गिरावट हुई। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

# ईवी अपनाने से तेल आयात बिल में भारी कटौती संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के कम से कम 10 लाख की आबादी वाले 44 शहरों में पुराने वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने से वर्ष 2035 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 6.1 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर की कमी लाई जा सकती है। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है।

'द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट' (टेरी) के इस अध्ययन में कहा गया है कि पुराने वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने से 2035 तक 51 अरब लीटर से अधिक पेट्रोल और डीजल की बचत की जा सकेगी। इससे भारत का तेल आयात बिल अनुमानित रूप से 9.17 लाख करोड़ रुपये (106.6 अरब अमेरिकी डॉलर) कम हो जाएगा।



- टेरी ने जारी की अध्ययन रिपोर्ट
- पुराने वाहनों की जगह ईवी ने ली

*3.7 लाख नए रोजगार सृजित हो सकते हैं : रिपोर्ट के लेखकों ने कहा कि पूर्ण रूप से ईवी अपनाने से 2035 तक हर दिन 11.5 टन पीएम 2.5 उत्सर्जन से बचा जा सकता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 6.1 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर कमी आ सकती है। अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, इससे इलेक्ट्रिक वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 3.7 लाख नए रोजगार भी सृजित हो सकते हैं।*

# हिंदुस्तान जिंक का मुनाफा 47 फीसदी बढ़ 3,003 करोड़

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) ने शुक्रवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 47.3 प्रतिशत बढ़कर 3,003 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने इससे एक साल पहले की अवधि में 2,038 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। एचजेडएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के दौरान उसकी आय सालाना आधार पर 7,822 करोड़ रुपये से बढ़कर 9,314 करोड़ रुपये हो गई।

## इस सप्ताह सोना अपने अब तक के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंचा

# देश में सोने की कीमतों में उछाल से महिलाओं की बढ़ी चिंता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में सोने की कीमत ने ऐतिहासिक ऊंचाई छूते हुए प्रति दस ग्राम एक लाख रुपये का आकंड़ा पार कर लिया है। सोने के दाम में इस अभूतपूर्व वृद्धि ने न केवल बाजार को चौंकाया है बल्कि आम लोगों की जेब पर भी गहरा असर डाला है और शादियों के सीजन में महिलाओं की चिंता बढ़ा दी है।

- अप्रत्याशित उछाल ने मध्यमवर्गीय परिवारों को झटका दिया

अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम में जब सोने की खरीदारी हर भारतीय घर की प्राथमिकता होती है, ऐसे समय में इस कीमती धातु की कीमतों में अप्रत्याशित उछाल ने मध्यमवर्गीय परिवारों को झटका दिया है।



*सोना हमारे लिए पीढ़ियों की परंपरा : झारखंड के रांची जिले की प्रमिला उरांव ने कहा, 'मेरी मां ने अपनी चूड़ियां बेचकर मुझे पढ़ाया था। अब जब मेरी बेटी की शादी तय हुई है, तो मैंने भी सोचा था कि उसके लिए सोने की एक जोड़ी बालियां जरूर बनवाऊंगी। लेकिन जब दाम सुना, तो लगा जैसे एक सपना दूर होता जा रहा है। हमारे लिए सोना सिर्फ शौक नहीं, पीढ़ियों की परंपरा है।'*

### लोग अब दाम पूछकर लौट रहे

बढ़ती कीमतों के बीच सराफा कारोबारियों की चिंता भी कम नहीं है। कई दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक आ तो रहे हैं, लेकिन खरीदारी में भारी गिरावट आई है। पहले लोग गहनों की डिजाइन देखते थे, अब सिर्फ दाम पूछकर लौट रहे हैं। हमें डर है कि ये भाव ऐसे ही रहे तो छोटे दुकानदारों का टिकना मुश्किल हो जाएगा और धंधा मंदा पड़ जाएगा।

### महिलाएं सोना जरूर खरीदेंगी

वहीं राधेश्याम ज्वेलर्स के करण सोनी का मानना है कि जब तक है नारी, तब तक रहेगी सोनारी। वह कहते हैं "महिलाओं के लिए सोना और सोने के गहने मायने रखते हैं। वह बचत करेंगी और सोना जरूर खरीदेंगी, चाहे थोड़ा ही खरीदें।"

### सोना 1,01,600 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंचा

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना इस सप्ताह मंगलवार को 1,800 रुपए चढ़कर 1,01,600 रुपए प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के बीच ब्याज दर में कटौती तथा चीन के साथ शुल्क को लेकर तनाव कुछ कम होने के संकेत से सोने के दाम थोड़े नरम हुए हैं।

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ हो वैश्विक एक्शन का ऐलान

आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है, केवल सामूहिक निंदा से बात नहीं बनेगी। पहलगाम में जिस बर्बरता से टार्गेटेड आतंकी हमला हुआ है और बेकसूर सैलानियों को सिर में गोली मारकर मौत के घाट उतारा गया है, वह बिना सुनियोजित साजिश व ट्रेनिंग संभव ही नहीं है। हमलावर आतंकवादी फौजी तरीके से प्रशिक्षित थे और अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। प्रारंभिक जांच में पहलगाम आतंकी हमले की साजिश के तार पाकिस्तान से जुड़ते दिख रहे हैं, अतीत में अनेक आतंकी हमलों में पाकिस्तान का हाथ रहा है। भारत ने विश्व के सामने आतंकवाद के प्रायोजक पाकिस्तान की संलिप्तता के सबूत अनेक बार दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका व यूरोप ने अनेक पाक आतंकी को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कर रखा है, वे आज भी पाक में हैं। फ्रांस स्थित एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) ने टेरर फंडिंग को लेकर पाकिस्तान को कई बार ब्लैकलिस्ट किया है व ग्रे लिस्ट में डाला है। इसलिए दुनिया के सामने साफ है कि दुनिया में कौन देश आतंकवाद को पाल-पोस रहा है, कौन भारत के खिलाफ आतंकवाद कर रहा है? संयुक्त राष्ट्र ने देर से ही सही पर यथार्थ कहा है कि विश्व को पहलगाम जैसे आतंकवाद की सार्वजनिक रूप से निंदा करनी चाहिए और नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है। लेकिन बड़ा सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद के वैश्विक रूप को स्वीकार करने में ही बहुत देर की, यहां तक कि इसे परिभाषित तक नहीं कर सका है। संयुक्त राष्ट्र ने तब तक आतंकवाद को ग्लोबल खतरा नहीं माना जब तक कि अमेरिका में 9/11 नहीं हो गया व यूरोप अनेक बार लहूलुहान नहीं हो गया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि 'भारत और पाकिस्तान के बीच की स्थिति पर 'बहुत बारीकी से और बहुत चिंता के साथ' नजर रख रहे हैं। इस तरह के बयान से साफ है कि आतंकवाद पर यूएन के रुख में अभी भी स्पष्टता नहीं है। वह पाकिस्तान की गतिविधियों को करीब से नहीं देख रहा है। असल में संयुक्त राष्ट्र अगर आतंकवाद के वैश्विक खतरे के प्रति सजग है, तो इस वैश्विक संस्था को चाहिए कि वह दहशतगर्द में लिप्त देश को आतंकवादी देश घोषित करे। इजराइल ने हमास के आतंकवाद को झेला और दुनिया ने देखा कि किस तरह से हमास के आतंकियों ने बेकसूर इजराइलियों की हत्या की, ठीक पहलगाम में आतंकी हमले की तरह। उस वक्त भी संयुक्त राष्ट्र ने एक वैश्विक संस्था के नाते आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का सार्वजनिक आह्वान नहीं किया। इजराइल ईरान प्रायोजित आतंकवाद हमास, हिजबुल्ला और हूती के हमलों का सामना लंबे समय से कर रहा है। विश्व में इस्लामिक स्टेट, अलकायदा, अल शबाब, हमास, हूती, हिजबुल्ला, तालिबान, टीटीपी, हिज्बुल, लश्कर, जैश जैसे सैकड़ों आतंकी गुट हैं, जिनके बारे में व्यापक जानकारी संयुक्त राष्ट्र के सामने है, लेकिन इन टेरर गुटों के खात्मे के लिए यूएन की तरफ से कभी भी सामूहिक आह्वान देखने को नहीं मिला है। यह वक्त आंसू बहाने या सहानुभूति जताने का नहीं है, आतंकवाद व आतंकी गुटों के खिलाफ वैश्विक एक्शन का है। इसमें संयुक्त राष्ट्र को अगुवाई करना चाहिए। अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस जैसे ताकतवर देशों को यूएन की छतरी के नीचे आतंकवाद के खात्मे के लिए एक मंच पर आना चाहिए। भारत आतंकवाद के खिलाफ मुश्तैदी से लड़ रहा है, पहलगाम हमले के गुनहगारों व साजिशकर्ताओं को नहीं बख्शेगा।




प्रतिक्रिया
अरविंद जयतिलक

# सिंधु जल संधि पर भारत का कड़ा रुख

**गौर करें तो 1960 के सिंधु जल समझौते के तहत भारत अपने हिस्से का पूरा पानी इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है। भारत जब भी अपने हिस्से का जल इस्तेमाल करने की कोशिश करता है, पाकिस्तान रुकावट पैदा करने की कोशिश करता है। याद होगा वर्ष 2015 में पाकिस्तान ने भारत की किशनगंगा और पन बिजली परियोजनाओं को लेकर कड़ी आपत्ति जतायी थी और आपत्तियों को मध्यस्तता अदालत में ले जाने का प्रस्ताव किया था। अब भारत का स्पष्ट रुख है कि पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को प्रश्रय देने से बाज नहीं आता है तब तक उसे भारत सिंधु जल समझौते के स्थगित होने का दर्द सहना पड़ेगा।**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले के तुरंत बाद भारत ने पाकिस्तान पर शिकंजा कसते हुए 1960 की सिंधु जल संधि को तुरंत प्रभाव से स्थगित कर दिया है। भारत का यह कड़ा रुख इसलिए भी आवश्यक था कि आतंकवाद को प्रश्रय देने के मामले में पाकिस्तान अपने रुख से बाज आने को तैयार नहीं है। वैसे भी गौर करें तो 1960 के सिंधु जल समझौते के तहत भारत अपने हिस्से का पूरा पानी इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है। भारत जब भी अपने हिस्से का जल इस्तेमाल करने की कोशिश करता है, पाकिस्तान रुकावट पैदा करने की कोशिश करता है। याद होगा वर्ष 2015 में पाकिस्तान ने भारत की किशनगंगा और पन बिजली परियोजनाओं को लेकर कड़ी आपत्ति जतायी थी और आपत्तियों को मध्यस्तता अदालत में ले जाने का प्रस्ताव किया था। अब भारत का स्पष्ट रुख है कि पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को प्रश्रय देने से बाज नहीं आता है तब तक उसे भारत सिंधु जल समझौते के स्थगित होने का दर्द सहना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि सिंधु जल समझौते के मुताबिक सतलुज, ब्यास और रावी नदी का पानी भारत को मिला है जबकि चेनाव, झेलम और सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान के हिस्से में है। इन नदियों के कुल 16.8 करोड़ एकड़-फुट पानी में से भारत को उसके लिए आवंटित तीनों नदियों से 3.3 करोड़ एकड़-फुट पानी मिलता है, जो कुल जल का 20 प्रतिशत है। भारत अपने हिस्से का करीब 93-94 प्रतिशत पानी उपयोग करता है और शेष पानी बहकर पाकिस्तान में चला जाता है। भारत अपने हिस्से के जल का इस्तेमाल करने के लिए पंजाब के शाहपुर कांडी बांध परियोजना, सतलुज-ब्यास की दूसरी लिंक परियोजना और जम्मू-कश्मीर में प्रस्तावित उज्ज बांध परियोजना को जल्द पूरा करने की कोशिश में है। अगर ये तीन परियोजनाएं पूरी हो जाती हैं तो भारत अपने हिस्से के जल का पूरा उपयोग करने लगेगा और पाकिस्तान को अतिरिक्त जल मिलना मुश्किल हो जाएगा। सिंधु दुनिया की सबसे बड़ी नदियों में से है और इसकी लंबाई तकरीबन 3000 किलोमीटर से भी अधिक है। पाकिस्तान ने सिंचाई एवं अन्य कार्यों में जल के उपयोग के लिए इस पर कई बांध बना रखे हैं जिससे बड़े पैमाने पर बिजली का उत्पादन होता है। पाकिस्तान की 2.6 करोड़ एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई इन नदियों के जल पर ही निर्भर है। सिंधु जल संधि सद्भावना पर आधारित है। यह जल संधि आधुनिक विश्व के इतिहास का सबसे उदार जल बंटवारा संधि है और यह भारत के उदार रवैए के कारण ही संभव हुआ। जानना जरूरी है कि विश्व बैंक की मध्यस्थता से ही 19 सितंबर 1960 को भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि को आकार दिया गया। सिंधु जल संधि समझने के लिए दो बातों पर विशेष ध्यान देना होगा। एक, यह कि सिंधु नदियों की व्यवस्था राजनीतिक विभाजन की दृष्टि से नहीं बनायी गयी थी। इसीलिए भौगोलिक दृष्टि से विभाजन के उपरांत पाकिस्तान को 18 मिलियन एकड़ भूमि सिंचाई योग्य मिली और भारत को 5 मिलियन एकड़ सिंचाई वाली भूमि उपलब्ध हुई। तब सिंधु नदी क्षेत्र में भारत की 20 मिलियन जनसंख्या रहती थी जबकि पाकिस्तान की इस प्रकार की आबादी 22 मिलियन थी। दूसरा, यह कि इस सिंधु नदी क्षेत्र में कुल




सात नदियां सम्मिलित थी जिसमें से सिंधु स्वयं पश्चिम में थी तथा काबुल एवं उसकी पांच सहायक नदियां-झेलम, चिनाब, रावी, सतलुज और व्यास पूर्व में स्थित थी। इनमें से काबुल को छोड़ सिंधु, झेलम और चिनाब मुख्य रूप से पाकिस्तान में बहती हैं तथा ये सिंधु क्षेत्र में लगभग 80 फीसद पानी को बहा ले जाती हैं। दूसरी ओर रावी व सतलुज मुख्य रूप से तथा ब्यास पूर्ण रूप से भारत में बहती हैं। संधि के मुताबिक भारत को इन छह नदियों का 80 फीसद जल पाकिस्तान को देना पड़ता है जबकि भारत के हिस्से में सिर्फ 19.48 फीसद पानी आता है। उल्लेखनीय है कि पंजाब के राजनीतिक विभाजन के कारण नहरी पानी विवाद सतह पर उभरा। यह विवाद 1 अप्रैल, 1948 को तब उभरा जब भारत के पंजाब प्रांत को सरकार ने पानी की रकम अदायगी न करने के कारण पाकिस्तान जाने वाला पानी रोक दिया। परंतु दोनों सरकारों ने इसे कानूनी मुद्दा न बनाते हुए द्विपक्षीय स्तर पर 4 मई, 1948 को हुए समझौते के अंतर्गत हल कर लिया। लेकिन कुछ समय बाद फिर विवाद उत्पन्न हो गया। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत उसे पानी की उचित मात्रा नहीं दे रहा है। दूसरी ओर भारत ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान अपने पंजाब प्रांत के विकास हेतु अपने साधनों के द्वारा वैकल्पिक स्त्रोत नहीं तलाश रहा है। यहां जानना जरूरी है कि ये नहरें आर्थिक दृष्टिकोण से उस समय बनायी गयी थी जब भारत के विभाजन का विचार किसी की सोच में नहीं था। लेकिन भारत विभाजन के उपरांत नहरों के पानी का असंतुलित विभाजन उभरकर सामने आ गया। ध्यान देना होगा कि पंजाब की पांचों नदियों में से सतलुज और रावी दोनों देशों के मध्य से बहती हैं। झेलम और चिनाब पाकिस्तान के मध्य से और व्यास पूर्णतया भारत में बहती है। किंतु भारत विभाजन के उपरांत भारत के नियंत्रण में वे तीनों मुख्यालय आ गए जिनसे दोनों देशों की नहरों को पानी की आपूर्ति की जाती थी। पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांत सिंचाई के लिए इन नहरों पर आश्रित हैं।

विभाजन के उपरांत पाकिस्तान के मन में आशंका उपजी कि भारत जब चाहे तब पानी बंद करके उसे भूखों मार सकता है। लिहाजा उसने विभाजन के बाद नहरी पानी को लेकर विवाद शुरू कर दिया। इसी संदर्भ में अमेरिका के एक विशिष्ट विशेषज्ञ डेविड लिलियेन्थल ने 1951 में भारत का दौरा करके बताया कि सिंधु नदी जल का 20 फीसद से भी कम भाग प्रयोग में लाया गया है तथा इस नदी के संग्रह क्षेत्र में से गुजरता हुआ छह नदियों का यह पानी बिना प्रयोग किए ही अरब सागर में गिर जाता है। लिहाजा उन्होंने दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए दोनों देशों को सलाह दी कि वे इस समस्या को राजनीतिक स्तर से हटाकर तकनीकी एवं व्यापारिक स्तर पर सुलझाने का प्रयास करें। इसके लिए उसने विश्व बैंक से मदद लेने की सिफारिश की। इस संदर्भ में सितंबर 1951 में विश्व बैंक के अध्यक्ष यूजीन ब्लेक ने मध्यस्थता करना स्वीकार कर लिया लेकिन पाकिस्तान ने कुछ आपत्तियां जतायी। बावजूद इसके यूजीन ब्लेक और उसके बाद मिस्टर इल्कि के सहयोग से वर्षों तक बातचीत चलने के उपरांत 19 सितंबर, 1960 को भारत और पाकिस्तान के बीच जल के सवाल पर एक समझौता हो गया। इस समझौते को सिंधु जल संधि नाम दिया गया। इस समझौते पर भारत के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु और पाकिस्तानी राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किए। 12 जनवरी 1961 को इस संधि की शर्तें लागू कर दी गयी और इस प्रकार दोनों देशों के बीच विवाद का अंत हो गया। लेकिन इस योजना के अनुसार भारत को केवल इस क्षेत्र में बहने वाले पानी का कुल 20 फीसद ही प्राप्त हुआ जो इसकी सिंचाई योग्य 26 मिलियन एकड़ भूमि के लिए पर्याप्त नहीं है। इस समझौते से भारत को नुकसान हो रहा है।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

जल समझौता
मुनीष भाटिया



# सिंधु जल पर विराम, पाक प्रायोजित आतंक पर प्रहार

पहलगाम के आतंकवादी हमले में पाकिस्तान के हाथ होने के मद्देनजर भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित करने का निर्णय लिया। यह हमला, जिसमें पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों द्वारा भारतीय सुरक्षा बलों पर हमला किया गया था, भारत-पाकिस्तान संबंधों में तनाव को और बढ़ा दिया है। भारत ने पर्यटकों पर हमले को पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का एक और प्रयास माना और इसके परिणामस्वरूप, सिंधु जल समझौते के तहत पाकिस्तान को मिलने वाले जल संसाधनों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता महसूस की। इस निर्णय से भारत ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया कि आतंकवाद और हिंसा के माध्यम से शांति की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। भारतीय सरकार ने यह स्पष्ट किया कि यदि पाकिस्तान ने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया और शांति की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो भारत को अपने जल संसाधनों के उपयोग में बदलाव करने का पूरा अधिकार है। सिंधु जल संधि भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई एक ऐतिहासिक जल बंटवारा संधि है, जिसे विश्व बैंक की मध्यस्थता में भारत के प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षरित किया था। यह संधि सिन्धु नदी प्रणाली की छह नदियों सिन्धु, झेलम, चिनाब, रावी, व्यास और सतलुज के जल बंटवारे से संबंधित है। संधि के अनुसार, भारत को पूर्वी नदियों (रावी, व्यास, सतलज) के जल पर पूर्ण अधिकार मिला, जबकि पाकिस्तान को पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम, चिनाब) का प्रमुख उपयोग करने का अधिकार दिया गया। सिंधु जल संधि के तहत, छह प्रमुख नदियों सिन्धु, झेलम, चिनाब, रावी, व्यास, और सतलुज के जल का बंटवारा किया गया।

संधि के अनुसार, भारत को पूर्वी नदियां (रावी, व्यास, और सतलुज) मिलीं, जो कुल जल का 62% हिस्सा हैं। इसके विपरीत, पाकिस्तान को पश्चिमी नदियाँ (सिंधु, झेलम, और चिनाब) मिलीं, जिनका कुल जल बंटवारा 38 फीसदी था। भारत को इन पश्चिमी नदियों के जल का सीमित उपयोग करने की अनुमति थी, विशेष रूप से पनबिजली परियोजनाओं और सिंचाई के लिए। यह बंटवारा दोनों देशों के बीच जल उपयोग के विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था, और यह संधि अब तक एक सफल और स्थायी जल समझौते के रूप में मानी जाती है। संधि में जल विवादों के समाधान के लिए एक स्थायी आयोग और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की व्यवस्था की गई है। सिंधु जल संधि का उल्लंघन द्विपक्षीय तनाव बढ़ा सकता है और राजनीतिक विवाद उत्पन्न कर सकता है। यदि कोई पक्ष संधि के नियमों का उल्लंघन करता है, तो दूसरे देश की जल आपूर्ति, कृषि और पनबिजली उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है, विशेषकर पाकिस्तान जैसे देश के लिए जो सिंधु नदी प्रणाली पर अत्यधिक निर्भर है। इससे अंतरराष्ट्रीय विवाद और आरोप-प्रत्यारोप बढ़ सकते हैं, और युद्ध जैसी स्थिति की धमकी तो पाकिस्तान दे ही रहा है। जब पाकिस्तान बार-बार आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देता है, तब यह सवाल उठता है कि भारत क्यों सिंधु जल संधि जैसे समझौतों का पालन करता रहे। भारत का संयम उसकी परिपक्वता, लोकतांत्रिक मूल्यों और वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है, लेकिन यह भी सच है कि पाकिस्तान को शांति की जिम्मेदारी समान रूप से निभानी होगी। भारत के पास सिंधु जल संधि के प्रावधानों की समीक्षा करने का विकल्प है, और वह पश्चिमी नदियों के जल का पूर्ण और वैध उपयोग कर सकता है, जिससे पाकिस्तान पर दबाव डाला जा सकता है। भारत की छवि केवल उसके शांतिपूर्ण रवैये से नहीं, बल्कि उसके संप्रभु हितों की रक्षा करने की क्षमता से बनती है। समय आ गया है कि भारत इस संधि की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करे कि शांति की जिम्मेदारी दोनों देशों पर समान रूप से हो, सिर्फ भारत पर नहीं। यदि भारत पश्चिमी नदियों का जल संचय करना चाहता है, तो उसे बड़े बांधों और जलाशयों का निर्माण करना होगा। इसके अलावा, पानी के वितरण के लिए नहर प्रणालियों और सुरंगों का नेटवर्क बनाना होगा। जल प्रबंधन के दौरान पर्यावरणीय प्रभावों का भी ध्यान रखना होगा। हालांकि, भारत के पास जल के लिए प्राकृतिक संसाधन हैं, लेकिन जल प्रबंधन की स्मार्ट प्रौद्योगिकियों और नदी प्रणालियों का संचालन आवश्यक होगा। इस प्रकार, भारत को जल का संतुलित और कुशल उपयोग करना होगा ताकि न केवल पानी का संचय किया जा सके, बल्कि भविष्य में जल संकट की स्थिति से भी बचाव हो सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए। माना कि साहस में गिरना भी होता है, चोट भी खानी होती है, लेकिन वही एकमात्र मार्ग है।

## महिला के शुभ कदम



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछाः केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदारः केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहाः ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े देदूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोलाः यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान होजाता है।

## सन्नाटा



डोडा। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद डोडा जिले का भद्रवाह के गुलडांडा में सन्नाटा पसरा हुआ हैं यहां कभी पर्यटकों का भारी जमावड़ा रहता था।

## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनाफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। -प्रदीप साहू, भाटापारा

## ट्रेंड

### के. कस्तूरीरंगन को नमन



वैज्ञानिक व शिक्षाविद् डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी के निधन से बहुत दुःख हुआ। बहुमुखी प्रतिभा के धनी कस्तूरीरंगन ने इसरो के प्रमुख के रूप में भारत के अंतरिक्ष मिशन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और शिक्षा, कानून और नीति निर्माण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### छात्र-छात्राओं को बधाई



10वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई! आप सभी ने अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और दृढ निश्चय से यह सफलता प्राप्त की है।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### सर्वदलीय बैठक



शर्मनाक लेकिन अपेक्षित, पहलगाम आतंकी हमले पर सर्वदलीय बैठक में शिवसेना (उबाठा) का एक भी सांसद नहीं आया। जब देश को सुरक्षा पर एक आवाज की जरूरत है, तो रोजाना माइक पर चिल्लाने वाले अचानक चुप हो जाते हैं।
- मिलिंद देवड़ा, सांसद, शिवसेना

### हमलों से स्तब्ध



पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए हमलों से स्तब्ध और बहुत दुखी हूँ। प्रभावित परिवार एक अकल्पनीय पीड़ा से गुजर रहे होंगे - भारत और दुनिया इस अंधेरे समय में उनके साथ खड़ी है।
-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

## करंट अफेयर

# तुर्किये गैलीपोली दिवस में शामिल हुई राजकुमारी



ब्रिटेन की राजकुमारी ऐन, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और ऑस्ट्रेलिया की गवर्नर-जनरल सामंथा जॉय मोस्टिन ने 110 साल पहले अपनी जान गंवाने वाले ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के सैनिकों को प्रथम विश्व युद्ध के युद्धक्षेत्रों के निकट तुर्किये के गैलीपोली प्रायद्वीप में श्रद्धांजलि दी। यह सभा एक समुद्र तट के निकट हुई, जहां ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड सेना कोर या 'एंजैक' के कर्मी 25 अप्रैल, 1915 को भोर में पहली बार गैलीपोली में उतरे थे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन ने युद्ध की मानवीय कीमत और भविष्य में संघर्ष को रोकने के महत्व पर बात की। लक्सन ने कहा, ''एंजैक सैनिक आधी दुनिया पार करके अपने भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर यहां तट पर आए थे। कुछ घर से दूर रोमांच की उम्मीद में आए थे लेकिन उन्हें रोमांच नहीं बल्कि खौफ का सामना करना पड़ा।'' उन्होंने कहा, ''अगर हम इस अभियान का असली सबक भूल जाते हैं, तो यह उन लोगों के प्रति अन्याय होगा जिनकी वीरता को हम याद करते हैं। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए कि ऐसा कुछ फिर से न हो।'' यह अभियान ओटोमन साम्राज्य को परास्त करने के ब्रिटिश नेतृत्व वाले प्रयास का हिस्सा था, जो अंततः विफल हो गया था।

## ऑफ बीट

# वायु प्रदूषण कीड़ों के लिए भी जीवन कठिन बना रहे



कीड़े दुनिया की तीन-चौथाई फसल किस्मों को परागित करने में मदद करते हैं, जिससे वे एक कीमती संसाधन बन जाते हैं। लेकिन, हम कीड़ों का जीवन कठिन बना रहे हैं क्योंकि वे जलवायु परिवर्तन, बसावट के अवसरों में कमी और कीटनाशकों के उपयोग के खिलाफ लड़ाई का सामना कर रहे हैं, जिससे दुनिया भर में कीड़ों की आबादी में तेजी से गिरावट आ रही है। अब, हम वायु प्रदूषण के खतरों को भी इस सूची में जोड़ सकते हैं। जब कीड़े दो सामान्य वायु प्रदूषकों के संपर्क में आए, तो परागण करने वाले कीड़ों का फूलों पर आना 90 प्रतिशत तक कम हो गया। जहां हमने ओजोन या डीजल से निकले धुएं को छोड़ा, परागण करने वाले कीड़ों की संख्या में 70 प्रतिशत की कमी आई और समग्र परागण सफलता दर में 31 प्रतिशत तक की कमी आई। कई कीड़े अपनी गंध क्षमता के जरिये फूलों का पता लगाते हैं। जब वे पराग का सेवन करते हैं, तो वे तुरंत फूल की सुगंध को उसके शर्करा प्रतिफल के साथ जोड़ देते हैं। नतीजतन, जब उन्हें बाद में वही खुशबू मिलती है, तो वे किसी अन्य स्वादिष्ट व्यंजन की तलाश में उसे खोजना शुरू कर देते हैं। इस प्रकार, फूल दोहरे उद्देश्य की पूर्ति करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# मंदिर की परिक्रमा कैसे मन को बेहतर कराती है महसूस? शरीर और मन को देती है नया रूप



**नई दिल्ली।** मंदिर हर हिंदू के लिए सबसे बड़ा आस्था का केंद्र होता है, किसी भी शुभ अवसर के मौके पर लोग मंदिर जाकर भगवान का धन्यवाद करते हैं और मंदिर की परिक्रमा जरूर करते हैं। लेकिन, ये बहुत कम लोगों को पता होता है की मंदिर की परिक्रमा ना सिर्फ आस्था का विषय है, बल्कि यह हमारे शरीर और मन को नया रूप देती है।

## क्यों की जाती है परिक्रमा



मंदिर के परिक्रमा पथ को पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्रों के साथ वास्तु सिद्धांतों का इस्तेमाल कर के संरेखित किया जाता है। मंदिर से निकलने वाली ऊर्जा नोड्स की तरह काम करती हैं, यह पृथ्वी की जियोमैग्नेटिक वेव्स के साथ शरीर की लय को बढ़ाने का काम करते हैं।

### ब्लड सर्कुलेशन

परिक्रमा करने से दिल से जुड़ा व्यायाम भी होता है क्योंकि इससे दिल का ब्लड सर्कुलेशन भी मेंटेन रहता है, बीपी का खतरा कम होता है और पूरे शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ता है जिससे शरीर को पुराने दर्द से आराम मिलने की संभावना बढ़ जाती है।



### मदिर की ऊर्जा

घड़ी की सुई की दिशा में घूमने से सूर्य के पूर्व से पश्चिम की तरफ घूमने वाले आर्क को दर्शाता है। यह रेखा सर्केडियन लय को रेगुलेट करता है जो पूरे दिन हॉर्मोन्स का संतुलन बनाए रखता है। नंगे पैर चलने से पैरों के एक्यूप्रेशर क्षेत्रों में एनर्जी जनरेट होती है जो नर्वस सिस्टम को सक्रिय रखने में मदद करता है और मन के पुराने तनाव को कम करता है।

### इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक वेव्स

अच्छे लय से चलने वाली परिक्रमा ध्यान की अवस्था को बढ़ाती है, शोध से यह पता चला है की इससे कॉर्टिसोल का उत्पादन धीमा हो जाता है जिससे अल्फा ब्रेन वेव्स में बढ़ोतरी होती है जिससे मन की शांति में इजाफा होता है। मंदिर के पत्थर और ज्यामिति इलेक्ट्रोमैग्नेटिक क्षेत्र की ऊर्जा को बढ़ाती है। उनके बीच से गुजरने से बायोफील्ड इंटरैक्शन बढ़ता है।

## रोचक खबरें



### लड़के ने छत्ते में हाथ डालकर बाहर निकालीं मधुमक्खियां, लोग बोले- भाई मौत से खेल रहा है

**नई दिल्ली।** हमें जहां भी मधुमक्खी का छत्ता दिखता है तो उसे हाथ लगाना तो दूर पास में भी खड़े नहीं होते हैं। क्योंकि, मधुमक्खी जब डंक मारती है तो कई दिनों तक शरीर का वो हिस्सा सूजा हुआ रहता है और ऐसा लगता है कि किसी ने ढेर सारी सुइयां एक साथ लगा दी है। यही नहीं, अगर मधुमक्खी मुंह पर डंक मार दे तो फिर शक्ल का जो नक्शा बदलता है, वो देखने लायक होता है। वीडियो में शख्स मधुमक्खी के छत्ते में अपने हाथ डाल रहा है और उसमें से शहद निकाल रहा है। लोग इस वीडियो पर काफी मजेदार प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। हाल ही में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स बिना किसी भी सुरक्षा के मधुमक्खी के छत्ते में हाथ डाल रहा है। खैर आपको तब होगी जब हम आपको यह बताएंगे कि छत्ते में हाथ डालने के बाद वह खुद मधुमक्खियों को अपने हाथों से निकाल रहा है और उन्हें एक के बाद एक हवा में छोड़ने लग जाता है। शख्स इन चीज को इतने आराम से करता है, जैसे कि उसे इसकी रोज की प्रैक्टिस हो और इससे उसे कोई नुकसान भी नहीं होता है। बता दें कि वीडियो की शुरुआत ऐसे होती है कि एक लड़का खिड़की के पास बैठा होता है, जहां मधुमक्खी का छत्ता लटक रहा होता है। इसके बाद वह आराम से मधुमक्खियों को हाथ में भरता है और छत्ते में से निकालने लगता है। इस दौरान मधुमक्खियों चारों ओर उसके आसपास मंडरा रही होती है, लेकिन उस शख्स को बिल्कुल भी फर्क नहीं पड़ता है।

### पहचान छुपाकर कॉलेज की 10 से ज्यादा लड़कियों को डेट कर रहा था प्रोफेसर, फिर ऐसे खुली सारी पोल

**बीजिंग।** हम बचपन से सीखते आए हैं कि टीचर हमारे लिए आदर्श होते हैं। वे हमें सही-गलत की पहचान सिखाते हैं और उनका सम्मान करना हमारा फर्ज होता है। लेकिन, जब कोई टीचर अपनी जिम्मेदारी भूलकर गलत काम करे, तो भरोसा टूट जाता है और ये सवाल उठता है कि क्या स्कूल और कॉलेज अब भी सुरक्षित हैं? हाल ही में, चीन के शेडोंग प्रांत की लिओचेंग यूनिवर्सिटी के डोंगचांग कॉलेज में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां एक मेल प्रोफेसर, वू नाम का व्यक्ति, पिछले आठ सालों से इकोनॉमिक्स पढ़ा रहा था। लेकिन, वह अपनी असली उम्र, नाम और पहचान छिपाकर कई लड़कियों से दोस्ती और प्यार के रिश्ते बना रहा था। हालांकि, बाद में उसका खुलासा हो जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोफेसर वू ने 10 से ज्यादा छात्राओं को झूठी बातें बताकर, जैसे कि अपना नाम और प्रोफेशन छिपाकर, उनके साथ रिश्ते बनाए। वो सिर्फ अपने कॉलेज की ही नहीं, बल्कि दूसरे कॉलेज की लड़कियों को भी डेट कर रहा था। यह सब तब सामने आया जब कॉलेज को एक गुमनाम चिट्ठी मिली। उसमें वू की सारी हरकतों के बारे में लिखा था। कॉलेज ने इसकी जांच शुरू की और जल्द ही ये मामला सोशल मीडिया पर भी फैल गया। इसके बाद कॉलेज ने वू के खिलाफ कार्रवाई की। जांच में पता चला कि एक लड़की के गर्भवती होने पर वू ने उसे गर्भपात करने के लिए मजबूर किया। उसने लड़की को डराया कि अगर वह उसकी बात नहीं मानेगी, तो उसके पिता अपनी जान दे देंगे।



### कब्रिस्तान में दफनाने से पहले जिंदा हुई लाश, रिश्तेदारों में मची अफरा-तफरी

**बार्सिलोना।** कई बार हमारी आंखों के सामने ऐसी घटनाएं देखने को मिल जाती है, जिस पर यकीन करना हमारे लिए काफी ज्यादा मुश्किल हो जाता है। ऐसी चीजें कई बार हम लोगों को चमत्कार लगती है लेकिन होता कुछ नहीं है। ऐसी ही एक घटना इन दिनों स्पेन से सामने आई है। यहां अंतिम संस्कार से पहले एक महिला जिंदा हो उठी और जब उसके घरवालों ने उसे देखा तो वहां अफरा-तफरी मच गई, क्योंकि लोगों ने इस महिला को एकदम मरा हुआ समझ लिया था। एक रिपोर्ट की माने तो एक बुजुर्ग महिला को तबियत खराब होने के बाद जुआन मार्च दी बुनवोला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी कंडीशन को देखने के बाद उसे तुरंत मरा हुआ घोषित कर दिया। जिसके बाद घरवालों ने महिला के अंतिम संस्कार की तैयारी की और उसे उठाकर कब्रिस्तान ले गए। यहां कब्रिस्तान का स्टाफ महिला को कब्र में डालने ही वाला था कि उन्हें महिला का शरीर और उंगलियां हिलती हुई दिखाई दीं। पहले तो वहां के लोगों ने इसे इतेफाक समझा और पूरी तरीके से नजरअंदाज कर दिया। हालांकि, ऐसा जब बार-बार हुआ तो लोगों हैरान रह गए। इस नजारे को देखने के बाद वहां मौजूद लोग घबरा गए और उन्हें जल्दबाजी में अस्पताल लेकर गए। जहां पैरामेडिक्स के लोगों ने देखा कि ये महिला तो वाकई जिंदा है। इसके बाद डॉक्टरों ने अपनी जांच पड़ताल शुरू की और पाया कि सच में ये महिला जिंदा, लेकिन ये खुशी ज्यादा देर तक टिक नहीं पाई और महिला की मौत हो गई। अस्पताल में कुछ ही देर बाद दोबारा से महिला को मृत घोषित कर दिया।



# धरती की ओर बढ़ रही 'आफत', 600 मील दूर से कर देगी अनगिनत चीथड़े

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने आकाशगंगा से 1,10,000 मील प्रति घंटे की खतरनाक रफ्तार से गुज़रने वाले बेहद शक्तिशाली ज़ॉम्बी तारे की खोज की है। इस 'ज़ॉम्बी तारे' का सबसे खतरनाक बात ये है कि इसमें ऐसा खतरनाक मैग्नेटिक फील्ड है जो मनुष्यों को चीरकर उनके टुकड़े-टुकड़े कर के सैकड़ों मील दूर बिखेर सकता है। ज़ॉम्बी तारा एक मैग्नेटर है। जिसे एसजीआर 0501+4516 कहा जाता है। यह एक न्यूट्रॉन तारा है जिसमें एक कमांडिंग चुंबकीय क्षेत्र होता है। न्यूट्रॉन तारे मृत तारों के अवशेष होते हैं, जो छोटे ग्रहों के आकार में ढह गए हैं लेकिन उनका द्रव्यमान सूर्य जैसे तारों के बराबर है।

### जोंबी स्टार की खोज कब हुई?

जोंबी स्टार हमारी आकाशगंगा में मौजूद



30 मैग्नेटर्स में से एक है, जिसकी खोज 2008 में हुई थी. उस समय ये धरती से करीब 15,000 प्रकाश वर्ष दूर था, हालांकि अभी 10 दिन पहले एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स में प्रकाशित नई स्टडी रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने एसजीआर 0501+4516 के बाद के दृश्यों के विश्लेषण के बात ये नतीजा निकाला गया कि ये आकाशगंगा में अपेक्षा से कहीं ज़्यादा तेज़ रफ्तार से घूम रहा है।

### राख बनकर उड़ जाएगा इंसानों का शरीर



### क्या ज़ोंबी स्टार इंसानों को खत्म कर सकता है?

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सीजीआर 0501+4516 का चुंबकीय क्षेत्र पृथ्वी की सुरक्षा कवच से लगभग 100 ट्रिलियन गुना ज़्यादा शक्तिशाली है। नासा ने अपने एक बयान में कहा था कि अगर ये पृथ्वी के पास से चंद्रमा की आधी दूरी से भी उड़ता है, तो इसका तीव्र मैग्नेटिक फील्ड हमारे ग्रह पर मौजूद हर क्रेडिट कार्ड को नष्ट कर देगा। वहीं, अगर कोई मनुष्य इसके दायरे के 600 मील के भीतर पहुंच जाता है, तो पलक झपकते ही मौत के मुंह में समा जाएगा। मैग्नेटर उस खौफनाक घटनाक्रम को ऐसी साइंस स्टोरी बताएगा जिसमें एक किरण इतनी खतरनाक बन जाएगी, जो शरीर के अंदर मौजूद हर परमाणु को नष्ट कर देगा।'




### मैग्नेटर्स

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक शोधकर्ता ये मानते थे कि मैग्नेटर्स का निर्माण मरते हुए तारों के विस्फोट से हुआ था, जो बाद में न्यूट्रॉन तारों में बदल गए. हालांकि इस सीजीआर 0501+4516 के आसपास के क्षेत्र में हुई रिसर्च में पता चला कि ये जॉम्बी स्टार बेतहाशा तेज रफ्तार से गलत दिशा में आगे बढ़ रहा है। इससे पहले मैग्नेटर के प्रक्षेप पथ यानी रूट की पड़ताल के दौरान पता था कि कोई अन्य सुपरनोवा अवशेष या विशाल तारा समूह नहीं था, जिसके साथ इसे जोड़ा जा सके। नई स्टडी के नतीजों को काफी अहम माना जा रहा है।

# इसरो करने जा रहा बड़ा धमाका, स्पेस में भेजेगा वाटर बियर; मगर ये है क्या?

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) देश को लगातार नई ऊंचाइयों पर ले जाने में लगा है। जिसके तहत कई प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। बता दें कि बता दें कि इसरो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर एक अनोखा प्रयोग करने जा रहा है। विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन पर उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। वो अपने साथ टार्डिग्रेड्स भी ले जाएंगे।



### भविष्य के अंतरिक्ष खोज को कर सकता है सूचित

टार्डिग्रेड्स के लचीलेपन के पीछे मॉलिक्यूलर मैकेनिज्म की पहचान करना है, जिससे एक्सट्रीम वातावरण में जीवन की सीमाओं को समझने में मदद मिलेगी। यह भविष्य के अंतरिक्ष खोज को सूचित कर सकता है और पृथ्वी पर जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगों को विकसित करने में मदद कर सकता है। टार्डिग्रेड्स की निलंबित एनीमेशन में प्रवेश करने की क्षमता विस्तारित अंतरिक्ष मिशनों के लिए जैविक सामग्री या यहां तक कि मनुष्यों को संरक्षित करने के तरीकों को प्रेरित कर सकती है। इस प्रयोग के निष्कर्ष भारत के गगनयान मिशन की योजनाओं और प्रगति को आकार दे सकते हैं।

### अंडे और फूटे अंडों की संख्या की गणना की जाएगी

टार्डिग्रेड्स पृथ्वी पर लगभग हर जगह पाए जा सकते हैं, जिसमें काई, लाइकेन, मिट्टी, पत्ती का कूड़ा, मीठे पानी, समुद्री वातावरण, ऊंचे पहाड़, गहरे समुद्र, गर्म झरने और यहां तक कि ध्रुवीय बर्फ भी शामिल हैं। वॉयेजर टार्डिग्रेड्स एक्सपेरिमेंट भारत द्वारा इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भेजे जा रहे 7 अन्य अध्ययनों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भेजे गए टार्डिग्रेड्स के पुनर्जीवन, अस्तित्व और प्रजनन की जांच करेगा। मिशन के दौरान दिए गए अंडे और फूटे अंडों की संख्या की गणना की जाएगी और अंतरिक्ष में उड़ान भरने वाले बनाम ग्राउंड कंट्रोल पॉपुलेशन के जीन एक्सप्रेशन पैटर्न की तुलना की जाएगी।



### टार्डिग्रेड्स के होते हैं आठ पैर

भारतीय अंतरिक्ष यात्री जीरो ग्रेविटी में रहने और काम करने के लिए 14 दिनों के मिशन पर आईएसएस जाएंगे। यहां पर वो कई तरह का प्रयोग करेंगे, इसमें लोगों की नजरें जल भालू (टार्डिग्रेड्स) पर है। टार्डिग्रेड्स, जिन्हें वॉटर बियर या मॉस पिगलेट के नाम से जाना जाता है, छोटे, आठ पैरों वाले सूक्ष्म जीव हैं। इसकी लंबाई 0.3 मिमी से 0.5 मिमी तक होती है, इन्हें देखने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता होती है।टार्डिग्रेड्स के आठ पैर होते हैं, जिनमें छोटे-छोटे पंजे और एक कठोर क्यूटिकल होता है जो उनकी धीमी और भारी स्पीड की विशेषता होती है।

### लोन पर खरीदी 1.8 करोड़ की 'लकी' कार, हुआ कुछ ऐसा होने लगी 2 लाख की कमाई



**बीजिंग।** कई लोग होते हैं, जो बिजनेस में अपना अलग ही लेवल का दिमाग लगाते हैं और ऐसा प्रॉफिट कमाते हैं, जिसे देखने के बाद लोग हैरान रह जाते हैं। ऐसा ही एक किस्सा इन दिनों चीन से सामने आई जहां एक बंदे पैसा कमाने का ऐसा तरीका बताया, जिसे देखने के बाद लोग हैरान नजर आ रहे हैं। कहते हैं अगर कोई बिजनेस करता है तो अपने ही लेवल पर दिमाग लगाता है। जिससे उसका मुनाफा काफी तगड़ा होता है और उसकी कमाई को देखने के बाद लोग हैरान रह जाते हैं। यही कारण है कि एक बिजनेसमैंन अपना दिमाग नौकरी पेशा वालों से ज्यादा लगाता है और हमेशा उनसे ज्यादा कमाने के बारे में सोचता है। ऐसे ही एक बिजनेसमैन की कहानी इन दिनों सामने आई है। जिसके बारे में जानने के बाद हर कोई हैरान नजर आ रहा है। आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि लोग अपने बिजनेस में कम पैसा लगाकर ज्यादा प्रॉफिट कमाने के बारे में सोचते हैं, लेकिन इन दिनों एक ऐसे शख्स की कहानी सामने आई है। जो अपने बिजनेस को एक अलग तरीके से रन कर रहा है। जिसमें उसने अपना काफी मोटा पैसा इंवेस्ट किया और जब उसकी कहानी इस दुनिया के सामने आई तो हर कोई हैरान रह गया। अब इस केस में हैरानी की बात तो ये है कि इसमें लोगों को समझ ही नहीं आ रहा है इसमें फायदा है भी या नहीं।

# पाकिस्तान को क्यों कहा जाता है सूखा देश? सिंधु नदी समझौते के स्थगित होने का क्या पड़ेगा असर

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने वर्षों पुरानी सिंधु जल संधि को फिलहाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। पाकिस्तान की एक सच्चाई यह भी है कि इसे सूखा देश यानी शुष्क देश कहा जाता है। यह सिर्फ एक नाम नहीं है, बल्कि यहां के लोगों के संघर्ष की कहानी है। यह कहना गलत नहीं होगा कि यहां के लोग पानी की तलाश और जीवन की जद्दोजहद में काफी उलझे रहते हैं। पाकिस्तान को शुष्क देश यानी कि सूखा देश भी कहा जाता है, क्योंकि यहां बारिश की मात्रा बहुत कम है। यानी कि यहां बारिश बहुत ही कम होती है। बारिश की कमी के कारण यहां की जमीन अक्सर ही सूख जाती है और पानी की बहुत किल्लत होती है। यह देश ज्यादातर गर्म और सूखे मौसम वाला है। यहां पर पानी के हर बूंद की कीमत है।

### देश में क्यों खोदे जा रहे हैं कुएं

हालांकि, पाकिस्तान के लोग गांवों में अब पहले से ज्यादा गहरे कुएं खोद रहे हैं क्योंकि ऊपर का पानी सूख गया है। खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं और फसलें सूख रही हैं। अब पानी सिर्फ जरूरत नहीं रह गया, बल्कि एक बड़ी चिंता बन गया है। पाकिस्तान की यह कहानी है, सूखी धरती, कम बारिश, और पानी की बड़ी चिंता की।



### देश में मानसून का कैसा है हाल?

पाकिस्तान ऐसी जगह है, जहां मानसून की बारिश बहुत कम पहुंचती है। भारत में जो मानसून के बादल खूब बरसते हैं, वे पाकिस्तान पहुंचते-पहुंचते कमजोर हो जाते हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान के उत्तर में बड़े-बड़े पहाड़ हैं जैसे हिंदुकुश और कराकोरम भी हैं, जो बारिश लाने वाले बादलों को रोक देते हैं। इसलिए, पाकिस्तान के ज्यादातर हिस्सों में बहुत कम पानी गिरता है।

### नदियां हैं एकमात्र संसाधन

इसके अलावा देश के कुछ हिस्सों में तो रेगिस्तान भी हैं, जैसे थार का रेगिस्तान। वहां तो बारिश महीनों तक नहीं होती। ऐसे इलाकों में खेती करना और लोगों को पानी देना बहुत मुश्किल हो जाता है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी नदी, सिंधु नदी, यहां पानी का एकमात्र संसाधन है। लोग इसी नदी के पानी से खेत सींचते हैं और पीने के लिए भी पानी लेते हैं। लेकिन, यह नदी भी अब पहले जैसी नहीं रही। बर्फ कम गिरती है, जिससे नदी में पानी भी घटता जा रहा है। हालांकि, अब पहलगाम के आतंकी हमले के बाद अब सिंधु नदी समझौते को स्थगित कर दिया गया है और इसका असर पाकिस्तानों के किसानों पर काफी गहरा पड़ेगा।

## आदिवासी भूमि घोटाले में 28 अप्रैल को होगी सुनवाई

# आरोपित गंगा पाठक की जमानत अर्जी पर सुनवाई बढ़ी

**जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस अचल कुमार पालीवाल की एकलपीठ ने बहुचर्चित आदिवासी भूमि घोटाले की सुनवाई 28 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है। आरोपित पत्रकार गंगा पाठक सहित अन्य ने गिरफ्तारी से बचने अग्रिम जमानत अर्जी के जरिए हाई कोर्ट की शरण ली है। इससे पूर्व सेशन कोर्ट द्वारा उनकी अर्जियां निरस्त की जा चुकी हैं।**



उल्लेखनीय है कि इस मामले की विगत सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने खबरों के प्रकाशन पर रोक से इनकार कर दिया था। आरोपितों के वकीलों की ओर से जोर देकर कहा गया था कि अपीलकर्ता द्वारा दायर जमानत आवेदन के बारे में बार-बार समाचार प्रकाशित हो रहे हैं। लिहाजा, इस संबंध में कोई निर्देश जारी किए जाएं। आपत्तिकर्ता अधिवक्ता शैलेंद्र वर्मा गुड्डा ने इस मांग का विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि संविधान के अनुच्छेद-19-1-ए के अंतर्गत लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ पत्रकारिता को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान की गई है, जिसे सामान्य परिस्थिति में इस तरह किसी आरोपित की मांग की प्रतिपूर्ति में बाधित नहीं किया जा सकता। आपत्तिकर्ता अधिवक्ता वर्मा ने आरोपित पत्रकार गंगा पाठक को संपादक निरूपित किए जाने का भी ओपन कोर्ट में विरोध किया। उन्होंने कहा कि जिस मामले में अग्रिम जमानत चाही गई है, वह आदिवासी भूमि फर्जीवाड़े का है। मुख्य आरोपित किसी समाचार पत्र का संपादक नहीं है। इसलिए पदीय गरिमा का ध्यान रखते हुए कोर्ट केस की रिपोर्टिंग पर रोक की मांग बेमानी है।

### गिरफ्तारी की आशंका के मद्देनजर अग्रिम जानम चाह रहे पति-पत्नी :

उल्लेखनीय है कि गंगा व ममता पाठक की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण प्रकोष्ठ के विशेष न्यायाधीश गिरीश दीक्षित की अदालत ने बहुचर्चित आदिवासी भूमि फर्जीवाड़ा प्रकरण के आरोपित जबलपुर निवासी गंगा पाठक व पत्नी ममता पाठक की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी थी। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक कृष्णा प्रजापति ने अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध किया था। उन्होंने दलील दी थी कि मामला बेहद गंभीर प्रकृति का है। आदिवासियों की भूमि कूटरचित तरीके से रजिस्ट्री कराए जाने का खेल खेला गया है। इस तरह के प्रकरण में आरोपितों को फरारी की स्थिति में अग्रिम जमानत का लाभ दिए जाने से समाज में गलत संदेश जाएगा। इसके अलावा एससी-एसटी एक्ट के विहित प्रविधान के अंतर्गत भी इस तरह के गंभीर प्रकृति के प्रकरणों में अग्रिम जमानत नहीं दी जानी चाहिए। आरोपितों के विरुद्ध तिलवारा व बरगी थाने में अपराध पंजीबद्ध हुआ है। गिरफ्तारी की आशंका के मद्देनजर पति-पत्नी अग्रिम जमानत चाहते हैं। नियमानुसार इस तरह के प्रकरण में सरेंडर किए बिना अग्रिम जमानत के आवेदन पर विचार का प्रश्न नहीं उठता। अदालत ने सभी तर्क सुनने के बाद अग्रिम जमानत से इनकार करते हुए अर्जी निरस्त कर दी थी। जिसके बाद हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

# परशुराम जी के प्राकट्योत्सव दिवस की पूर्व संध्या पर होगी महाआरती

जबलपुर।




सम्पूर्ण ब्राम्हण महासभा, कार्या.- बंगला नं. 44 महावीर कम्पाउन्ड सदर जबलपुर द्वारा भगवान श्री परशुराम जी के प्राकट्योत्सव दिवस की पूर्व संध्या के उपलक्ष्य में महाआरती का आयोजन 29 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार की शाम श्री हनुमान मंदिर खारीघाट, जबलपुर में किया गया है। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भारतवर्ष में पहली बार 200 ब्राह्मणों द्वारा 108 महाआरतियों से भगवान श्री परशुराम की विराट महाआरती का आयोजन 200 ब्राह्मणों द्वारा चारों वेदों का पारायण, संगीतमय भजन संध्या, विशाल भंडारा एवं भोजन का आयोजन होगा। आप सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लें। आयोजक मंडल के पंडित समीर दीक्षित प्रदेश अध्यक्ष, संपूर्ण ब्राह्मण महासभा हर्ष इंदु तिवारी, समाजसेवी ओंकार दुबे संयोजक, नर्मदा आरती मंडल मदन मोहन अवस्थी, विनोद तिवारी ने उपस्थिति की अपील की है।

### नगर अध्यक्ष, संपूर्ण ब्राह्मण महासभा

वैदिक पंचांग के मुताबिक वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 29 अप्रैल 2025 को शाम 5.32 बजे से आरंभ होगी और तृतीया तिथि का अंत 30 अप्रैल को दोपहर 2.11 बजे होगा। चूंकि परशुराम जी का अवतार प्रदोष काल में हुआ था। इस वजह से 29 अप्रैल को परशुराम जयंती मनाई जाएगी। परशुराम जयंती शुभ मुहूर्त 2025, परशुराम जयंती के दिन सर्वार्थ सिद्धि और रवि योग का निर्माण हो रहा है, ऐसे में आप इन योगों में पूजा-अर्चना कर सकते हैं।

# एसपी ने किया जनरल परेड का निरीक्षण

## अच्छे टर्नआउट वाले पुलिस कर्मचारी पुरुस्कृत

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने पुलिस लाईन्स स्थित परेड ग्राउंड में शुक्रवार को पुलिस की जनरल परेड का निरीक्षण किया। यहां बता दें कि पुलिस विभाग में अनुशासन बनाये रखने के लिये परेड एक महत्वपूर्ण बिन्दु है। परेड के दौरान ड्रेस, रिहर्सल, जूते, मोजे, बेल्ट और कैप किस तरह से लगाना और पहनना है इसका भी परीक्षण किया जाता है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति सोनाली दुबे सहित जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी शहर, देहात सहित थानो के 134 अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक जबलपुर, सम्पत उपाध्याय द्वारा परेड में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों का निरीक्षण करते हुये अच्छे टर्नाउट वाले अधिकारी, कर्मचारियों को पुरूस्कृत किया गया।



## संत सेन समरसता जयंती समारोह आज

**जबलपुर।** समरस भारत - समर्थ भारत के लिये सब सबको जाने - सब सबको माने, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा संत सेन महाराज की जयंती के अवसर पर जयंती समारोह का आयोजन 26 अप्रैल 2025 शनिवार को शाम 04:30 बजे से अग्रवाल धर्मशाला, साकेत धाम के पास, ग्वारीघाट में किया गया है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

# सूदखोरों से मुक्त कराने लगाई गुहार

जबलपुर।



रांझी में भारती कॉलोनी बिलपुरा थाना रांझी के रहने वाले रंजीत चौधरी पिता डब्बल प्रसाद चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि मानेगांव निवासी अनिल गुप्ता व उसका पुत्र संदर्भ गुप्ता जैसे लोग मजबूरी में फंसे लोगों का फायदा उठाते हैं मजबूर व्यक्ति उनके संपर्क में आकर पैसे ले लेता है और वह पैसे की एवज में 20% 40% से सूदखोरी ब्याज उगाही करते हैं, वहां पहले लोगों से 10% फिर इस रकम को 20% व 40% तक ब्याज देने के लिए परेशान करते हैं एवं ब्लैंक चेक जो इन्हें गारंटी के रूप में दिए जाते हैं उस पर भी मजबूरी का फायदा उठाते हैं, मैं भी इनके चंगुल में मजबूरीवस फंस गया हूं, इनके द्वारा दी हुई राशि से भी बढ़कर मूल से ज्यादा ब्याज दे चुका हूं, अपना जेवर, मकान, गाड़ी व प्लांट या जमीन रखकर इसके बावजूद भी तरह-तरह के हथकंडे अपनाता है आए दिन पुलिस के द्वारा मुझे परेशान करता है जिसकी शिकायत मेरे द्वारा निरंतर सक्षम पुलिस अधिकारी को न्याय के संबंध में दे चुका हूं, परंतु आज दिनांक तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ब्याज में रकम देने की एवज में उनके पास गारंटी के रूप इन लोगों ने मेरी जमीन की रजिस्ट्री करवा लिया एवं कहा कि जब तक मेरा पूरा पैसा सूद सहित वापस नहीं दोगे तब तक मैं तुम्हें तुम्हारी जमीन वापस नहीं दूंगा। मैं मानसिक रूप से बहुत प्रताड़ित हूं एवं मीडिया के माध्यम से न्याय के गुहार लगाता हूं।



# पहलगाम हमले के विरोध में मुस्लिम समाज का प्रदर्शन

**जबलपुर।** जुमे की नमाज के बाद मंसूरा बाद मछली मार्केट तिराहे पर मुस्लिम समाज ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान हाजी कदीर सोनी , हाफिज हाजी गुलाम मोईनुद्दीन ,पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी, पार्षद याकूब अंसारी, अशरफ मंसूरी, हाजी शाहिद मंसूरी, हारून मास्टर ,अख्तर मंसूरी,सदाब अंसारी ,हाजी मोहम्मद इस्लाम ,जमशीद अहमद,मोहम्मद छबील मंसूरी आदि शामिल थे। यहां आतंकवादियों और आंतकी संगठनों पर ठोस कार्यवाही करने की मांग की गई।

### मदार टेकरी में पुतला दहन

समाज सेवी मतीन अंसारी के नेतृत्व में सरदार अयाज राईन इस्तियाक अंसारी एड जानी खान मजहर उस्मानी जहूर खान शाहिद अंसारी, फिज्जू खान आदि आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन किया।

## गायत्री परिवार ने निकाला मौन मार्च, दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार जबलपुर के द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत हुए नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए मौन मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन वन्देमातरम चौक सिविक सेन्टर में किया गया। इस दुख की घड़ी में शामिल स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी महाराज ने कहा कि देश का हर एक नागरिक पहलगाम के आतंकी हमले से दुखित है सरकार की ओर सख्त से सख्त कार्यवाही आतंकवाद पर कड़े प्रहार की नजर से देख रहा है। श्रद्धांजलि सभा में सनातन धर्म महासभा के उपाध्यक्ष शरद काबरा, गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी बी बी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रेलवे की मदद से कैंसर पीड़ित यात्री की बचाई गई जान



जबलपुर। सहरसा से मुम्बई जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस से मुंबई जा रहे एक रेल यात्री की रेलवे की मदद से जान बचाई गई। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉक्टर मधुर वर्मा ने बताया कि लगभग 09:56 बजे एक 53 वर्ष के कैंसर पीड़ित यात्री रविन्द्र राम जो गाड़ी संख्या 05595 अमृत भारत एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे है जो कैंसर से ग्रसित हैं ट्रीटमेंट के लिए मुंबई जा रहे हैं जबलपुर स्टेशन पहुचने से पहले रेल मदद पोर्टल द्वारा यह सूचना दी गयी की कोच एस-07 में एक कैंसर से पीड़ित यात्री मुंबई जा रहे हैं उनके हाथ जाम हो गया है हाथ पर सूजन आ गई है बदलवाना चाहते हैं एवं नेबुलाइजर मशीन से उनका भाप लेना है। सीनियर डीसीएम के निर्देशन पर स्टेशन ड्यूटी पर उपस्थित उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य ) की सहायता से जबलपुर आने से पहले ही रेलवे हॉस्पिटल कैजुअल्टी में सूचित किया गया डॉ. सौरभ ने गाड़ी आगमन पर यात्री को ट्रेन से बाहर निकाल कर प्लेटफार्म पर स्थित कैंटीन से बिजली की सप्लाई लेकर डॉ ने उपचार प्रदान किया क्योंकि जिस मशीन से उन्हें सांस दी जानी थी उसे 220 वोल्ट पावर चाहिए था। उपचार के उपरांत गाड़ी का प्रस्थान गंतव्य के लिए किया गया। यात्री को रेल प्रशासन द्वारा की गई इस मदद के लिए संबंधित महिला यात्री के परिवार ने रेल प्रशासन को धन्यवाद एवं आभार प्रगट किया।

# संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती मनाई गई

जबलपुर। संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती के अवसर पर परमात्मन सेन समाज सेवा समिति एवं क्षत्रिय नंदवंशी सेन न्यायी समाज के तत्वावधान में शांतम प्रज्ञा आश्रम गोहलपुर में संत शिरोमणि सेन महाराज की प्रतिमा स्थापित कर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर श्री राम स्तुति, श्री हनुमान चालीसा, सुन्दकांड का पाठ एवं पूजन आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुकेश कुमार सेन, एड. राकेश सेन, दिलीप श्रीवास, सुरेन्द्र गणेश चौहान, रुपेश पटेल, प्रताप प्रजापति, सुनील पटेल, अरुण सेन, अशोक सराठे, यश श्रीवास, चंचल गौतम, प्रवीण नामदेव, हर्ष श्रीवास, भविष्य श्रीवास अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




# वीयू पहुंचे रूस विश्वविद्यालय के रेक्टर

## अंतर-राष्ट्रीय संगोष्ठी में पर्यावरणीय कारकों पर हुआ मंथन

जबलपुर।



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में रुस की सेंट पीटर्सवर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटेरिनरी मेडिसिन से यूनिवर्सिटी रेक्टर क्रिल प्लानिआसो एवं वाइस रेक्टर जार्ज निकिटन का आगमन हुआ , जिनका स्वागत विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो मनदीप शर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया, इस दौरान कुलगुरु ने कहा कि इससे ऐसे सम्मेलनों के माध्यम से छात्रों, वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों के मध्य तकनीकी एवं व्यवहारिक ज्ञान का आदान प्रदान होता है साथ वैश्विक स्तर पर व्याप्त समस्याओं का निराकरण करने में मदद मिलती है, रुस से आए हुए यूनिवर्सिटी रेक्टर क्रिल ने अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे सम्मेलनों से न सिर्फ अंतर्देशीय संबंध मजबूत होते हैं, बल्कि छात्रों एवं वैज्ञानिकों को वन्यजीव एवं उनसे संबद्ध पर्यावरणीय कारकों को समझने एवं उन पर अपने विचार अभिव्यक्त करने का समुचित अवसर भी प्रदान करता है।

गौरतलब है कि नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय का सेंट पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय के साथ 2023 में अनुबंध किया गया था इसके बाद यह पहला अवसर है जब दोनों देश आपस में किसी वैज्ञानिक कार्यक्रम में सहभागिता निभा रहे हैं। वीयू में आयोजित तीन दिवसीय अंतरार्ष्ट्रीय संगोष्ठी में विश्वविद्यालय कुलगुरु डॉ एस एस तोमर ,वित्त नियंत्रक महेश कोरी, डॉ जीपी लखानी, डॉ शशिकांत महाजन, डॉ अपरा शाही, डॉक्टर स घोष, डॉ आर वी सिंह ,डॉ एस एस करमोरे , डॉ बी राय, डॉ अक्षय गर्ग, डॉ आरपी सिंह ,डॉ रामकिंकर मिश्रा, डॉ प्रमोद शर्मा एवं सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर सोना दुबे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ अक्षय गर्ग द्वारा किया गया।

## जबलपुर में बोले बॉलीवुड फिल्म मेकर संदीप नाथ

# जबलपुर में करेंगे फिल्म की शूटिंग

**जबलपुर।** बॉलीवुड के जाने-माने गीतकार और फिल्ममेकर संदीप नाथ जबलपुर पहुंचे हैं। स्वरकोकिला लता मंगेशकर, पार्श्व गायिका आशा भोसले से लेकर श्रेया घोषाल ने इनके गीतों को अपनी मधुर आवाज दी है। श्री नाथ ने शुक्रवार को ओशो होमआश्रम में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि वे जबलपुर पहले भी आ चुके हैं। ओशो होम आश्रम पहुंचकर उनके मन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है, वे अब संदीप फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख चुके हैं। उन्होंने हाल ही में फिल्म जनता के बॉस निर्देशित की है, जिसमें संजय मिश्रा, राजेश शर्मा, इनामउलहक व ज्योति सेठी जैसे वरिष्ठ कलाकार हैं, फिल्म की शूटिंग भोपाल में हुई है। बॉलीवुड फिल्मकार संदीप बताते हैं कि वे दो फिल्में लिख रहे हैं, जिनमें से एक की शूटिंग पन्ना और एक फिल्म की शूटिंग जबलपुर में होगी। उन्होंने इसके लिए लोकेशन्स भी देखी हैं। वे नर्मदा किनारे एक गीत भी शूट करेंगे।ओशो होम आश्रम के संचालक स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने बताया कि बॉलीवुड को कई हिट गीत देने वाले संदीप से उनकी दोस्ती बहुत पुरानी है। मुंबई में उन्होंने साथ काम किया है। वे जबलपुर में फिल्म शूटिंग में उन्हें पूर्ण सहयोग देंगे।

## जलप्रदाय योजना के कार्यो को समय सीमा में पूर्ण कराएं: निगमायुक्त

**जबलपुर।** अमृत 2.0 जलप्रदाय योजना के अंतर्गत गौरीघाट रोड़ के अलावा, ललपुर जलशोधन संयंत्र के समीप इंटेकवेल का निर्माण, उच्चस्तरीय पानी की टंकियों का निर्माण, पाइप लाइन का विस्तारीकरण, रॉ वाटर राइजिंग मेन लाइन के साथ-साथ किलियर वाटर राइजिंग मेन, डिस्ट्रीब्युशन पाइप लाइन, री-सर्कुलेशन संप, रिट्रो फिटिंग एवं स्काडा प्रोग्राम आदि कार्य नगर निगम द्वारा कराये जा रहे हैं, जिसकी समीक्षा आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा की गयी। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यो की धीमी गति पर निगमायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई और जो पूर्व से समय निर्धारित है, पूर्व निर्धारित समय सीमा में ही उच्च गुणवत्ता के साथ कार्यो को पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों के अलावा कंसल्टेंट एवं ठेकेदारों को दिये।निगमायुक्त श्रीमती यादव ने सर्वाधिक प्रमुख कार्य गौरीघाट रोड़ स्थित जो पाइप लाइन का कार्य किया जा रहा है।

CHANGE OF NAME
I, ATTA VASU SATYANARAYANA RAO, 2 TECH TRG CENTRE, (1 STC) JABALPUR (MP)-901124 CIVIL PIN-482001. I have changed of my name from A.V.SATYANARAYANA R (due to wrong name mentioned to my service records) to ATTA VASU SATYANARAYANA RAO (name as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 05/04/2025 formerly before Public Notary BHUPATHI RAJU, CHODAVARAM ANAKAPALLI.
CORRECT NAME-
ATTA VASU SATYANARAYANA RAO
INCORRECT NAME-
A. V.SATYANARAYANA R

CHANGE OF NAME
I, ATTA ANNAPOORNA (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No JC-388439X Rank SUBEDAR Name ATTA VASU SATYANARAYANA RAO, 2 TECH TRG CENTRE, (1 STC) JABALPUR (MP)-901124 CIVIL PIN-482001 Now at MIG 1/25, GULLALAPALEM COLONY, MALKAPURAM, POST VISAKHAPATNAM ANDHRA PRADESH 520011 I have changed of my name from ANNAPOORNA (due to wrong name mentioned to my husband service records) to ATTA ANNAPOORNA (name as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 05/04/2025 formerly before Public Notary BHUPATHI RAJU, CHODAVARAM ANAKAPALLI.
CORRECT NAME
ATTA ANNAPOORNA
INCORRECT NAME-ANNAPOORNA

नाम सुधार हेतु
मैं, अनिल पाण्डव (ANIL PANDAV) पिता स्व. उमाजी पाण्डव निवासी म.न. 382, संजय गांधी नगर, टी.वी. टॉवर के पास, सदर केन्ट, जबलपुर म.प्र. का निवासी हूँ। यह कि मैं शपथकर्ता उच्च न्यायालय जबलपुर म. प्र. में अशर के पद पर कार्यरत हूँ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम अनिल कुमार पाण्डव (ANIL KUMAR PANDAV) दर्ज है जबकि आधार कार्ड, पेन कार्ड, समग्र आई डी, बैंक रिकार्ड में मेरा नाम अनिल पाण्डव ( ANIL PANDAV) दर्ज है। यह कि अनिल पाण्डव (ANIL PANDAV) एवं अनिल कुमार पाण्डव (ANIL KUMAR PANDAV) यह दोनो नाम एक ही व्यक्ति यानी मुझ शपथकर्ता के नाम है तथा मेरा सही एवं वास्तविक नाम अनिल पाण्डव (ANIL PANDAV) है। यह कि मुझे अनिल कुमार पाण्डव (ANIL KUMAR PANDAV) के स्थान पर अनिल पाण्डव (ANIL PANDAV) के नाम से जाना पहचाना जावे एवं यही नाम मेरे समस्त दस्तावेज में दर्ज किया जावे। शपथ पत्र दिनांक -14/04/2025 समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय SUBHASHISH CHATTERJEE जिला न्यायालय मप्र

## खबर संक्षेप

### सिंजेंटा ने उत्पादों की कार्ययोजना पेश की

**नई दिल्ली।** सिंजेंटा इंडिया ने नई दिल्ली में आयोजित बायोएग वर्ल्ड कांग्रेस में विज्ञान आधारित बायोलॉजिकल उत्पादों के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने के लिए अपनी कार्य योजना पेश की। सिंजेंटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के कंट्री हेड एवं मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील कुमार ने कहाकि खेती कई जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है। सुशील कुमार ने कहा कि वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में किसान कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

### टाइटन ने किया टाइटन वनम का उद्घाटन

**बेंगलुरू।** टाइटन कंपनी लिमिटेड ने तमिलनाडु के होसुर स्थित थोरापल्ली में एक व्यापक वृक्षारोपण पहल टाइटन वनम का उद्घाटन किया। जिसके तहत पहले से 45 एकड़ बंजर चरागाह पोरामबोक्कु जमीन को तकरीबन 120 से अधिक देशी प्रजातियों के साथ जंगल में बदला जा चुका है। इसका अनावरण सीके वेंकटरमन, मैनेजिंग डायरेक्टर- टाइटन, एनई श्रीधर, चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर-टाइटन, टीएमटी वीआर लथा, प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एवं सेशन

# कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की वैश्विक रैंकिंग में शामिल

## न्यूजवीक एवं स्टेटिस्टा ने 30 देशों के 2,445 अस्पतालों का मूल्यांकन किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, मुंबई को 2025 के विश्व के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की प्रतिष्ठित सूची में स्थान मिला है। न्यूजवीक द्वारा स्टेटिस्टा के सहयोग से यह सूची बनाई गयी है। हॉस्पिटल की क्लिनिकल उत्कृष्टता, तकनीकी श्रेष्ठता और मरीज-केंद्रित दृष्टिकोण के लिए यह एक महत्वपूर्ण मान्यता है। न्यूजवीक एवं स्टेटिस्टा ने 30 देशों के 2,445 अस्पतालों का मूल्यांकन किया। यह मान्यता विश्व मंच पर अस्पताल के स्थान का संकेत है क्योंकि यह अस्पताल आधुनिक उपचार, वैयक्तिकरण और मरीज-प्रथम देखभाल के माध्यम से दुनिया में सर्वश्रेष्ठ के अनुरूप स्वास्थ्य सेवा मानकों को फिर से परिभाषित करना जारी रखता है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट भारत में सर्वश्रेष्ठ




### देखभाल और सुरक्षा वैश्विक मानदंडों के अनुरूप

विश्व के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की रैंकिंग एक अत्यधिक विश्वसनीय और सम्मानित वैश्विक मूल्यांकन है जो क्लिनिकल प्रदर्शन, मरीजों को मिलने वाले अनुभव, अस्पताल की गुणवत्ता संकेतक और मेडिकल पेशेवरों के एक वैश्विक पैनल से इनपुट सहित कई महत्वपूर्ण मापदंडों पर अस्पतालों का मूल्यांकन करता है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल को इस खास सूची में शामिल किया जाना, देखभाल और सुरक्षा में वैश्विक मानदंडों के साथ उनकी अनुरूपता को दर्शाता है। यह सम्मान अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों, विशेषज्ञों और सहायक कर्मचारियों की समर्पित टीम के प्रयासों की वजह से हासिल हुआ है, जो साथ मिलकर करुणा, आधुनिक उपचार और क्लिनिकल सटीकता की संस्कृति को बनाए रखते हैं। अस्पताल की विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाएं, आधुनिक तकनीक, एक मजबूत पूर्णकालिक विशेषज्ञ प्रणाली और मल्टी-डिसिप्लिनरी देखभाल के साथ-साथ डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफार्म, एआई-संचालित डायग्नोस्टिक्स और न्यूनतम इनवेसिव इलाज जैसी उन्नत तकनीकों का एकीकरण मरीजों की देखभाल की नयी परिभाषा रच रहा है।

### विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में पहचान

*कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं सीईओ डॉ. संतोष शेट्टी ने कहाकि भारत और विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में से एक के रूप में पहचाना जाना हमारी सहानुभूति और मरीज-प्रथम देखभाल की संस्कृति का एक सम्मान है। यह सम्मान स्वास्थ्य सेवा वितरण में नए मानक स्थापित करने और हमारे द्वारा देखभाल किए जाने वाले हर मरीज के जीवन को बेहतर बनाने के हमारे दृष्टिकोण को पुष्ट करता है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की रैंकिंग उच्चतम गुणवत्ता वाली मेडिकल देखभाल चाहने वाले मरीजों के लिए एक विश्वसनीय ग्लोबल रेफरेंस मानी जाती है। इस सूची में कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल की उपस्थिति न केवल भारत में बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा डेस्टिनेशन के रूप में इसकी प्रतिष्ठा को पुष्टि करती है।*

# अडाणी पोर्ट्स के एनक्यूएक्सटी के अधिग्रहण को फिच रेटिंग्स ने सकारात्मक कदम माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

फिच रेटिंग्स ने अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के ऑस्ट्रेलिया में नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल के अधिग्रहण को क्रेडिट न्यूट्रल बताया है। अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने इसके सकारात्मक रणनीतिक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी का मानना है कि यह अधिग्रहण एपीएसईजेड के अंतरराष्ट्रीय विविधीकरण के प्रयासों को बल देगा, जो कंपनी के लिए एक प्रमुख दीर्घकालिक लक्ष्य है। इस अधिग्रहण की जानकारी 17 अप्रैल, 2025 को दी गई थी।



अधिग्रहण के तहत एपीएसईजेड, नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल (एनक्यूएक्सटी) के मौजूदा शेयरधारकों को नए इक्विटी शेयर जारी करेगा, जो एपीएसईजेड के समान ही प्रमोटर समूह से जुड़ा है। यह सौदा विनियामक और शेयरधारक अप्रूवल के अधीन है। फिच को उम्मीद है कि अधिग्रहण से एपीएसईजेड की वित्तीय स्थिरता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और इसका ग्रॉस लेवरेज वित्त वर्ष 2026 से वित्त वर्ष 2029 में लगभग 3 गुना रहने का अनुमान है। इस लेन-देन से कंपनी के वैश्विक ईबीआईटीडीए योगदान में 4 प्रतिशत से 10 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जो इसकी वैश्विक विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### अधिग्रहण से एपीएसईजेड के कार्गो मिक्स में कोयले की हिस्सेदारी बढ़ेगी

*इसके अलावा, अधिग्रहण से एपीएसईजेड के कार्गो मिक्स में कोयले की हिस्सेदारी बढ़ जाएगी, हालांकि, कंटेनर में पैक और अन्य गैर-कोयला सेगमेंट में मजबूत वृद्धि के कारण समय के साथ इसमें कमी आने की उम्मीद है। परिचालन को लेकर एनक्यूएक्सटी पर प्रभाव न्यूनतम होने की उम्मीद है, क्योंकि एपीएसईजेड पहले से ही टर्मिनल का संचालन करता है। 35 मिलियन टन के वार्षिक कोयला प्रवाह और 70 प्रतिशत की वर्तमान उपयोग दर वाले इस टर्मिनल को मध्यम अवधि में सीमित पूंजीगत व्यय की आवश्यकता है। इसके अलावा, लंबी अवधि के टेक-या-पे अनुबंध और 85 वर्षों की शेष लीज अवधि एपीएसईजेड के लिए मजबूत नकदी प्रवाह दृश्यता प्रदान करती है। अधिग्रहण से कुछ रिफाइनेंसिंग जोखिम भी होता है, क्योंकि एनक्यूएक्सटी के पास 2030 तक कोई डेट मैच्योरिटी नहीं है। इसके मौजूदा डेट स्ट्रक्चर में अतिरिक्त उधार पर प्रतिबंध और नियंत्रित नकदी बहिर्वाह जैसी विशेषताएं शामिल हैं, जो वित्तीय अनुशासन को सुनिश्चित करने में मददगार बनती हैं।*


# व्यापारी बोले व्यापार नहीं देश पहले, पाकिस्तान का बहिष्कार

व्यापारियों ने शक्कर ड्राइफ्रूट समेत कई जरूरत सामान पर लगाई रोक

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

पहलगाम हमले के बाद भारत पाकिस्तान पर एक के बाद एक कड़े फैसले लेने की तैयारी में है। वहीं मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और आर्थिक राजधानी इंदौर के व्यापारियों ने भी पाकिस्तान का बहिष्कार शुरू कर दिया है। इंदौर के थोक ड्राई फ्रूट व्यापारियों ने एक्सपोर्ट पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। व्यापारियों ने बताया कि इंदौर से 50 से 100 करोड़ रुपए का ड्राई फ्रूट, शक्कर व अन्य किराना सामग्री पाकिस्तान निर्यात होती है जिसे अब रोक दिया है।

व्यापारियों के अनुसार जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 बेगुनाह लोगों की हत्या को लेकर देशभर में जबरदस्त आक्रोश है। गोलीबारी में इंदौर के रहने वाले सुशील कुमार नथानियाल की भी मौत हो गई। वहीं उनकी बेटी को भी पैर में गोली लगी। इसके बाद से ही पूरे इंदौर शहर और खासतौर पर व्यापारिक क्षेत्र में काफी आक्रोश है।



### काजू, अखरोट और बादाम का निर्यात

उत्पादों पर रोक लगाने का फैसला ड्राई फ्रूट मार्केट श्री मारोठिया बाजार व्यापारी एसोसिएशन ने लिया है। संगठन के अध्यक्ष विशाल शर्मा के मुताबिक 5 करोड़ रुपए से ज्यादा का ड्राय फ्रूट तो केवल हमारे यहां से ही जाता है, पूरे इंदौर से करोड़ों का माल भेजा जाता है। मारोठिया बाजार से हर महीने करीब 50 से 100 करोड़ रुपए का व्यापार होता है, जिसके तहत पाकिस्तान के लिए शक्कर, काजू, अखरोट और बादाम का निर्यात होता है।

### हर जरूरत की चीज पर रोक लगाई जाएगी

*जब देश के किसी शहर के बाजार ने सीधे तौर पर अपने यहां आने वाला माल पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया है तो यहां से सप्लाई की जाने वाली हर जरूरत की चीज पर रोक लगाई जाएगी। पुलवामा हमले के बाद भी भारत सरकार ने पाकिस्तान इंपोर्ट की जाने वाली खजूर पर 200 फीसदी ड्यूटी लगाई थी। इसके बाद भारी भरकम ड्यूटी से बचने के लिए खाड़ी देशों के रास्ते इंदौर में पाकिस्तानी खजूर (खारक) पहुंच रही थी।*

# ओलेक्ट्रा ने बेहतर कंक्रीट सुदृढ़ीकरण के लिए क्रांतिकारी जीएफआरपी रीबार को लांच किया

बेहतर ताकत, स्थायित्व और पर्यावरण-मित्रता का दावा

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों में अग्रणी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने प्रतिष्ठित एमईआईएल बजट मीट में अपने ग्राउंडब्रेकिंग ग्लास फाइबर रीइन्फोर्स्ड पॉलीमर (जीएफआरपी) रीबार का अनावरण किया है।

यह अभिनव उत्पाद कंक्रीट सुदृढ़ीकरण प्रौद्योगिकी में एक महत्वपूर्ण उन्नति का प्रतिनिधित्व करता है, जो बेहतर ताकत, स्थायित्व और पर्यावरण-मित्रता का दावा करता है। जीएफआरपी रीबार का उद्घाटन एमईआईएल के प्रबंध निदेशक पीवी कृष्ण रेड्डी ने ओलेक्ट्रा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, केवी प्रदीप औरएमईआईएल समूह के निदेशकों, सीएच सुब्बैया और बी. श्रीनिवास रेड्डी




### जीएफआरपी रीबार लागत बचत के साथ संरचनाओं के जीवनकाल को भी बढ़ाता

*ईसीआर ग्लास और एपॉक्सी रेजिन का उपयोग करके तैयार किया गया, ओलेक्ट्रा का जीएफआरपी रीबार पारंपरिक स्टील सुदृढ़ीकरण पर उल्लेखनीय लाभ प्रदान करता है, जो 950-1100 एमपीए की अंतिम तन्य शक्ति प्राप्त करता है - स्टील से लगभग दोगुना। इसके अतिरिक्त, यह लगभग चार गुना हल्का है, जिससे आसान हैंडलिंग और परिवहन की सुविधा मिलती है। इसकी गैर-संक्षारक, गैर-चुंबकीय, गैर-प्रवाहकीय और जल प्रतिरोधी विशेषताएं इसे विशेष रूप से मांग वाले वातावरण के लिए उपयुक्त बनाती हैं। जीएफआरपी रीबार न केवल लागत बचत और कम रखरखाव में योगदान देता है बल्कि संरचनाओं के जीवनकाल को भी बढ़ाता है।*

### देश के सबसे बड़े सिलिकॉन रबर, कम्पोजिट इंसुलेटर निर्माताओं में से एक

ओलेक्ट्रा का जीएफआरपी रीबार समुद्री संरचनाओं, फुटपाथों, पुल डेक, औद्योगिक फर्श, प्रीकास्ट तत्वों, सबस्टेशन सिविल संरचनाओं और जल निकासी प्रणालियों सहित विभिन्न अनुप्रयोगों में कंक्रीट सुदृढ़ीकरण को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। अकेले 2024 में भारत में लगभग 50 मिलियन टन टीएमटी स्टील रीबार की खपत के साथ, ओलेक्ट्रा का उन्नत जीएफआरपी रीबार आधुनिक बुनियादी ढांचे की मांगों को पूरा करने के लिए एक मजबूत और टिकाऊ समाधान प्रस्तुत करता है। 2000 में स्थापित, ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड (एक सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध इकाई) और एमईआईएल समूह का हिस्सा ने 2015 में भारत में इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत का बीड़ा उठाया और यह बिजली पारेषण प्रणालियों के लिए सिलिकॉन रबर/कम्पोजिट इंसुलेटर के देश के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक है।

### उमा एक्सपोर्ट्स ने बढ़ाई प्रसंस्करण क्षमता

**मुंबई।** उमा एक्सपोर्ट्स लिमिटेड ने नवी मुंबई में अपनी लीज पर ली गई सुविधा में पल्स निर्माण संचालन की शुरुआत की घोषणा की। नए संयंत्र ने अपनी ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरी कर ली है और अब यह पूरी तरह से संचालन में है, जिससे उत्पादन क्षमता में 36,000 एमटीपीए की वृद्धि हुई है। यह नया उद्यम पूरी तरह से आंतरिक संचित निधियों द्वारा वित्तपोषित किया गया है, जिससे कोई बाहरी निवेश की आवश्यकता नहीं है, और यह कंपनी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण से मेल खाता है।



सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रंगीन क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### फोकस लाइटिंग एसओआर में शामिल

**मुंबई।** फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर्स लिमिटेड ने गुजरात सरकार के रोड्स एंड बिल्डिंग्स विभाग के इलेक्ट्रिकल विंग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए पैनल में शामिल किया गया है। यह पैनल में शामिल किया जाना विभाग की शेड्यूल रेट समीक्षा समिति द्वारा गहन मूल्यांकन के बाद हुआ है, जिसने कंपनी की योग्यता की पुष्टि की है कि वह विभिन्न सरकारी परियोजनाओं के लिए प्रकाश समाधान प्रदान कर सकती है, पल्स लाइट टेक और टीआरआईएक्स ब्रांड के अंतर्गत प्रस्तुत उत्पादों में इनडोर और आउटडोर दोनों प्रकार की लाइटिंग फिटिंग्स शामिल हैं।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रुझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धनार्जन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोतरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

# नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने जेईई मेन 2025 में शीर्ष रैंक के साथ परचम लहराया

**हैदराबाद।** नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने जेईई मेन 2025 के नतीजों में शानदार प्रदर्शन कर अपना परचम लहराया है। ओपन कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक 1 और टॉप 100 में 25वां स्थान हासिल किया है। नारायणाइट्स ने ओपन कैटेगरी की टॉप 100 रैंक में एआईआर 1, 9, 12, 13, 19, 20, 21, 22, 24, 25, 26, 36, 36, 45, 47, 59, 60, 67, 80, 81, 84, 86, 87 और 95 हासिल किए। नारायण के छात्र वाणीव्रत माजी ने 300/300 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय टॉपर के रूप में उभरे - जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र छात्र विकास के लिए संस्थान की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर, नारायणा के छात्रों ने अखिल भारतीय ओपन श्रेणी में शीर्ष 20 में से 6 रैंक भी हासिल की: शिवेन विकास तोशिनीवाल - एआईआर 9 एन-प्रेप, गुजरात, सौरव - एआईआर 12 एन-प्रेप, उत्तर प्रदेश, अर्चिस्मान नंदी - एआईआर 13 एन-प्रेप, पश्चिम बंगाल, सानिध्य सराफ - एआईआर 19 महाराष्ट्र, और आयुष सिंघल - एआईआर 20 राजस्थान, जो पूरे देश में नारायणा के मजबूत प्रभाव को दर्शाता है। गर्व के साथ, श्रीमती पी. रामादेवी, कोर प्रबंधन समिति के सदस्य, डॉ. पी. सिंधुरा, और सुश्री पी. शरणी, नारायणा शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक, ने छात्रों के अटूट समर्पण, उनके परिवारों के दृढ़ समर्थन और सभी हितधारकों के सपनों को पूरा करने में नारायणा में शैक्षणिक और प्रशासनिक टीमों के अथक प्रयासों की सराहना की। श्रीमती पी. रामादेवी ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, "इस साल जेईई मेन के नतीजों में नारायण की निरंतरता एक बार फिर स्पष्ट है। पिछले छह वर्षों में यह तीसरी बार है जब नारायण ने एआईआर 1 हासिल किया है। इसके अलावा, पिछले पाँच वर्षों में, नारायण के छात्रों ने सभी शीर्ष 10 रैंक में से 21 प्रतिशत हासिल किए हैं।" नारायण शैक्षणिक संस्थानों नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की निदेशक सुश्री पी. शरानी ने कहा, "हमारे स्वामित्व वाले लर्निंग प्लेटफॉर्म, एनलर्न ने छात्रों को एक अलग प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दी है। वास्तविक समय की प्रगति ट्रैकिंग के साथ, शिक्षक प्रश्नों का तुरंत जवाब देने में सक्षम थे, जिससे तैयारी में काफी सुधार हुआ। हमारे समर्पित संकाय और तकनीक से प्रेरित बुनियादी ढाँचा सपनों को पूरा करने के प्रति नारायण की प्रतिबद्धता का आधार है, क्योंकि नारायण में, आपके सपने हमारे सपने हैं।"

ई-फाइलिंग अनिवार्य, हाइब्रिड सुनवाई का प्रावधान

# जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों के लिए नए नियम नोटिफाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने जीएसटी न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) से जुड़े नियम अधिसूचित किए हैं। नए नियमों में आवेदनों की अनिवार्य ई-फाइलिंग और हाइब्रिड मोड में सुनवाई का प्रावधान किया गया है। नियमों में यह भी प्रावधान है कि यदि आवेदक का आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण है तो दोपहर 12 बजे से पहले आवेदक की ओर से दायर किया गया कोई भी अत्यावश्यक मामला अगले कार्य दिवस पर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। अपवाद वाले मामलों में अपीलीय न्यायाधिकरण या राष्ट्रपति की विशिष्ट अनुमति से, आवेदन को अगले दिन सूचीबद्ध करने के लिए दोपहर 12 बजे के बाद, लेकिन अपराह्न 3 बजे से पहले प्राप्त किया जा सकता है। जीएसटी से संबंधित विवादों को सुलझाने के लिए महत्वपूर्ण निकाय जीएसटीएटी की पीठें राष्ट्रपति के आदेश के अधीन, सुबह 10:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक और दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक बैठेंगी। वस्तु व सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण नियम, 2025 के अनुसार अपीलीय न्यायाधिकरण के प्रशासनिक कार्यालय सभी कार्य दिवसों में प्रातः 9:30 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे।

पिछले वर्ष मई में सरकार ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया था।


### मोस्ट का 'डिसीज्ड ऑर्गन और टिशू डोनेशन' शुरु

**कोलकाता।** मणिपाल ऑर्गन शेयरिंग एंड ट्रांसप्लांट (मोस्ट ) ने मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में 'डिसीज्ड ऑर्गन और टिशू डोनेशन' के पूर्वी भारत चैप्टर का शुभारंभ किया। जिनमें प्रो. मणिमय बंद्योपाध्याय, निदेशक, रीजनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन एवं निदेशक, आईपीजीएमईआर, प्रो. अनिरुद्ध नेओगी,सोट्टो नोडल ऑफिसर – स्वास्थ्य भवन, प्रो. देबांसु सरकार, जॉइंट डायरेक्टर रोट्टो , और डॉ. अयनाभ देबगुप्ता, रीजनल सीओओ, मणिपाल हॉस्पिटल्स – ईस्ट शामिल थे।

इस अवसर पर रोट्टो के निदेशक प्रो. (डॉ.) मणिमय बंद्योपाध्याय ने कहाकि मणिपाल ग्रुप द्वारा यह प्रतिबद्ध कदम मृतक अंग दान की दिशा में एक आशा की किरण है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5848



**बाएँ से दाएँ**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़प्पन-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

### शब्द पहेली -5847 का हल



## सूडोकु नवताल - 5858

★★★★★ कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 5857 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.



# फवाद खान की 'अबीर गुलाल' नहीं होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लोग कभी नहीं भूल सकते।आम लोग से लेकर बॉलीवुड हस्तियां, सभी इस घटना की निंदा कर रहे हैं। वहीं इसका असर ऐसी फिल्मों पर भी देखने को मिल रहा है, जिसमें पाकिस्तानी कलाकार शामिल हैं। पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान की 'अबीर गुलाल' भारत में अब रिलीज नहीं होगी। 'अबीर गुलाल' का विरोध काफी समय से हो रहा था। फिल्म को लेकर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान स्टारर फिल्म 'अबीर गुलाल'को भारत में रिलीज नहीं होने दिया जाएगा। यह फिल्म 9 मई को रिलीज होने वाली थी।

लाइफ Style



# रिद्धि
## जम्मू-कश्मीर की बेटी हूं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पहलगाम हमले के बाद फिल्म 'अबीर गुलाल' के कलाकार फवाद खान और वाणी कपूर पहले से ही लोगों के निशाने पर हैं। इस बीच अभिनेत्री रिद्धि डोगरा जो फिल्म से जुड़ी हैं, वह भी इंटरनेट पर लोगों के निशाने पर हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पहलगाम हमले कि निंदा की और मुस्लिम समुदाय से इस तरह के हमले के खिलाफ बोलने की अपील की।

कई यूजर्स ने उन्हें पाकिस्तानी कलाकारों के साथ काम करने के लिए ट्रोल कर दिया। इस पर रिद्धि डोगरा ने जवाब दिया है। एक यूजर को जवाब देते हुए एक्ट्रेस रिद्धी डोगरा ने कहा 'मैंने ये काम तब किया जब मेरी सरकार ने मुझे इसकी इजाजत दी। मैं कानून के साथ खड़ी हूं। लेकिन, मैं यह भी जानती हूं कि अच्छी सभ्यता के लिए शांति और सद्भाव अहम है। यही वह चीज है जिसकी वजह से हम इस धरती पर जिंदगी जीते हैं।' एक दूसरे ट्वीट में रिद्धि ने कहा 'मैं जम्मू-कश्मीर की बेटी हूं, जहां पर यह हमला हुआ है। इस तरह के हमलों से मैं पूरी तरह से वाकिफ हूं। इससे मेरा भी खून खौलता है। इसीलिए मैं आप सभी से साथी देशवासी के रूप में बात करने की कोशिश करती हूं। सिर्फ अपने कारोबार की वजह से मैं शांत नहीं बैठूंगी। मैं शांति के साथ सहयोग का चुनाव करती हूं। इसलिए अपना गुस्सा मेरे ऊपर मत निकालो। मैं उतना ही गुस्से में हूं, जितना दूसरे लोग।' आपको बता दें कि रिद्धि डोगरा फिल्म 'अबीर गुलाल' से जुड़ी हुई हैं। इस फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार फवाद खान ने अहम किरदार निभाया है। पहलगाम में आतंकी हमला पाकिस्तानी आतंकवादियों की तरफ से किया गया है।

हॉलीवुड मसाला



# 'हेड्स ऑफ स्टेट' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** गुरुवार को जॉन सीना के जन्मदिन पर फिल्म निर्माताओं ने 'हेड्स ऑफ स्टेट' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा, जॉन सीना और इदरीस एल्बा का दमदार लुक हर किसी को पसंद आ रहा है। एक्शन और कॉमेडी से भरपूर फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' 2 जुलाई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इस फिल्म में अमेरिकी राष्ट्रपति विल डेरिंगर की भूमिका में जॉन सीना और यूके के प्रधानमंत्री सैम क्लार्क की भूमिका में इदरीस एल्बा की कहानी है, जो एक-दूसरे से प्रतिद्वंद्विता रखते हैं।



# 'मिशन इम्पॉसिबल' की टीम ने 40 डिग्री सेल्सियस में की शूटिंग

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने अपनी आगामी लोकप्रिय जासूसी-एक्शन फिल्म सीरीज, 'मिशन इम्पॉसिबल' की लोकेशन शूटिंग का एक शानदार वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जो प्रशंसकों के बीच वायरल हो रहा है। 62 साल के टॉम ने अपने प्रशंसकों के लिए इंस्टाग्राम पर स्वालबार्ड से एक खास वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो उनकी आगामी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल' का है। स्वालबार्ड, नॉर्वे और उत्तरी ध्रुव के बीच का एक बेहद ठंडा और बर्फीला इलाका है। टॉम ने इस शानदार वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'स्वालबार्ड जैसी जगह को दर्शकों के सामने लाना सौभाग्य की बात है। यह हर मायने में अद्भुत है और हम आपके द्वारा इसे सिनेमाघरों में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।' टॉम की फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल- फाइनल चैप्टर' 23 मई को रिलीज होगी।



# 'चोर बजारी' गाने को लेकर हुए ट्रोल...

**मुंबई।** राजकुमार राव अब तक कई रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बन चुके हैं। जल्द ही उनकी फिल्म 'भूल चूक माफ' सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म की कहानी टाइम लूप पर है। हाल ही में इस फिल्म का गाना 'चोर बजारी...'रिलीज हुआ है। इस गाने को कुछ लोगों ने पसंद किया, वहीं कुछ इसे ट्रोल करते दिखे। सोशल मीडिया पर फिल्म 'भूल चूक माफ' का नया गाना 'चोर बजारी दो नैनों...' को सुनकर म्यूजिक लवर्स को सैफ अली खान की फिल्म 'लव आज कल' याद आ गईं। इसी फिल्म में पहली बार इस गाने को सुना गया। अब राजकुमार राव की फिल्म में इस गाने को रीमेक किया गया है। गाने को रीमेक किए जाने पर ही कई यूजर्स नाराज नजर आए। एक यूजर लिखता है, 'क्या कोई ओरिजिनल सॉन्ग भी है इस फिल्म में।'




# खुद को गर्वित भारतीय अमेरिकी बताया

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'फौजी' का विरोध शुरू हो गया है। इसी बीच फिल्म की एक्ट्रेस ने अपने ऊपर लग रहे पाकिस्तान के कनेक्शन को अफवाह करार दिया है। एक्ट्रेस इमानवी ने अपनी कुंडली का पूरा सच बताया है। अपनी पोस्ट में एक्ट्रेस ने ये भी लिखा है कि, ' मुझे एक भारतीय-अमेरिकी होने पर गर्व है। मैं हिंदी, तेलुगु, गुजराती और अंग्रेजी बोलती हूं। मेरा जन्म लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में हुआ था, मेरे जन्म वहां हुआ थो वह अमेरिकी नागरिक बन गए। अमेरिका में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद मैंने एक्टिंग की दुनिया में आने का मन बनाया. यहां काफी काम करने के बाद मुझे सही मुकाम मिला है। मैं उन महान लोगों की विरासत में योगदान देने की आशा करती हूं जो मुझसे पहले आए थे।'

टीवी मसाला

# पहलगाम हमले पर कविता सुनाकर ट्रोल हुए करण वीर

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर करण वीर मेहरा को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल किया जा रहा है। एक्टर ने पहलगाम हमले को लेकर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें एक कविता बोलते नजर आए। जिसे देखकर, सुनकर फैंस तक नाराज हुए। 'बिग बॉस 18' के विनर और टीवी एक्टर करण वीर मेहरा ने जो वीडियो पोस्ट किया, उसमें वह एक कविता कहते हैं। कविता की पक्तियां कुछ यूं हैं, 'बांट दिया इस धरती को, क्या चांद सितारों का होगा? शिव की गंगा भी पानी है, आबे जमजम भी पानी है। पंडित भी पिए मौला भी पिए, तो पानी का मजहब क्या होगा? एक है सूरज, चांद है एक, एक हवा में सांस है सबकी। नस्लों का करें जो बंटवारा, रहभर वो कौन का ढोंगी है। सवाल तो बस एक ही है, क्या अल्लाह ने मंदिर तोड़ा था या राम ने मस्जिद तोड़ी है? बांट दिया इस धरती को, कोई हिंदू है, कोई मुसलमान, कोई सिख तो कोई ईसाई। बस सबने इंसान ना होने की है कसम खाई।' करण तो पहलगाम हमले को लेकर अपनी भावना जता रहे थे, लेकिन कुछ यूजर को कविता कहने का उनका अंदाज पसंद नहीं आया। कुछ यूजर को लगा कि वो एक्टिंग कर रहे हैं? ऑडिशन जैसा दे रहे हैं? करण वीर मेहरा का यह वीडियो इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट किया गया है। इस वीडियो के कमेंट सेक्शन में लोगों ने करण को खूब खरी-खोटी सुनाई है। एक यूजर लिखता है, 'भाई वो सैड म्यूजिक सर्च करके लगाओ। इससे ज्यादा इमोशन आते हैं। रिंग लाइट की जगह सॉफ्टबॉक्स ले लो।



## 'बड़े अच्छे लगते हैं' में आएंगी नजर

**नई दिल्ली।** जल्द ही सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' के नए सीजन में एक्ट्रेस शिवांगी जोशी नजर आएंगी। शिवांगी के फैंस उन्हें छोटे पर्दे पर देखने के लिए एक्साइटेड हैं। हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें एक लग्जरी वैनिटी दिख रही हैं, इसे शिवांगी का बताया जा रहा है। टीवी सीरियल के एक्टर्स को इस तरह की वैनिटी कम ही मिलती है। सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (ट्विटर) पर शिवांगी का एक फैन पेज है, जिस पर एक वीडियो साझा किया गया है। इस वीडियो में एक लग्जरी वैनिटी वैन दिख रही हैं, जो किसी आलीशान घर जैसी लग रही है। इसमें हर सुविधा है। इस वीडियो में दिखाई गई वैनिटी के बारे में कहा जा रहा है कि ये एक्ट्रेस शिवांगी जोशी की है। सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' के नए सीजन के लिए उन्हें ये वैनिटी मिली है। लग्जरी वैनिटी को देखकर सोशल मीडिया पर शिवांगी के फैस ने भी रिएक्ट किया है। वह शिवांगी के लिए काफी खुश हैं। जहां तक बात शिवांगी की है तो उन्होंने इस वैनिटी को लेकर कोई अपडेट नहीं दिया है।



# रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको संग डेट पर दिखीं अनन्या...

**मुंबई।** हाल ही में अनन्या पांडे को रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको को साथ देखा गया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें दोनों को एक ही रेस्तरां से अलग-अलग बाहर आते देखा गया।



 वॉकर ब्लैंको बॉलीवुड से कोई कनेक्शन नहीं रखते हैं। वॉकर ब्लैंको भारत में ही पले-बढ़े हैं। वह मॉडलिंग भी करते हैं। मॉडलिंग के शौक के अलावा वॉकर एक एनिमल लवर भी हैं। अपने इस शौक को उन्होंने आगे चलकर अपना प्रोफेशन बना लिया। इन दिनों वह जामनगर, गुजरात में अंबानी परिवार के वंतारा से जुड़े हुए हैं। वंतारा में बड़ी संख्या में अलग-अलग तरह के जानवरों को रखा जाता है, उनकी अच्छी देखभाल की जाती है। अनंत अंबानी की शादी में ही अनन्या पांडे और वॉकर ब्लैंको साथ नजर आए। शादी के फंक्शन से अनन्या और वॉकर ब्लैंको की कई तस्वीरें, वीडियो वायरल हुए। समय-समय पर वॉकर भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अनन्या की तस्वीरें लगाते रहते हैं। हाल ही में 'केसरी 2' के ट्रेलर को भी वॉकर ने साझा किया था। इस फिल्म में अनन्या पांडे ने एक वकील का रोल किया है। फिल्म की कहानी जलियांवाला बाग में हुए

# 17 साल पुरानी इस फिल्म का सीन हुआ वायरल
## केके मेनन ने बताई आतंकवादी की पहचान...

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले के बाद पूरा देश गुस्से में है और इस घटना पर दुख जता रहा है। सोशल मीडिया पर भी लोगों के तरह-तरह के रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं। इस बीच पहलगाम हमले के बाद 17 साल पुरानी एक बॉलीवुड फिल्म अचानक चर्चा में आ गई है। फिल्म का एक सीन काफी वायरल हो रहा है और लोग इस आतंकी हमले के बाद इसे सोशल मीडिया पर काफी शेयर कर रहे हैं। दरअसल, ये सीन केके मेनन की फिल्म 'शौर्य' का है।

***लोग कर रहे केके मेनन की तारीफ :*** 2008 में आई फिल्म 'शौर्य' में ब्रिगेडियर रुद्र प्रताप सिंह की भूमिका निभाने वाले अभिनेता केके मेनन पहलगाम हमले के बाद फिर से चर्चाओं में हैं। फिल्म में आतंकवाद के



खिलाफ कार्रवाई को लेकर उनका दमदार मोनोलॉग काफी वायरल हो रहा है। इस वायरल सीन में उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहने के लिए डॉ. आमिर की निंदा की है। इस 3 मिनट 35 सेकंड लंबे मोनोलॉग में ब्रिगेडियर रुद्र प्रताप सिंह एक गहन पूछताछ के सीन के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा की आड़ में अपना बचाव करता है। नेटिजेंस केके मेनन के दमदार अभिनय और जबरदस्त मोनोलॉग देने में उनकी प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस की तारीफ कर रहे हैं।

***आतंकवादियों के बारे में बोलता है ब्रिगेडियर रुद्र प्रताप सिंह का किरदार :*** *इस 3 मिनट से भी अधिक लंबे मोनोलॉग में एक पूछताछ के सीन के दौरान केके मेनन आतंकवादियों के बारे में गुस्से में बोलते हैं। सीन में ब्रिगेडियर रुद्र प्रताप सिंह कहता है, 'कॉम जानते हो क्या है? निशानियां जो पैदा होते ही इनके अंदर लग जाती हैं। इन जैसे लोगों की नसों में बहुत अंदर तक। ये मासूम नहीं हैं, हाथ में एक47 लेकर घूमते हैं..लॉलीपॉप की तरह। बच्चे नहीं हैं, ये टाइम बॉम हैं।'*

***2008 में आई कोर्ट रूम ड्रामा है 'शौर्य':*** *समर खान द्वारा निर्देशित 2008 की कोर्ट रूम ड्रामा शौर्य 1992 की अमेरिकी फिल्म 'ए फ्यू गुड मेन'से प्रेरित है, जो खुद एक नाटक पर आधारित थी। यह फिल्म स्वदेश दीपक के हिंदी नाटक कोर्ट मार्शल से भी प्रभावित है। 'शौर्य' में राहुल बोस, अमृता राव, दीपक डोबरियाल, मिनिषा लांबा और जावेद जाफरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। कहानी मेजर सिद्धांत चौधरी की है, जो भारतीय सेना का एक वकील है, जिसे कैप्टन जावेद खान का बचाव करने के लिए नियुक्त किया जाता है, जो एक अधिकारी है जिस पर एक सम्मानित वरिष्ठ की हत्या का आरोप है। हालांकि, कैप्टन खान बचाव से इनकार कर देता है और खुले तौर पर जुर्म स्वीकार करता है।*

# आतंकी हमलों के बाद विवादों में आईं ये फिल्में पाक कलाकारों समेत गायकों पर भी लगा बैन

*नई दिल्ली। भारत में हुए आतंकी हमलों ने न केवल देश की सुरक्षा व्यवस्था को झकझोरा, बल्कि मनोरंजन जगत पर भी गहरा प्रभाव डाला। खास तौर पर, जब बात पाकिस्तानी कलाकारों या गायकों की बॉलीवुड फिल्मों में भागीदारी की आती है तो आतंकी हमलों के बाद जनता और संगठनों का गुस्सा इन फिल्मों पर उतरता नजर आया है। हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान की फिल्म 'अबीर गुलाल'पर बैन की मांग और विरोध इसका ताजा उदाहरण है। इस घटना ने एक बार फिर उन फिल्मों को चर्चा में ला दिया, जो 26/11 मुंबई हमले (2008), उरी हमले (2016), और पुलवामा हमले (2019) के बाद पाकिस्तानी कलाकारों की मौजूदगी के कारण विवादों में घिरीं और जिन पर बैन की मांग या विरोध हुआ। आइए, इन हमलों के बाद प्रभावित हुईं फिल्मों पर नजर डालते हैं।*

**26/11 मुंबई अटैक (2008) :** 26/11 के मुंबई हमले ने भारत-पाकिस्तान संबंधों पर गहरा असर डाला। इस हमले के बाद पाकिस्तानी कलाकारों के बॉलीवुड में काम करने पर पहली बार संगठित विरोध देखने को मिला। हालांकि, उस समय कोई फिल्म आधिकारिक तौर पर बैन नहीं हुई, लेकिन कुछ फिल्मों और गायकों पर विवाद जरूर हुआ।



**रब ने बना दी जोड़ी (2008) :** इस फिल्म में पाकिस्तानी गायक राहत फतेह अली खान का गाना था। हमले के बाद कुछ संगठनों, जैसे शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने उनके गानों को हटाने की मांग की। हालांकि, फिल्म रिलीज हुई।

**रेस (2008) :** आतिफ असलम का गाना 'पहली नजर में' इस फिल्म का हिट गाना था। हमले के बाद राष्ट्रवादी संगठनों ने आतिफ जैसे पाकिस्तानी गायकों के बॉलीवुड में योगदान पर सवाल उठाए। कुछ जगहों पर उनके गानों को हटाने की मांग हुई, लेकिन कोई बड़ा बैन लागू नहीं हुआ।

**वेलकम टु सज्जनपुर (2008) :** इस फिल्म में भी राहत फतेह अली खान का गाना शामिल था। कुछ स्थानीय संगठनों ने इसे हटाने की मांग की, लेकिन फिल्म की रिलीज पर कोई असर नहीं पड़ा। 2008 में विरोध सीमित थे और कोई आधिकारिक प्रतिबंध नहीं लगा। लेकिन इस हमले ने पाकिस्तानी कलाकारों के खिलाफ माहौल बनाना शुरू कर दिया, जो बाद के हमलों में और तेज हुआ।

**उरी अटैक (2016) :** 18 सितंबर 2016 को हुए उरी हमले ने देश में आक्रोश की लहर पैदा की। इस हमले के बाद बॉलीवुड में पाकिस्तानी कलाकारों पर पहली बार संगठित और आधिकारिक प्रतिबंध की मांग उठी। इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने पाकिस्तानी कलाकारों और तकनीशियनों पर बैन की घोषणा की। इसके साथ ही कई फिल्मों पर भी विवाद हुए।



**रेस 3 (2018) :** हालांकि, यह फिल्म बाद में रिलीज हुई, लेकिन इसमें आतिफ असलम का गाना 'अल्लाह दुहाई है' शामिल था। उरी हमले के बाद बने माहौल के कारण आतिफ जैसे गायकों के गानों पर विवाद हुआ और कुछ संगठनों ने इसे हटाने की मांग की।

**पुलवामा अटैक (2019) :** 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तानी कलाकारों के खिलाफ विरोध चरम पर पहुंच गया। ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन और फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने घोषणा की कि कोई भी पाकिस्तानी कलाकारों के साथ काम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

**ऐ दिल है मुश्किल (2016) :** करण जौहर की इस फिल्म में पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान ने सहायक भूमिका निभाई थी। उरी हमले के बाद एमएनएस ने फिल्म की रिलीज का विरोध किया और फवाद के दृश्य हटाने की मांग की। सिनेमाघरों में प्रदर्शन बाधित करने की धमकी दी गई। करण जौहर ने एक वीडियो बयान जारी कर कहा कि वे भविष्य में पाकिस्तानी कलाकारों के साथ काम नहीं करेंगे, जिसके बाद फिल्म रिलीज हो सकी।



**रईस (2017) :** इस फिल्म में पाकिस्तानी अभिनेत्री माहिरा खान ने शाहरुख खान के साथ मुख्य भूमिका निभाई थी। उरी हमले के बाद एमएनएस और अन्य संगठनों ने माहिरा की भागीदारी पर आपत्ति जताई। निर्माताओं ने माहिरा को प्रचार से दूर रखा और उनके दृश्यों को कम प्रचारित किया, जिससे फिल्म रिलीज हो सकी।




# 'मैं देशद्रोही नहीं, देशभक्त हूं...' पाकिस्तान के नदीम को न्योता देने पर भाला फेंक खिलाड़ी नीरज झेल रहे नफरत और अपमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के भालाफेंक खिलाड़ी अरशद नदीम को बेंगलुरु में अगले महीने होने वाले नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने का न्योता देने पर उन्हें 'नफरत और अपमान' झेलना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ओलंपिक चैंपियन नदीम का यहां खेलने के सवाल ही पैदा नहीं होता।

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह यह देखकर दुखी हैं कि सोशल मीडिया पोस्ट में उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाए जा रहे हैं और उनके परिवार को भी अपशब्द कहे जा रहे हैं। चोपड़ा ने नदीम को 24 मई को बेंगलुरु में होने वाले पहले नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिए बुलाया था। नदीम ने व्यस्तता का हवाला देकर न्योता ठुकरा दिया था।



### देशप्रेम पर उठा सवाल

चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में लिखा, 'नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिए अरशद नदीम को मेरे निमंत्रण पर काफी बातें हो रही है और ज्यादातर घृणा और अपमानजनक हैं। उन्होंने मेरे परिवार को भी नहीं छोड़ा। मैं आम तौर पर ज्यादा बोलता नहीं हूं लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि मैं गलत के खिलाफ नहीं बोलूंगा। वह भी तब जब हमारे देश के लिए मेरे प्यार पर सवाल उठाए जा रहे हैं और मेरे परिवार के सम्मान का सवाल है।'

### दो दिन पहले भेजा था निमंत्रण

चोपड़ा ने कहा कि निमंत्रण पहलगाम पर आतंकवादी हमले से दो दिन पहले सोमवार को भेजा गया। पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गई जिसमें अधिकांश पर्यटक थे। चोपड़ा ने कहा, 'मैंने अरशद को जो न्योता भेजा, वह एक खिलाड़ी से दूसरे खिलाड़ी को था। इससे ज्यादा या कम कुछ नहीं। नीरज चोपड़ा क्लासिक का मकसद भारत से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सामने लाना और हमारे देश में विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना है। सभी खिलाड़ियों को पहलगाम में आतंकवादी हमले से दो दिन पहले सोमवार को न्योते भेजे गए।



### मेरा देश और उसके हित हमेशा सर्वोपरि

नीरज ने लिखा, 'पिछले 48 घंटे में जो हुआ, उसके बाद एनसी क्लासिक में अरशद के खेलने का सवाल ही नहीं था। मेरे देश और उसके हित हमेशा सर्वोपरि है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन लोगों के साथ है जिन्होंने अपनों को खोया है। पूरे देश के साथ मैं भी दुखी और खफा हूं। मुझे यकीन है कि हमारे देश का जवाब एक राष्ट्र के रूप में हमारी शक्ति दिखा देगा और इंसाफ होगा। मैं इतने साल से गर्व से अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं और मेरी ईमानदारी पर सवाल उठने से मैं दुखी हूं। मुझे दुख है कि मुझे उन लोगों के सामने सफाई देनी पड़ रही है जो मुझे और मेरे परिवार को अकारण निशाना बना रहे हैं।'

खास खबर

## सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पंजाब-गोवा में जंग आज




**भुवनेश्वर।** पिछले मैच में शानदार जीत से आत्मविश्वास से लबरेज पंजाब एफसी की टीम शनिवार को यहां सुपर कप क्वार्टफरफाइनल में मजबूत एफसी गोवा को हराकर इसी लय को जारी रखने की उम्मीद करेगी। पंजाब ने ओडिशा एफसी को 3-0 से जबकि एफसी गोवा ने आई लीग टीम गोकुलम केरला एफसी को इसी अंतर से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी। पंजाब एफसी के मुख्य कोच पनागियोटिस डिलम्पेरिस ने कहा, 'हमने ओडिशा के खिलाफ मैच में जोखिम लिया और उन्हें गोल में तब्दील किया। ओडिशा ने भी कई मौके बनाये और मैं चाहूंगा कि गोवा के खिलाफ कल के मैच में हम इनका दोहराव नहीं होने दें।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 3 | 10 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 4 |
| हैदराबाद | 8 | 2 | 6 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप




साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

### पॉल संचालन परिषद में आईसीए प्रतिनिधि



**मुंबई।** मुंबई और हिमाचल प्रदेश के पूर्व क्रिकेटर पॉल वलथाटी को टी20 मुंबई लीग की संचालन परिषद में भारतीय क्रिकेटर संघ का प्रतिनिधि चुना गया है। टी20 मुंबई लीग अगले महीने 26 मई से आठ जून तक होगी जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी। इससे पहले यह लीग 2018 और 2019 में खेली गई थी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इसके ब्रांड दूत हैं जिसके लिये 2800 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीयन किया है।

आईपीएल : श्रेयस की कप्तानी में एक दशक बाद चैंपियन बनी थी केकेआर

# कोलकाता की बाधा बनेंगे पूर्व कप्तान अय्यर पंजाब किंग्स को प्लेआफ में पहुंचाने का लक्ष्य

एजेंसी ⏭ कोलकाता

एक सत्र पहले कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर अब प्लेआफ क्वालीफिकेशन की उसकी राह में सबसे बड़ी बाधा होंगे। श्रेयस की कप्तानी में पंजाब किंग्स आईपीएल के अहम मैच में शनिवार को ईडन गार्डंस पर मेजबान के खिलाफ उतरेगी। बारह महीने पहले अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने एक दशक में पहला आईपीएल खिताब जीता था। शनिवार को वह विरोधी टीम की जर्सी पहनेंगे और आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब को प्लेआफ में पहुंचाने की दिशा में अगला कदम बढ़ाने के इरादे से उतरेंगे।

केकेआर ने अय्यर को रिलीज करके सभी को हैरत में डाल दिया था लेकिन पंजाब किंग्स की कप्तानी अय्यर को रास आ रही है। दिल्ली कैपिटल्स के अपने मेंटोर रिकी पोंटिंग के साथ मिलकर अय्यर ने पंजाब को आठ में से पांच मैच जिताकर अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। इस साझेदारी ने अय्यर को आत्मविश्वास के साथ कप्तानी की छूट भी दी जिसके दम पर वह अब तक तीन अर्धशतक समेत 263 रन बना चुके हैं।




### रहाणे पर प्रदर्शन का दबाव

अंगकृष रघुवंशी को अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल जैसे गेंदबाजों की चुनौती का बखूबी सामना करना होगा। कप्तान अजिंक्य रहाणे को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा जो तेज खेलकर टीम को जीत तक ले जाने में नाकाम रहे हैं। उन्हें चहल से बचकर रहना होगा जिसने पिछले सप्ताह खतरनाक स्पैल डालकर रहाणे, रघुवंशी, रिंकू और रमनदीप के विकेट चटकाए थे। केकेआर की गेंदबाज हर्षित राणा और पंजाब के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की टक्कर भी देखने लायक होगी।

### बल्ले से जवाब देने का मौका

अब अय्यर के पास अपने बल्ले से जवाब देने का सुनहरा मौका है जैसे नाबाद अर्धशतक जमाकर केएल राहुल ने अपनी पूर्व टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स को जीत दिलाकर किया था।

### कोलकाता की राह आसान नहीं



केकेआर आठ में से पांच मैच हार चुका है और एक और हार से प्लेआफ की उसकी राह असंभव हो जाएगी। उसका शीर्षक्रम चल नहीं पा रहा और मध्यक्रम जिम्मेदारी से नहीं खेला। स्पिन आक्रमण अपने गढ़ ईडन गार्डंस पर नाकाम साबित हुआ है। उसे अगले छह में से पांच मैच हर हालत में जीतने होंगे। केकेआर के मध्यक्रम के बल्लेबाज आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह और रमनदीप फिनिशिंग टच नहीं दे पाए जिससे टीम में बदलाव करना पड़ सकता है।

### हेजलवुड के पास दबाव झेलने की क्षमता



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने आईपीएल मैच में यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टीम की 11 रन की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की तारीफ की। कहा कि यह विश्व स्तरीय गेंदबाज खेल के किसी भी प्रारूप में दबाव झेल सकता है और उसे पता कि किसी विशेष समय पर कौन सी गेंद फेंकनी है। आखिरी ओवरों में हेजलवुड की शानदार गेंदबाजी से आरसीबी की टीम मौजूदा सत्र में अपने घरेलू मैदान पर चार मैचों में पहली जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

### मैड्रिड ओपन : उलटफेर का शिकार होने से बची इगा स्वियाटेक और गाफ



**मैड्रिड।** पिछले महीने मियामी में फिलीपीन की अलेक्जेंड्रा इयाला के हाथों क्वार्टर फाइनल हारने वाली दूसरी रैंकिंग वाली इगा स्वियाटेक एक बार फिर उलटफेर का शिकार होने से बची और इस 19 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में पहुंच गई। गत चैंपियन स्वियाटेक की नजरें इस सत्र में पहले फाइनल में पहुंचने पर लगी हैं।

मलेशिया का फैसला

## पाकिस्तान को अजलान शाह कप से किया बाहर, बाकी था भुगतान



एजेंसी ⏭ कराची

मलेशिया हॉकी महासंघ ने जोहर हॉकी संघ को 10,349 अमेरिकी डॉलर के बकाए का भुगतान नहीं करने के कारण पाकिस्तान को वार्षिक अजलान शाह कप के लिए आमंत्रित नहीं किया है।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ के एक सूत्र ने कहा कि जोहर संघ ने पीएचएफ को आधिकारिक पत्र भेजा है जिसमें अक्टूबर 2023 में टीम के साथ मलेशिया गए पीएचएफ अधिकारियों और उनके परिवारों के आवास, यात्रा और अन्य खर्चों के लिए भुगतान की जाने वाली राशि के बारे में सख्त लहजे में बताया गया है। पाकिस्तान की टीम जोहर हॉकी कप खेलने के लिए मलेशिया गई थी और पीएचएफ के कुछ अधिकारी और उनके परिवार भी टीम के साथ गए थे। एक सूत्र ने बताया, 'टीम के ठहरने और अन्य खर्चों का वहन आयोजकों को उठाना था, लेकिन पीएचएफ के अधिकारियों को बता दिया गया था कि उन्हें अपने सभी खर्च खुद ही उठाने होंगे।

ये अधिकारी भी उसी आलीशान होटल में रुके थे जहां टीमें ठहरी हुई थीं। इसमें पीएचएफ के पूर्व अध्यक्ष भी शामिल थे।' जोहर संघ ने पहले ही इस मुद्दे को मलेशिया महासंघ के समक्ष उठाया है और धमकी दी है कि अगर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया तो वे इस मामले को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के समक्ष ले जाएंगे।

### आर्थिक तंगी से जूझ रहा पीएचएफ

सूत्र ने कहा, 'पीएचएफ के मौजूदा अध्यक्ष और उनकी टीम इस मामले को लेकर परेशानी में है, क्योंकि महासंघ पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और उन्हें पीएचएफ के पूर्व अधिकारियों द्वारा किए गए इन खर्चों के बारे में जानकारी नहीं थी।' सुल्तान अजलान शाह कप का आयोजन 22 से 29 नवंबर तक इपोह में होना है।

**कार्यालय नगर परिषद भुआ बिछिया, जिला मण्डला,**
थाने के सामने, मेन रोड भुआ बिछिया, जिला मण्डला, पिन कोड - 481995

Tel. No. - 07648-232229
Fax No. - 07648-232550
E-mail: cmobichhiya@mpurban.gov.in
Website : www.nagarparishadbhuabichhiya.com

क्रमांक 22/न. परि./राजस्व/2025 भुआ बिछिया, दिनांक 22-04-2025

वाहन पार्किंग फीस वसूली ठेके पर दिये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर परिषद भुआ बिछिया द्वारा निम्न तालिका अनुसार मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण ) नियम 2016 एवं संशोधित नियम, मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित नगरीय विकास एवं आवास विभा मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, दिनांक 04 मई 2021 में दिये गये प्रावधानों के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु (01 मई 2025 से 31 मार्च 2026 तक) 11 माह की अवधि के लिये बाजार फीस वसूली ठेके पर दिये जाने हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। नगर परिषद भुआ बिछिया में ई-निविदा दरें प्रस्तुत कर सकते हैं। अतिरिक्त जानकारी इस वेबसाईट पर टेण्डर डॉक्यूमेंट पर देखी जा सकती हैं, या नगर परिषद कार्यालय की राजस्व शाखा में उपस्थित होकर भी कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती हैं।

तृतीय ई-निविदा फीस वसूली ठेकों का विवरण :-

| निविदा आई.डी. क्र. | ठेके का नाम | आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | सालवेंशी राशि | निविदा प्रपत्र राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_407925_3 | वाहन पार्किंग फीस वसूली ठेका | 5,00,600 | 51,000 | 5,00,600 | 2000 |

शर्तें :- 1. प्रत्येक निविदाकार शासन द्वारा केन्द्रीय पंजीकृत प्रणाली के पोर्टल की वेबसाईट में पंजीकृत होना अनिवार्य है, जिस नाम से आई.डी. होगी उसी नाम से निविदा ऑफर प्रस्तुत किया जावेगा। 2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 24.04.2025 को 18.30 बजे से दिनांक 30.04.2025 को 17.30 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं। 3. ऑनलाईन बिड (बोली) सबमिट करने की तिथि 30.04.2025 में 17.30 बजे तक है। 4. ई-निविदा दिनांक 01/05/2025 को 11:00 बजे से खोली जावेगी। 5. निविदा में संशोधन केवल वेबसाईट पर देख सकते हैं, अखबारों में इसका प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
जिला-मण्डला (म.प्र.)

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी पूर्व सामान्य वनमण्डल मण्डला (म.प्र.)**
Telephone 07642-252423 E-mail- dfotemand@mp.gov.in

ई - निविदा सूचना क्रमांक / 1138

सामान्य वनमण्डल पूर्व मण्डला जिसके अंतर्गत सम्पूर्ण जिला मण्डला में वित्तीय वर्ष 2025-26 में भवन एवं अन्य निर्माण कार्यो हेतु निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति के लिए पंजीकृत विक्रेताओं से सामान्य वनमण्डल पूर्व मण्डला के समस्त परिक्षेत्रों हेतु एम.पी. टेंडर (https://mptenders.gov.in) के माध्यम से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेशिफिकेशन | दर हेतु इकाई | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | सीमेंट जैसे अल्ट्राटेक सुपर, अम्बूजा कवच, रामको सुपर क्रीट, एसीसी सुरक्षा (ISI मार्का, PPC सीमेंट) ( IS 1489:1991) | प्रति बैग | आवश्य-कता अनुसार |
| 2 | ईंट | भट्टे के पके हुए ईंट मानक साईज 9"x4" x 3" अधिकतम 20 प्रतिशत जल शोषण क्षमता के साथ ( IS 1077:1992) | प्रति हजार | |
| 3 | रेत | रेत (नदी की साफ-सुथरी ) | प्रति घ.मी. | |
| 4 | गिट्टी | गिट्टी 12 MM (स्टोन क्रेशर से बनी / ठोस पत्थर से बनी) | प्रति घ.मी. | |
| 5 | गिट्टी | गिट्टी 20 MM (स्टोन क्रेशर से बनी / ठोस पत्थर से बनी) | प्रति घ.मी. | |
| 6 | गिट्टी | गिट्टी 40 MM (स्टोन क्रेशर से बनी / ठोस पत्थर से बनी) | प्रति घ.मी. | |
| 7 | लोहा | लोहा 12MM (कोल्ड टिवस्टड TMT थर्मो मेकेनिकली ट्रीटेड स्टीलवार) (IS 1786:2008) | प्रति किग्रा | |
| 8 | लोहा | लोहा 10MM (कोल्ड टिवस्टड TMT थर्मो मेकेनिकली ट्रीटेड स्टीलवार) (IS 1786:2008) | प्रति किग्रा | |
| 9 | लोहा | लोहा 08MM (कोल्ड टिवस्टड TMT थर्मो मेकेनिकली ट्रीटेड स्टीलवार) (IS 1786:2008) | प्रति किग्रा | |
| 10 | मुरूम | हार्ड मुरूम | प्रति घ.मी. | |

इस निविदा के लिये दिनांक 26.04.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किए जा रहे है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एम. पी. टेंडर (https://mptenders.gov.in) के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 16.05.2025 दोपहर 02.00 बजे तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 17.05.2025 दोपहर 03.00 बजे से रहेगी। उक्त निविदा म.प्र. वन विभाग की विभागीय बेवसाईट (https: // mpforest.gov.in) पर भी देखी जा सकेगी।

वनमण्डलाधिकारी
पूर्व (सा.) वनमण्डल मण्डला

G-11967/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)**

N.I.T क्र. 02(E.T.)/ निर्माण / न.पा.नि./2025-26 निविदा आमंत्रण सूचना सतना, दिनांक 23.04.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र.व जारी दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | वार्ड क्र. | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समया-वधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02/01 23.02.2025 | 2025_UAD_418485_1 | पी.सी.सी. नाली व पुलिया निर्माण गंगापुरम कॉलोनी के पास व सांई कॉलोनी मे | 33 | 33,48,282/- | 50,000/- | 5,000/- | 05 माह |
| 02 | 02/02 23.02.2025 | 2025_UAD_418488_1 | सी.सी. रोड निर्माण साहू मोहल्ला (पार्षद निधि) | 31 | 21,12,180/- | 42,300/- | 5,000/- | 04 माह |
| 03 | 02/03 23.02.2025 | 2025_UAD_418489_1 | नाली कवर विभिन्न स्थानों में | 29 | 17,80,709/- | 35,700/- | 2,000/- | 03 माह |
| 04 | 02/04 23.02.2025 | 2025_UAD_418491_1 | नाली निर्माण विभिन्न स्थानों में (पार्षद निधि) | 05 | 16,24,359/- | 32,500/- | 2,000/- | 03 माह |
| 05 | 02/05 23.02.2025 | 2025_UAD_418492_1 | नाली निर्माण ग्रीन फील्ड स्कूल के पीछे | 01 | 14,31,674/- | 28,700/- | 2,000/- | 03 माह |
| 06 | 02/06 23.02.2025 | 2025_UAD_418493_1 | पेवर्स रोड निर्माण गढ़िया टोला विभिन्न स्थानों में (पार्षद निधि) | 03 | 13,92,930/- | 27,900/- | 2,000/- | 03 माह |

शर्ते- 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 25.04.2025 समय 10:30 से दिनांक 24.05.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा। 2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, सतना (म. प्र.)

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन एवं सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर म.प्र.**

प्र. क्रं - 0013 / अ-82/2024-25 प्ररूप- क (नियम 4 देखिए) नरसिंहपुर दिनांक :- / /2025

राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर यथास्थिति संबंधित ग्राम पंचायत के परामर्श से निम्न भूमियों का अर्जन कराना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है। अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | परियोजना विकासक का नाम | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर म.प्र. |
| 02 | भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन | भौरझिर पटना घघरौला कोठिया बिछुया से नरवारा तिराहा मार्ग हेतु भूमि अर्जन। |
| 03 | अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण | 01. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गाडरवारा<br>02.उप संचालक सामाजिक न्याय व नि:शक्तता नरसिहंपुर<br>03. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चावरपाठा<br>04. सरपंच ग्राम पंचायत घघरौला कला<br>05. हल्का पटवारी ग्राम कुम्हडी |
| 04 | भूमि का विवरण | |
| (क) | जिला | नरसिंहपुर |
| (ख) | तहसील | गाडरवारा |
| (ग) | ग्राम/नगर | कुम्हडी |
| (घ) | कुल प्रभावित क्षेत्र | निजी भूमि 2.42 हे. |
| (ङ) | अर्जित होने वाला क्षेत्र | कुल रकबा 2.42 हे. (खसरावार सूची पृथक से संलग्न है) |
| 05. | प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण | भौरझिर पटना घघरौला कोठिया बिछुया से नरवारा तिराहा मार्ग। |
| 06 | प्रभावित क्षेत्र | प्रभावित क्षेत्र 2.42 हे. |
| 07 | क्या ग्राम सभाओं और / या भूभिधारकों की सहमति अपेक्षित है | नहीं |
| 08 | सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किए जाने की तारीख | अधिसूचना प्रकाशन के छ: माह के भीतर |

( शीतला पटले ) कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव,
मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

G-11963/25

कृषि विवि के वैज्ञानिकों ने विकसित की नई किस्में

# उड़द, मसूर की नई किस्म किसानों के लिये सौगात

हरिभूमि, जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में दलहनी फसलों के क्षेत्र में विश्वविद्यालय ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने उड़द की दो नवीन उन्नत किस्मों टीजेयू 339 एवं टीजेयू 130 साथ ही मसूर की जेएलएस 6-2 का सफलतापूर्वक विकास किया है। ये सभी किस्में कम अवधि में पकने वाली, बहुरोगरोधी तथा उच्च उत्पादकतायुक्त किस्में है। उड़द की टीजेएस 339 किस्म की पकने की अवधि मात्र 62-65 दिन है, जबकि टीजेएस 130 किस्म 60-62 दिन में तैयार हो जाती है। ये विशेष रूप से किसानों को अल्प समय में फसल तैयार करने का अवसर प्रदान करती है, जिससे वे एक ही खेत से अधिक फसलें उगा सकते हैं। उड़द की टीजेएस 339 किस्म से 16 से 18 क्विंटल प्रति हैक्टेयर तक उपज प्राप्त हो सकती है, जबकि टीजेएस 130 किस्म 15 से 17 क्विंटल प्रति हैक्टेयर उपज देती है।



## उड़द: फसल की गुणवत्ता और उपज में होगा सुधार

उड़द की खेती में पीला मोजेक रोग बहुत बड़ी समस्या मानी जाती है। जनेकृविवि द्वारा विकसित उड़द की दोनों किस्में पीला मोजेक रोक के प्रति सहनशील है इससे किसानों को जहां एक ओर पीला मोजेक रोग को रोकने के लिये रासायनिक दवाओं पर निर्भरता कम होगी, वहीं दूसरी ओर उड़द की खेती की उत्पादन लागत भी कम की जा सकेगी, जिससे फसल की गुणवत्ता और उपज में आशा के अनुकूल सुधार होगें। वर्तमान में उड़द की खेती का क्षेत्र खरीफ मौसम से हटकर जायद मौसम की ओर तेजी से स्थानांतरित हो रहा है। इसका एक प्रमुख कारण है कि खरीफ में अच्छे किस्मों के बीज की कमी महसूस की जा रही थी। ज.ने.कृ.वि.वि. द्वारा विकसित ये सभी किस्में इस कमी को दूर करेंगी एवं उड़द की खेती को खरीफ मौसम में एक नई दिशा प्रदान करेंगी।



## मसूर : नई प्रजाति अलग पहचान बनाएगी

किसानों के बीच में मसूर के बड़े दाने की मांग को देखते हुये जनेकृविवि द्वारा जेएलएस 6-2 किस्म का विकास किया गया है, जो उकठा रोग के लिये सहनशील है एवं 20-25 क्विंटल उत्पादकता प्रदान करती है। यह किस्म प्रदेश के खरीफ की धान की फसल के बाद परती क्षेत्रों के लिये अति उपयुक्त है जो कि अक्सर सिंचाई या रबी की उपयुक्त किस्मों के अभाव में परती छूट जाती है। रबी के लिये वर्षा आधारित कृषि, समय या देरी से बुवाई करने के लिये भी यह किस्म अति उपयुक्त है। देर से बोनी करने पर भी इसकी औसत उपज लगभग 16 से 18 क्विंटल/हैक्टेयर प्राप्त की जा सकती है। मसूर की खेती में उगरा रोग बहुत बड़ी समस्या मानी जाती है,जनेकृविवि की जेएलएस 6-2 उगरा रोग के प्रति सहनशील किस्म है। साथ ही इसमें बहुरोगरोधी क्षमता है और यह मसूर के प्रमुख रोगों जैसे गेरूवा और एस्कोकाइटा ब्लाइट के लिये प्रतिरोधी है। इस पर मांहू का प्रभाव भी कम होता है। आशा है कि मसूर की यह नवीन प्रजाति कृषकों के बीच में अपनी अलग पहंचान बनायेगी।



पहलगाम आतंकी घटना के कारण नहीं किया गया स्वागत सत्कार

# पहले ही दिन सवा 3 घंटे विलम्ब से पहुंची अमृत भारत ट्रेन

हरिभूमि जबलपुर।



सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुम्बई के बीच प्रारंभ हुई देश की तीसरी गाड़ी संख्या 05595 अमृत भारत ट्रेन, शुक्रवार की सुबह सवा तीन घंटा विलम्ब से चलकर ठीक 10 बजे जबलपुर स्टेशन पहुंची। बताया गया है कि पहलगाम में हाल ही में आतंकी घटना में 27 भारतीयों की असमय मौत की वजह से पूरा देश दुःखी व आक्रोशित है जिसके चलते ट्रेन के आगमन पर होने वाले स्वागत सत्कार संबंधी सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए थे। इसलिए जबलपुर स्टेशन पर नई नवेली अमृत भारत ट्रेन अन्य ट्रेनों की तरह प्लेटफार्म नम्बर-2 पर आई और लगभग 25 मिनिट के ठहराव के उपरांत गंतव्य को रवाना कर दी गई।

ट्रेन के आगमन पर उसे अटेंड करने के लिए स्टेशन डायरेक्टर संजय शर्मा, सीटीआई संदीप श्रोती, एसएमसी, डिप्टी एसएस कामर्शिलय के अलावा आरपीएफ का स्टॉफ मौजूद रहा। बताया जाता है कि ट्रेन में एक कैंसर पेसेंट यात्री भी था जिसकी अचानक तबियत बिगड़ जाने की वजह से उसे चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करवाई गई जिसके चलते ट्रेन निर्धारित समय से विलंब से रवाना की गई।

ट्रेन की खासियत देखने पहुंचे रेलकर्मचारी स्टेशन सूत्रों की मानें तो 130 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाली पूर्णतः नॉन एसी अमृत भारत ट्रेन जैसे ही प्लेटफार्म पर पहुंची की उसे देखने के लिए स्टेशन पर मौजूद रेलकर्मचारियों एवं जागरूक यात्रियों की हुजूम लग गया। बाहर से लेकर अंदर तक लोगों ने अलग अलग ढंग से तस्दीक की और ट्रेन के खासियत की सराहना की।

उल्लेखनीय है कि इस ट्रेन में कोचों में फायर डिटेक्शन सिस्टम, कोच के भीतर अत्याधुनिक लाइटिंग सिस्टम, सीसीसीटीवी कैमरे, नाश्ता एवं खाने के लिए फाल्डिंग टेबल, मोबाइल होल्डर, फोल्डेबल बॉटल होल्ड, दिव्यांग अनुकूल शौचालय, हवाई जहाज की तर्ज पर रेडियम एलिमिनेटेड फ्लोरिंग स्ट्रिप और स्प्रिंग बॉडी, अधिक गद्देदार वाली बर्थ जैसी सुविधाएं कोच के अंदर दी गई। डबल इंजन के साथ 22 कोचों से चलने वाली उक्त सुविधाओं से लबरेज इस ट्रेन में यात्री महज 450 रुपये की टिकिट खरीदकर यानि की 45 पैसा प्रति किलोमीटर का किराया चुकाकर 1000 किलोमीटर तक की यात्रा कर सकता है।

# 3 लाख के गांजे के साथ पकड़े गए 2 तस्कर

हरिभूमि जबलपुर।

सिविल लाइन थानांतर्गत मालगोदाम चौक के पास क्राइम ब्रांच की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 5 किलो का गांजा जब्त किया हैं, जिसकी कीमत 3 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच की टीम ने सिविल लाईन पुलिस के साथ



मालगोदाम चौक के पास गांजा बेचने के लिए खड़े दो आरोपी कांचघर निवासी अभिषेक पांडे और छोटी ओमती निवासी रॉबिन सोनकर को पकड़ा, जिनके पास मौजूद बैग की तलाशी लेने पर उसमें 8 पैकेट बरामद हुए। जिनमें 7 पैकेट में दो -दो किलो और एक पैकेट में एक किलो गांजा था। जब्त गांजा की कीमत करीब तीन लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही की।

आलमारी का लॉकर बनाने के बहाने चोरों ने की वारदात

# ताला-चाबी सुधारने के बहाने लाखों के जेवर किये पार

**जबलपुर।** कोतवाली थानांतर्गत दो चालवाजों ने आलमारी का ताला सुधारने के बहाने घर में रखे लाखों रुपये कीमती जेवर व 15 हजार नगदी पार कर दी। पुलिस ने दोनो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदम्बा कालोनी उखरी चेरीताल में 23 अप्रैल को दोपहर 11 बजे पंजाबी से दिखने वाले दो युवक घूम घूमकर आवाज लगा रहे थे घर के ताले चाबी आलमारी के ताले चाबी बनबा लो। इस दौरान जगदम्बा कालोनी श्रीमती सीमा पाल ने उन दोनों व्यक्तियों को कारीगर समझकर रोका और घर की आलमारी के ताले बनवाने लगे। दोनो आरोपियों ने सास, बहू के आलमारी के ताले ठीक करने लगे और बोले कि आलमारी की चाबी बनवानी पड़ेगी एक घंटे बाद आकर चाबी बना देंगे तब तक कोई चाबी नहीं लगाना और बाहर चले गये। सास, बहू ने जब कुछ देर बाद आलमारी खोलने की कोशिश की तो ताला नहीं खुला तो पड़ोसी को बुलाकर आलमारी खुलवाई तो सास, बहू दंग रह गये। आलमारी में रखे सोने के 2 मंगलसूत्र, 1 हार, 1 जोड़ी झुमकी, नगदी 15 हजार रुपये नहीं थे तब उन्हें शंका हुई कि ताला चाबी सुधारने वाले कारीगर नहीं बल्कि चोर थे। पुलिस ने धारा 331 (4), 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. ^Limited period special price is for Activa 110cc Std OBD2B variant in Madhya Pradesh State, for details on limited period special price kindly contact authorized main dealer and associate dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **CHHATARPUR:** Namostu Honda (Chhatarpur) - 9407184511, 9425815111; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444, 9993920927; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **JABALPUR:** Sahil Honda - 7771003865, 7771003887; Frontier Honda - 8226001881, 8226001882; Sahil Honda (Madan Mahal) - 7771003899, 7771003880; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 9424508485, 6262908035; MP Sahu Honda (Shahpura Dindori) - 9753156094; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) - 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782, 9479949844; **MANDLA:** Rajul Honda - 7642260711, 9893554611; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **KATNI:** Shri Sahil Honda - 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; SK Motors (Bahoriband) - 7974267080; Murli Motors (Sleemnabad) - 7999077781; Quadri Honda (Umaria Pan) - 9074210324; **SHAHDOL:** Utsav Honda - 07652-298532, 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; **SATNA:** Krishna Honda - 8109043900, 7024924444, 7225868641, 229900; Eagle Honda - 7583808564, 6267275500; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444, 9981162343; MaaDurga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313, 9584860650; **REWA:** Rewa Maa Honda - 6262613690, 6262613695; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 8982388380; N.K. Honda - N.K. Honda - 7694018001, 7694018002; Dev Wheels Honda (Mauganj) - 9685226689; M.R. Honda,Mangawan - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; **SIDHI:** Laxmipati Honda - 9826540577, 8349790577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 9713240577, 8349790577; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564, 7610332359; **WAIDHAN:** Agrasen Honda - 233016, 7049925591, 7049925593, 07805-350279; **PANNA:** Selection Honda - 9993586233; BHOPAL: Surana Honda - 4074455, 7566665646; Rajpal Honda - 4254000, 9425019567; BGS Honda - 4044441, 4231111, 8889999743; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; Power Honda (Gulmohar) - 4256062, 7880055510; BGS Honda (Kolar Road) - 4038111, 8889999481; BGS Honda (Karondh) - 08889994503; Rajpal Honda (MP Nagar Zone-2) - 2571100, 9424494542; Shubhi Honda (Udaipura) - 9893255494; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Rajeev Honda (Mandeep) - 07480401458, 07415427302; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102; **TIKAMGARH:** Arjav Honda - 9806223193, 9630828006; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264944; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084, Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; **MORENA:** The Roshan Honda - 9300422900; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240